YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-11 | अंक-342 | मंगलवार, 16 जनवरी 2024 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

प्रधानमंत्री ने मुझे मेरी किताब की प्रति भेंट करने के लिए बुलाया था। वह मेरे प्रति भी उतने ही दयालु थे, जितने वे हमेशा रहे हैं। बाबा (पिता) के लिए भी उनका सम्मान कम नहीं हुआ है।

शर्मिष्ठा मुखर्जी

बॉर्डर एरिया में आतंकी गतिविधियां बढ़ीं: आर्मी चीफ 11

मकर संक्रांति पर गंगा तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब 12

अभिजीत मुहूर्त में होगा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम: चंपत राय

एजेंसी



अयोध्या। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने सोमवार को कहा कि 22 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य रामलला के मंदिर में विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम में मध्यान्ह अभिजीत मुहूर्त में होगा।

श्री राय ने यहां श्रीराम मंदिर कार्यशाला रामघाट पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि आगामी पौष शुक्ल कूर्म द्वादशी विक्रम संवत 2080 तदनुसार 22 जनवरी को भगवान श्री रामलला के श्री विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा का पवित्र योग आ गया है। समस्त शास्त्रीय विधि का पालन करते हुए प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मध्य अभिजीत मुहूर्त में होगा। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की विधि 16 जनवरी से प्रारम्भ होकर 21 जनवरी तक चलेगी। 16 जनवरी को प्रायश्चित एवं कर्म कुटी पूजन, 17 जनवरी को मूर्ति का परिसर प्रवेश, 18 जनवरी सायंकाल तीर्थ पूजन एवं जल यात्रा, जलाधिवास एवं गंधाधिवास, 19 जनवरी प्रातः औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास सायंकाल धान्याधिवास 20 जनवरी प्रातः शर्कराधिवास, फलाधिवास, एवं सायंकाल पुष्पाधिवास 21 जनवरी प्रातः मध्याधिवास, सायंकाल शय्याधिवास, इस प्रकार द्वादश अधिवास होंगे, सामान्यतया प्राण-प्रतिष्ठा में सप्त अधिवास होते हैं। श्री राय ने बताया कि न्यूनतम तीन अधिवास चलन में हैं। अनुष्ठान में 121 आचार्य होंगे। इस अनुष्ठान के संयोजक श्रद्धेय गणेश्वर शास्त्री द्राविड़ एवं प्रमुख आचार्य श्री लक्ष्मीकांत दीक्षित काशी ● शेष पेज 11 पर

योगी ने गोरखनाथ को चढ़ाई आस्था की पवित्र खिचड़ी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार भोर में चार बजे शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ को नाथपंथ की विशिष्ट परंपरा के अनुसार आस्था की पवित्र खिचड़ी चढ़ाई। लोकमंगल की कामना की। गोरक्ष पीठाधीश्वर के बाद नेपाल राजवंश की ओर से खिचड़ी चढ़ाई गई। फिर नाथ योगियों, साधु संतों ने खिचड़ी चढ़ाकर पूजा अर्चना की। इसके साथ मंदिर के गर्भगृह के कपाट को आमजन के लिए खोल दिया गया। गोरखनाथ मंदिर में लाखों की संख्या में श्रद्धालु महायोगी को खिचड़ी चढ़ाने के लिए उमड़े हैं।

मकर संक्रांति पर गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने नाथपंथ की परंपरा के अनुसार जमीन पर बैठ कर गुरु गोरखनाथ को प्रणाम कर आदेश लिया। फिर विधि विधान से पूजन कर गोरक्षपीठ की ओर से श्रीनाथ जी को खिचड़ी चढ़ाई। मकर संक्रांति के पावन पर्व पर शिवावतार गुरु गोरखनाथ को लोक आस्था की खिचड़ी चढ़ाने लाखों श्रद्धालु कड़ाके की ठंड के बीच गोरखनाथ मंदिर में उमड़े हुए हैं। सुख समृद्धि एवं आरोग्य की मंगलकामना को लेकर उत्तर प्रदेश, बिहार समेत अन्य राज्यों और पड़ोसी देश ● शेष पेज 11 पर

आस्था

- मकर संक्रांति पर श्रीनाथ जी का विधिविधान से पूजन कर की लोकमंगल कामना
- गोरखनाथ मंदिर में बाबा को खिचड़ी चढ़ाने उमड़ा आस्था का सैलाब

संक्षेप

कतर्नियाघाट वन्यजीव क्षेत्र में मिला बाघिन का शव

बहराइच। उत्तर प्रदेश में बहराइच ज़िले के कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग के सदर बीट से निकलने वाले चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज में एक बाघिन का शव उतराता मिला है। वन कर्मियों ने बाघिन के शव को पानी से बाहर निकलवाया। इसके बाद उसे रेंज कार्यालय पोस्टमार्टम के लिए लाए हैं। वन विभाग के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में रविवार की शाम को कतर्नियाघाट रेंज के सदर बीट के निकलने वाली चौधरी चरण सिंह घाघरा बैराज के गेट नंबर 19 में पानी में एक बाघिन मृत मिली है। बाघिन के शव मिलने की जानकारी होने से वन विभाग में हड़कंप मच गया। इसकी सूचना वन क्षेत्राधिकारी अनूप कुमार, एसडीओ रमेश चौहान और डीएफओ बी शिवकुमार को दी गई। वन कर्मियों की टीम ने बाघिन के शव को बैराज से बाहर निकलवाया। इसके बाद उसके पोस्टमार्टम के लिए शव को रेंज कार्यालय लेकर आए।

नौ वर्ष में 24.82 करोड़ लोग गरीबी से उबरे: नीति आयोग

नयी दिल्ली। नीति आयोग के सोमवार को जारी एक परिचर्चा पत्र में कहा गया है कि भारत पिछले नौ वर्षों में 24.82 करोड़ आबादी को 'बहुआयामी गरीबी' से बाहर निकालने में सफल हुआ है। आयोग की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, '2005-06 से भारत में बहुआयामी गरीबी' शीर्षक वाले चर्चा पत्र का निष्कर्ष है कि 2013-14 से 2022-23 के बीच देश में कुल 24 करोड़ 82 लाख लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इस चर्चा-पत्र के अनुसार यह सफलता गरीबी के सभी पहलुओं से निपटने के लिये केंद्र सरकार द्वारा उठाये गये विभिन्न महत्वपूर्ण कदमों के चहले प्राप्त हुई है।

सीतापुर में चीनी मिल में बॉयलर फटा, तीन की मौत

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में सीतापुर जिले के रामकोट क्षेत्र में सोमवार को डालमिया चीनी मिल जवाहरपुर में बॉयलर के पास वेल्डिंग कर रहे तीन लोगों की फर्मेंटेशन टैंक फटने से मृत्यु हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दुर्घटना पर शोक जताते हुए काल-कवलित हुए लोगों की आत्मा के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है और उनके परिजनों के प्रति शोक संवेदना प्रकट की है। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारी को तत्काल घटनास्थल पर पहुंचने और हादसे में घायल व्यक्तियों के समुचित उपचार के प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं।

विमान में यात्रियों का खराब व्यवहार अस्वीकार्य: सिंधिया

नयी दिल्ली। उड़ान में देरी के बारे में घोषणा करते समय इंडिगो के पायलट पर एक यात्री द्वारा हमला किए जाने की घटना के मद्देनजर नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सोमवार को कहा कि यात्रियों का खराब व्यवहार अस्वीकार्य है। सिंधिया ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि सभी हितधारक कोहरे से संबंधित प्रभाव को कम करने के लिए चौबीसों घंटे काम कर रहे हैं। रविवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर इंडिगो के विमान में एक यात्री द्वारा पायलट पर हमला किए जाने की पृष्ठभूमि में मंत्री ने कहा कि खराब व्यवहार अस्वीकार्य है।

कल्याणकारी योजनाओं से कोई वंचित नहीं होगा

पीएम ने एक लाख परिवारों को ढाई-ढाई लाख दिए

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज कहा कि उनकी सरकार ऐसे लोगों तक पहुंच रही है जिनकी कभी परवाह नहीं की गयी और इसी कड़ी के तहत 'पीएम-जनमन' महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सरकारी योजनाओं से लाभान्वित करना है।

श्री मोदी ने सोमवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधान मंत्री आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रधान मंत्री आवास योजना - ग्रामीण (पीएमएवाई - जी) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी की। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने पीएम-जनमन के लाभार्थियों से बातचीत भी की। लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पक्के घरों के निर्माण के लिए उनके बैंक खातों में धनराशि के हस्तांतरण का उल्लेख करते हुए कहा, एक तरफ, अयोध्या में दिवाली मनाई जा रही है, वहीं अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के एक लाख लोग भी दिवाली मना रहे हैं। श्री मोदी ने पिछले दस वर्षों में गरीबों के लिए चार करोड़ स्थायी घरों के निर्माण का उल्लेख करते हुए कहा, पीएम-जनमन महाअभियान का लक्ष्य आदिवासी समुदाय के प्रत्येक सदस्य को सरकारी योजनाओं के माध्यम से लाभान्वित करना है। दो महीने के भीतर, पीएम-जनमन मेगा अभियान ने ऐसे परिणाम हासिल किए हैं जिनका अन्य लोग केवल सपना देख सकते हैं।ङ्क भगवान बिरसा मुंडा की जयंती पर पीएम-जनमन के उद्घाटन के दौरान की चुनौतियों को याद करते हुए, प्रधान मंत्री ने देश के दूर-दराज, सुदूर और सीमावर्ती क्षेत्रों, जो आदिवासी समुदायों का घर है, तक लाभ पहुंचाने में आने वाली कठिनाइयों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार ने दूषित पानी, बिजली, गैस कनेक्शन की पहुंच न होने और ऐसे क्षेत्रों में सड़कों और कनेक्टिविटी की कमी की चुनौतियों का सामना किया। जनमन योजना के नाम पर प्रधान मंत्री ने कहा, ल्ल जन' का अर्थ है लोग और 'मन' का अर्थ है उनके 'मन की बात' या उनकी आंतरिक आवाज। उन्होंने दोहराया कि आदिवासी समुदायों की सभी इच्छाएं अब पूरी होंगी क्योंकि सरकार ने पीएम-जनमन मेगा अभियान पर 23,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने की योजना बनाई है। श्री मोदी ने कहा कि देश तभी विकसित हो सकता है जब समाज में कोई भी पीछे न छूटे और सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि ● शेष पेज 11 पर

जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं उनको मोदी पूछता भी है और पूजता भी है: प्रधानमंत्री

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि त्रेता युग में राजा राम की कथा हो या आज की 'राज-कथा', यह गरीब, वंचित और जनजातीय लोगों के कल्याण के बिना संभव ही नहीं है। उन्होंने कहा कि उनके नेतृत्व वाली सरकार इसी सोच के साथ लगातार काम कर रही है और इसी का प्रतिफल है कि जिनको कभी किसी ने पूछा नहीं, उनको मोदी आज पूछता भी है और पूजता भी है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के एक लाख लाभार्थियों को पहली किस्त जारी करने के बाद वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से अपने संबोधन में मोदी ने यह भी कहा कि उनकी सरकार के 10 साल गरीबों को समर्पित रहे। उन्होंने कहा, ''त्रेता में राजा राम की कथा हो या आज की राज-कथा बिना गरीब, बिना वंचित, बिना वनवासी भाई-बहनों के कल्याण के संभव ही नहीं है। इसी सोच के साथ हम लगातार काम कर रहे हैं।

सशस्त्र बलों की मजबूती और सैनिकों का कल्याण सरकार का संकल्प : राजनाथ

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



लखनऊ। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार सशस्त्र बलों की मजबूती और सेवारत सैनिकों के साथ ही पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

लखनऊ में 76वें सेना दिवस पर 'शौर्य संध्या' के अवसर पर श्री सिंह ने कहा कि सेना,नौसेना और वायु सेना दिवस को दिल्ली के बाहर मनाने का विचार देश की परंपरा और सैन्य प्रगति को लोगों तक ले जाना है। हमारी सेना नए नवाचारों के माध्यम से सकारात्मक बदलाव लाने के साथ-साथ परंपरा पर भी ध्यान केंद्रित करती है। उन्होंने सशस्त्र बलों को मजबूत करने के सरकार के संकल्प को दोहराते हुये कहा कि वित्त मंत्रालय बिना किसी हिचकिचाहट के रक्षा मंत्रालय द्वारा मांगी गई धनराशि जारी करता है, जो सैनिकों के प्रति सरकार के समर्पण का प्रतीक है। सरकार न केवल सेवारत सैनिकों, बल्कि पूर्व सैनिकों के कल्याण के लिए भी पूरी तरह प्रतिबद्ध है। 'वन रैंक वन पेंशन' योजना, स्वास्थ्य देखभाल और पुनः रोजगार के अवसर प्रदान करने समेत सैनिकों की भलाई के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होने कहा कि देश की सुरक्षा में पूर्व सैनिकों के योगदान को विस्मरित नहीं किया जा सकता और उनका सम्मान करना लोगों की नैतिक और राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। इस अवसर पर श्री सिंह ने पहले दिन का पोस्टल कवर भी लॉन्च किया। लखनऊ छावनी में आज 76वें सेना दिवस समारोह के हिस्से के रूप में एक सैन्य और युद्ध प्रदर्शन 'शौर्य संध्या' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री के अलावा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख स्टाफ जनरल मनोज पांडे समेत कई गणमान्य शामिल हुये। इस मौके पर ● शेष पेज 11 पर

विधानसभा अध्यक्ष के आदेश के खिलाफ उद्धव गुट न्यायालय पहुंचा

नयी दिल्ली। जून 2022 में विभाजन के बाद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट को वास्तविक राजनीतिक दल घोषित करने के विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर के आदेश को चुनौती देते हुए शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की।

विधानसभाध्यक्ष ने शिंदे सहित सत्तारूढ़ खेमे के 16 विधायकों को अयोग्य ठहराने की ठाकरे गुट की याचिका को भी खारिज कर दिया था। अयोग्यता याचिकाओं पर अपने फैसले में 10 जनवरी को विधानसभा अध्यक्ष ने प्रतिद्वंद्वी खेमों के किसी भी विधायक को अयोग्य नहीं ठहराया था। इस फैसले ने मुख्यमंत्री के रूप में शिंदे की स्थिति को और मजबूत कर दिया। शिंदे ने 18 महीने पहले ठाकरे के खिलाफ विद्रोह का नेतृत्व किया था।

बसपा अकेले दम पर लड़ेगी लोकसभा चुनाव: मायावती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। 'इंडिया' गठबंधन में शामिल होने की अटकलों को विराम देते हुये बहुजन समाज पार्टी (बसपा) सुप्रीमो मायावती ने सोमवार को कहा कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा चुनाव दलित,पिछड़े,गरीब और अल्पसंख्यकों के साथ अकेले दम पर लड़ेगी।

अपने 68वें जन्मदिवस के मौके पर आयोजित प्रेस कांफ्रेन्स में सुश्री मायावती ने कहा कि गठबन्धन को लेकर पार्टी का मानना है कि इस मामले में अभी तक का अनुभव यही रहा है कि गठबन्धन करके चुनाव लड़ने से उनकी पार्टी को फायदा कम व नुकसान ज्यादा होता है तथा इससे पार्टी का वोट प्रतिशत भी कम हो जाता है और फिर बसपा से गठबन्धन करने वाली पार्टी को पूरा फायदा पहुँच जाता है। यही मुख्य वजह है कि देश में अधिकांशः पार्टियाँ बसपा से गठबन्धन करके चुनाव लड़ना चाहती है, जबकि हमें बसपा के हित को भी देखना जरूरी है जिसे मद्देनजर रखते हुये अब बसपा के लिए पार्टी व मूवमेन्ट के ● शेष पेज 11 पर

देश की सेवा करने का अवसर देती है एनसीसी : केजरीवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नयी दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने देश को दिए गए नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) के महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी अनुशासन और साहस के साथ देश की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है।

श्री केजरीवाल ने सोमवार को यहाँ दिल्ली कैंट में डीजी एनसीसी गणतंत्र दिवस परेड कैंप के निरीक्षण के दौरान एनसीसी के महत्वपूर्ण योगदान को जमकर सराहा। उन्होंने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि एनसीसी अनुशासन और साहस के साथ देश की सेवा करने का अवसर प्रदान करता है। एनसीसी ने अपने देश के युवाओं को ऊर्जावान, उद्यमी और एक जिम्मेदार नागरिक बनाने में अहम भूमिका निभाई है। एनसीसी प्रशिक्षण का उद्देश्य देश की वर्तमान चुनौतियों के साथ तालमेल बैठाकर कैडेट्स का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने कहा, हमारे देश के भविष्य के रूप में खड़े एनसीसी कैडेट्स के बीच उपस्थित होना उनके लिए बहुत वर्ग की बात है। हमारा देश अपनी विविध संस्कृति, विभिन्न भाषाओं और धर्मों के साथ 'विविधता में एकता' का एक उत्कृष्ट उदाहरण पेश करता है। 'एकता और अनुशासन' के अपने आदर्श वाक्य के साथ एनसीसी भारत के संविधान में निहित देशभक्ति और धर्म निरपेक्ष मूल्यों को मजबूत करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई है। उन्होंने कहा कि एनसीसी कैडेट्स ने नशा मुक्ति, पृथ्वी बचाओ, स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, पर्यावरण बचाओ और ● शेष पेज 11 पर

अगले तीन दिन पड़ सकती है कड़ाके की ठंड, ताजा बर्फबारी से बढ़ेगी मैदानी इलाकों में गलन

अभी और सितम ढाएगी सर्दी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सूर्य के उत्तरायण होते-होते एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने का माहौल बन गया है। सोमवार की रात से सक्रिय होने वाले इस विक्षोभ के चलते न सिर्फ उत्तर भारत के कुछ राज्यों में बारिश की संभावनाएं बनी हैं, बल्कि पहाड़ी इलाकों पर ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार रात से लेकर गुरुवार तक मैदानी इलाकों में जबरदस्त ठंड और गलन पड़ सकती है। जबकि इन्हीं इलाकों में अभी भी लगातार कोहरा बढ़ता जाएगा। वहीं बढ़े हुए कोहरे के चलते सोमवार को भी देश की राजधानी दिल्ली के हवाई अड्डे पर यातायात व्यवस्था चरमराई रही। दोपहर 12 बजे तक कई उड़ानों को अलग-अलग एयरपोर्ट के लिए डायवर्ट किया गया, जबकि 100 से ज्यादा उड़ानें एक बार फिर से देरी से उड़ीं।

मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक सोमवार देर शाम से पश्चिमी हिमालय क्षेत्र में पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता बढ़ने वाली है। इसके चलते हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर के ऊपरी हिस्सों में ताजा बर्फबारी होगी। मैदानी इलाकों समेत उत्तराखंड के कई हिस्सों में बारिश का अनुमान किया जा रहा है। अनुमान यही लगाया जा रहा है कि विक्षोभ के चलते उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों समेत मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में बारिश हो सकती है। मंगलवार से लेकर गुरुवार तक अलग-अलग हिस्सों में बारिश का अनुमान है। बारिश के चलते कुछ इलाकों में तापमान में अंतर देखा जा सकता है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक डॉ. दीपांशु यादव कहते हैं कि कुछ इलाकों में ताजा बर्फबारी का भी अनुमान लगाया जा रहा है। सात हजार फीट से लेकर नौ हजार फीट पर ताजा बर्फबारी हो सकती है। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों के भीतर बदले मौसम के चलते तकरीबन 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाएं मैदानी इलाकों में गलन बढ़ा सकती हैं। इसी वजह से मौसम विभाग का अनुमान है कि सोमवार रात से लेकर गुरुवार दोपहर तक पंजाब हरियाणा उत्तर प्रदेश उत्तराखंड के मैदान इलाको समेत चंडीगढ़ राजस्थान और मध्यप्रदेश के हिस्सों में न्यूनतम से लेकर अधिकतम पारे के गिरने का अनुमान बना हुआ है। अभी उत्तर भारत के कुछ इलाकों में तीन डिग्री से लेकर सात डिग्री सेल्सियस का तापमान बना हुआ है। अनुमान के मुताबिक अगले तीन दिनों में इसी तरह का तापमान बना रह सकता है।

कांग्रेस नेताओं की सरयू में डुबकी पर भाजपा का तंज

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। प्रभु रामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में आने से मना करने वाली कांग्रेस के नेताओं का समूह सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर अयोध्या पहुंच कर डुबकी लगाई तो भाजपा ने तंज कसा है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व उत्तर प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा, राष्ट्रीय प्रवक्ता अखिलेश प्रताप सिंह, यूपी विधान सभा में कांग्रेस की नेता विधान मण्डल दल आराधना मिश्रा मोना व अन्य नेताओं ने सरयू जी में स्नान किया।

इस पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा कि कांग्रेस केवल स्टंटबाजी कर रही है। डुबकी लगाने वाली कांग्रेस को यह बताना चाहिए कि इससे पहले वह लोग कब डुबकी लगाने गए हैं। राकेश त्रिपाठी कहते हैं कि सच यह है कि कांग्रेस हमेशा मजहबी तुष्टीकरण करती रही है।

सच यह है कि कांग्रेस ने अयोध्या के विकास को लेकर कभी कोई कदम नहीं उठाया। इससे पहले कांग्रेस के साथी एलाइंस भी अयोध्या का विकास करने का कार्य नहीं किया। आज जब अयोध्या का चतुर्मुखी विकास हो रहा है। पूरा देश राममय हो रहा है। यह स्थिति देखकर कांग्रेस को यह लगने लगा कि भारतीय जनता पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। इसलिए कांग्रेस लाभ लेने का यह असफल प्रयास कर रही है।

प्रथम स्नान प्रयागराज शहर में माघ मेले का शुभारंभ हुआ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । माघ मेला के प्रथम शाही स्नान मकर संक्रांति पर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम तट पर 6 डिग्री तापमान और ठंड के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी। सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। प्रशासन का दावा है कि सुबह 10 बजे तक करीब आठ लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने स्नान किया। मेला प्रशासन के कुम्भ मेला अधिकारी, प्रयागराज, विजय किरण आनंद के मुताबिक शाम 4 तक करीब 17.50 लाख श्रद्धालुओं ने संगम में स्नान किया। सूरज ढलने तक श्रद्धालुओं के संगम में स्नान का आंकड़ा बढ़ने का अनुमान है। आज तड़के भोर में करीब तीन बजे सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करते ही श्रद्धालुओं द्वारा स्नान का सिलसिला शुरू हो गया था।

मकर संक्रांति के दिन, 15 जनवरी 2024 को, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज शहर में माघ मेले का शुभारंभ हुआ। सबसे पहले शाही अखाड़ों ने डुबकी लगाई उसके बाद लाखों श्रद्धालुओं ने संगम में पवित्र डुबकी लगाई। कोहरे और ठंड के बीच सिर पर गठरी, हाथों में झोला लिए, श्रद्धालुओं का जनसैलाब सोमवार को संगम पर स्नान के लिए उमड़ पड़ा। संगम जाने वाले सभी मार्गों पर लंबा कारवां लगा था। मेला प्रशासन ने सुबह 10 बजे तक 8.70 लाख श्रद्धालुओं के डुबकी लगाने का दावा किया। प्रथम पुण्य की डुबकी के साथ ही 54 दिवसीय माघ मेले का आरंभ हो गया।

माघ मेला भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है। यह मेला हिंदू धर्म के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इस दिन, श्रद्धालु संगम में डुबकी लगाकर अपने पापों से मुक्ति पाने की कामना करते हैं।

'माघ मेले की तैयारियां'

मकर संक्रांति के अवसर पर आयोजित

मकर संक्रांति पर संगम में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई आस्था की डुबकी

होने वाला माघ मेला भारत के सबसे बड़े धार्मिक मेलों में से एक है। इस बार का माघ मेला महाकुंभ के ट्रायल के रूप में आयोजित किया जा रहा है। मेला क्षेत्र करीब 786 हेक्टेयर में फैला है, जिसे 5 सेक्टरों में बांटा गया है। प्रत्येक सेक्टर में संतों, भक्तों और कल्पवासियों के लिए शिविर बनाए गए हैं। मेला क्षेत्र में आठ स्नान घाट बनाए गए हैं, जिनकी लंबाई 3300 फीट है। कल्पवासी और संत छह पांटून पुलों से होकर मेला क्षेत्र में प्रवेश करेंगे। इस बार 4300 संस्थाओं को मेले में भूमि आवंटित की गई हैं। श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान के लिए 3.5 किमी दायरे में डीप वाटर बैरिकेडिंग के साथ करीब सात स्थानों पर खोया-पाया केंद्र भी स्थापित किए गए हैं।मेला क्षेत्र में 85 किमी लंबे चकर्ड

विकसित भारत संकल्प यात्रा में पहुंचे केंदीय राज्यमंत्री

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ ,विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी वैन सोमवार को मोहनलालगंज क्षेत्र के भसंडा गांव पहुंची जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केंद्र सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में बताया एवं दर्जन भर पात्रों को आयुष्मान कार्ड वितरित किया।वही बिंदौवा गांव पहुंच कर प्राचीन झंडेश्वार महादेव मंदिर परिसर में साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की।मोहनलालगंज के ग्राम भासंडा पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा की मोदी वैन ग्राम प्रधान ललित शुक्ला द्वारा आयोजित चौपाल में पहुंचे स्थानीय सांसद एवं केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने केंद्र सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।केंदीय राज्यमंत्री ने कहा कि भारत में विकास नया कीर्तिमान बना रहा है गांव से लेकर शहर तक एक समान रफ्तार दी जा रही है। डबल इंजन की सरकार की योजानाओ का लाभ सीधे अन्तिम पायदान पर खड़े आदमी को मिले इसी के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है।उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि आपके द्वार आकार आप सभी पात्रों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल सके इसके लिए ये मोदी वैन आप सभी के बीच में आकर मौके पर ही पात्र लोगो को लाभ मुहैया करा रही है।कार्यक्रम में नौनीहाली बच्चे का अन्नप्राशन भी मुख्य अतिथि द्वारा कराया गया।केंद्रीय राज्यमंत्री ने मौजूद महिलाओ से अपील भी किया कि आगामी 10फरवरी को मोहनलालगंज विधान सभा क्षेत्र में महिला सेमी क्वाटर दौड़ का आयोजन किया जायेगा।जिसमें क्षेत्र की महिलाओ को साड़ी पहन कर दौड़ना होगा जो देश की पहली दौड़ होगी जिसमे ज्यादा से ज्यादा लोग शामिल होकर भागीदारी दे।उन्होने कहा दौड़ की विजेता महिलाओ को नगद पुरूस्कार से सम्मानित किया जायेगा।केंदीय राज्यमंत्री ने खेतो में कीटनाशक नैनो उर्वरक के छिड़काव के लिए बनाए गए ड्रोन सिस्टम का डेमो भी लिया।जो लगभग 5 मिनट में एक एकड़ खेत में खाद एवं कीट नाशक दवाओं का छिड़काव कर सकता है।समापन पर मौजूद सभी को शपथ दिलाई गई।इस मौके पर तहसीलदार आनंद तिवारी,प्रधान ललित शुक्ला,भाजपा जिला मिडिया संयोजक अशोक तिवारी,पूर्व जिला महामंत्री बलीराम वर्मा, बीडीओ पूजा सिंह, एडीओ अशोक यादव,साकेत त्रिपाठी,आर के शुक्ला,सतीश शुक्ला,गोविंद तिवारी,शिव नारायण बाजपाई,क्षेत्रीय मंत्री विकास सिंह,भाजयुमो जिलाध्यक्ष धीरू पाण्डेय,श्रीनाथ तिवारी,उमाशंकर त्रिवेदी,आशुतोष शुक्ला सहित तमाम लोग मौजूद रहे।वही मोहनलालगंज विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कनेरी में प्रधान ब्रजेश वर्मा द्वारा प्राचीन आलदेव मंदिर में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक मेले के समापन पर पहुंचे केंदीय राज्यमंत्री ने मंदिर में पूजा अर्चना कर मेले का समापन किया।

केंदीय राज्यमंत्री ने प्राचीन मंदिर में की साफ-सफाई

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज के बिंदौवा गांव के प्राचीन झंडेश्वर मंदिर में सतीश शुक्ला के साथ साफ-सफाई कर पूजा अर्चना की।केंद्रीय राज्यमंत्री ने कहा कि आगामी 22 जनवरी को वर्षों की प्रतीक्षा समाप्त होने जा रही है अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रभु श्री राम भव्य मंदिर में विराजमान होने जा रहे हैं।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व तक देश के तीर्थ स्थानों एवं मंदिरों की साफ-सफाई करने और स्वच्छता का अभियान चलाने की अपील की है।मंत्री ने मौजूद लोगो से कहा कि मंदिर जनमानस की आस्था के केंद्र हैं।उन्हें स्वच्छ और सुंदर रखना हमारी आप सबकी जिम्मेदारी है।

नैफ़ेड ने शुरू किया अतिरिक्त मोबाइल वैनों का संचालन, दिखाई हरी झंडी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ । खुदरा बाजार में आटा और दाल की बढ़ती कीमतों को थामने के लिए भारत सरकार की योजना के अंतर्गत खुदरा ग्राहकों व उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर भारत आटा 27.5 प्रति किलो व भारत चना दाल 60 प्रति किलो पूरे प्रदेश में उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके अंतर्गत नैफ़ेड उत्तर प्रदेश द्वारा सोमवार को लखनऊ के अनेक सेल पॉइंट पर अतिरिक्त मोबाइल वैन का संचालन शुरू किया गया। इस मौके पर नैफ़ेड के स्टेट हेड, उत्तर प्रदेश, रोहित जैमन व असिस्टेंट मैनेजर आदित्य द्विवेदी ने बताया कि 25 मोबाइल वैनो को शुरू करने का लक्ष्य है, हालांकि 10 पहले से मोबाइल वैने चल रही है कुछ को और हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है, जो शहर के अलग अलग चौराहो दिखेंगी। जिससे जरूरतमंद लोगो को और सुविधा होगी। उन्होने बताया कि इन वैनों पर प्रति व्यक्ति पूरी पारदर्शी तरीके से सामान दिया जा रहा है और किसी भी तरह से कालाबाजारी ना होने पाए इस पर पूरी नजर भी रखी जा रही है। वहीं उन्होने यह भी बताया कि मोबाइल वैनो पर फिलहाल भारत चना दाल व भारत आटा मिल रहा है और जल्द ही मूंग की दाल और चावल भी मिलने लगेगा। उन्होने बताया कि इन अतिरिक्त मोबाइल वैन द्वारा भारत आटा 27.5 प्रति किलो व भारत चना दाल 60 प्रति किलो लखनऊ के अनेक प्रमुख स्थलों व चौराहों जिनमें चौक, टेढ़ीपुलिया, पत्रकार पुरम, भूतनाथ मार्केट, परिवर्तन चौक, कैसरबाग, नहरिया, आशियाना, तेलीबाग, पाण्डेयगंज व डालीगंज इत्यादि पर उपलब्ध कराया जाएगा। वहीं यह भी बताया कि प्रयागराज के संगम पर भी वैन लगाने का प्रयास किया जा रहा है जल्द ही संगम पर मौजूद लोगो को मोबाइल वैन का लाभ मिलेगा। नैफ़ेड द्वारा अतिरिक्त मोबाइल वैन का संचालन नैफ़ेड स्टेट हेड, उत्तर प्रदेश, रोहित जैमन द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुरू किया गया।

भारत आटा व भारत चना दाल के साथ जल्द ही मोबाइल वैनों पर मिलेगा चावल और मूंगदाल

फीडबैक भी ले रही टीम

बताया कि मोबाइल वैनो पर मिलने वाले भारत आटा व भारत चना दाल समेत अन्य सामानों को लेकर फीडबैक टीम भी बनाई गई है, जो फीडबैक टीम अलग चल रही है वह सामान लेने वाले ग्राहको से सम्पर्क कर उनका फीडबैक भी ले रही है।

गोमती नगर विस्तार में दो अवैध प्लाटिंग ध्वस्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। सोमवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण ज़ोन 1 के प्रवर्तन दस्ते ने गोमती नगर विस्तार में दो अवैध प्लाटिंग को बुलडोज़र चला कर ध्वस्त कर दिया। प्रवर्तन जोन 1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा गोमती नगर विस्तार के सेक्टर-7 में एम्मार कालोनी के सामने ग्राम-सरसवां में लगभग 15 हेक्टेयर क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए कालोनी विकसित की जा रही थी। वहीं एम्मार कालोनी, 24 कार्स के सामने विशाल मेहरोत्रा व अखण्ड प्रताप सिंह द्वारा लगभग 22,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन दोनों अवैध प्लाटिंग के खिलाफ विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश जारी किये गये थे। जिसके चलते सोमवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह, अवर अभियंता सुरेन्द्र द्विवेदी द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाने के पुलिस बल के सहयोग से इस अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया।

विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित

मोहनलालगंज।मोहनलालगंज के बरवलिया व कुशमौरा गांवो में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम आयोजित कर ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की ग्रामीणो को जानकारी दी। कुसमौरा में 180 मीटर इंटर लॉकिंग मार्ग का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा फीता काट कर किया गया। उक्त कार्यक्रमो में मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, एससी मोर्चा के पूर्व जिला मंत्री हंसराज रावत, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रधान टबरवलिया त्रिवेणी प्रसाद, बीडीसी मनोज कश्यप व प्रभु दयाल, वीरेंद्र अवस्थी,श्रीधर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

विकसित संकल्प यात्रा पहुंची गांव खूंटी बुजुर्ग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

औरंगाबाद-खीरी। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार योजना के अंतर्गत खूंटी बुजुर्ग में ग्राम स्तरीय विकसित भारत संकल्प यात्रा की बैठक संपन्न हुई बैठक

गांव खूंटी बुजुर्ग पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

विकसित भारत संकल्प यात्रा से ग्रामीणों को मिली केंद्रीय योजनाओं की जानकारी

की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष श्याम किशोर तिवारी पग्गु द्वारा की गई बैठक का संचालन ग्राम विकास अधिकारी विवेक सिन्हा ने करते हुए शासन द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में विस्तृत रूप से प्रकाश डाला इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्याम किशोर अवस्थी ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी आम जनता को देते हुए समस्त नागरिकों को शपथ दिलाते हुए सन 2047 तक भारत को आत्म निर्भर बनाए जाने का संकल्प दिलाया। बाल विकास परियोजना द्वारा अन्नप्राशन कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष व उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा ने उपस्थित बच्चों को अन्न प्रासन्न कराकर फलों की किट व नकद राशि प्रदान की इस अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि सौरभ अवस्थी ने समस्त मंचासीन सदस्यों का स्वागत कर मकर संक्रांति के पावन असर पर खिचड़ी भोज कराया बैठक में मुख्य रूप से भाजपा उपाध्यक्ष भारत सक्सेना,कमलाकांत दीक्षित तथा विकास खंड के अधिकारी कर्मचारी व ग्राम पंचायत के तमाम लाभार्थी व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

क्रिकेट टूर्नामेंट का अमरेन्द्र भारद्वाज ने किया उद्घाटन

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सोमवार को टिकरा जुगराज पुर स्थित एक मैदान में क्रिकेट टूर्नामेंट का सदस्य जिला पंचायत अमरेन्द्र भारद्वाज फीता काट कर उद्घाटन किया। क्षेत्र के टिकरा जुगराज पुर में वार्ड संख्या -19 के सदस्य जिला पंचायत अमरेन्द्र भारद्वाज ने फीता काट खेल का शुभारंभ करते हुए खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर उनके साथ बल्लेबाजी कर खेल का आनन्द भी उठाया। बताया कि यह खेल शरीर को स्वस्थ रखता है, सभी युवाओं को इस खेल में शामिल होना चाहिए। इस अवसर पर श्री भारद्वाज के साथ मौजूद लोगों ने भी क्रिकेट खेल का आनन्द लिया।

लखनऊ मण्डल में मरम्मत कार्य के चलते मुरादाबाद की दो ट्रेनें होंगी प्रभावित

मुरादाबाद। उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सुधीर सिंह ने सोमवार को बताया कि लखनऊ मण्डल (उत्तर रेलवे) के लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या, कैंट-शाहगंज-जाफराबाद रेलखंड में विकास सम्बंधित मरम्मत कार्य दो ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। इस रूट पर मुरादाबाद मण्डल में संचालित होने वाली दो रेलगाड़ियों पर 19 जनवरी से 22 जनवरी तक इसका असर पड़ेगा।

सीनियर डीसीएम सुधीर सिंह ने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 14205 अयोध्या कैंट-दिल्ली एक्सप्रेस अपना जेसीओ (यात्रा प्रारंभ से अपने गंतव्य तक का सफर) 20 जनवरी, 21 जनवरी तथा 22 जनवरी को गाड़ी का संचालन प्रारंभिक रेलवे स्टेशन अयोध्या कैंट के स्थान पर सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन से किया जायेगा तथा जेसीओ 20 जनवरी, 21 जनवरी तथा 22 जनवरी को परिवर्तित मार्ग सुल्तानपुर-लखनऊ मार्ग से गाड़ी का संचालन किया जायेगा।

सीनियर डीसीएम ने आगे बताया कि रेलगाड़ी संख्या 14206 (दिल्ली-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस) जेसीओ 19 जनवरी, 20 जनवरी तथा 21 जनवरी को परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर मार्ग से संचालन करते हुए सुल्तानपुर स्टेशन तक ही चलाई जाएगी। उपरोक्त जेसीओ में गाड़ी संख्या 14206 अयोध्या कैंट तक नहीं जाएगी। उपरोक्त जेसीओ में गाड़ी का अंतिम स्टेशन सुल्तानपुर रेलवे स्टेशन होगा।

प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर निकलेगी भव्य रामेण दर्शन यात्रा

फिरोजाबाद। अयोध्या में प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा की पूर्व संध्या पर 21 जनवरी को भव्य रामेण दर्शन यात्रा दोपहर 12 बजे से गाजे बाजे के साथ शहर में निकलेगी। जिसमें रामायण के सभी पात्रों के स्वरूप शामिल रहेंगे। यह उद्गार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चन्द्रनगर विभाग के विभाग प्रचारक प्रमोद ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सोमवार को व्यक्त किए। उन्होंने बताया कि भव्य रामेण दर्शन यात्रा आने वाले रविवार को 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे गांधी पार्क चौराहा से शुरू होगी। यहां से सेंट्रल चौराहा, काली मंदिर, बर्फखाना चौराहा, जलेसर रोड होते हुए गोपालाश्रम पर पहुंचेगी। जहां प्रभु श्रीराम, सीता माता, भाई लक्ष्मण एवं रामायण के अन्य पात्रों के स्वरूपों की आरती का कार्यक्रम रहेगा। उन्होंने सभी सनातनी एवम रामभक्तों से आग्रह किया है कि वह अपने बच्चों को भी इस दर्शन यात्रा का सहभागी बनाएं अर्थात रामायण के पात्र के रूप में सुसज्जित करें एवं पूरे परिवार सहित इस अलौकिक एवं दिव्य दर्शन यात्रा के साक्षी बने। उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों से भी इस कार्यक्रम में अपने छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग करने का आग्रह किया है। इस निमित्त भव्य रामेण दर्शन यात्रा के लिए समिति की घोषणा महानगर संघचालक प्रदीप ने की। समिति के संयोजक राजेश भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, सह संयोजक निशा धाकरे, अमर वर्मा धर्म जागरण, विक्रांत शर्मा विजय कलेक्शन, अनुपम शर्मा, सत्यपवीर, दिलीप, निशा गुप्ता, मुन्नी देवी, विपुल गुप्ता, दीपक गुप्ता कालू आदि हैं।

गाजियाबाद : शॉपिंग मॉल का लेंटर गिरा, एक मजदूर की मौत

मलबे में दबकर सात घायल मजदूरों का अस्पताल में चल रहा इलाज

गाजियाबाद,15 जनवरी (हि.स.)। टीला मोड़ थाना अंतर्गत हिंडन एयरपोर्ट के पास निर्माणाधीन एक शॉपिंग मॉल का लेंटर गिरने एक मजदूर की मौत हो गयी। इस हादसे में सात घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अस्पताल में घायलों का इलाज चल रहा है। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और जांच पड़ताल शुरू कर दी है। एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने सोमवार को बताया कि टीला मोड़ थाना इलाके में स्थित हिंडन एयरपोर्ट के पास गौड़ एरो सिटी शॉपिंग मॉल बन रहा है। मॉल की दूसरी मंजिल का लेंटर डाला गया था। रविवार की रात में एस्केप होल्डिंग हटाने का काम चल रहा था, तभी लेंटर भरभराकर गिर गया। इस हादसे में आठ मजदूर दब गए। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का दिया निमंत्रण, विहिप ने किया अक्षत वितरण अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फूलबेहड़-खीरी। विकास खण्ड फूलबेहड़ की ग्राम पंचायत सर्वा के सोथरी गांव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की टोली ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण लेकर घर-घर पहुंच रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आज अयोध्या से आए पूजित अक्षत वितरण करने और निमंत्रण देने का काम शुरू किया। आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए अक्षत के साथ न्योता लेकर उनके घर पहुंच रहे हैं। टोली के सदस्यों में से एक सदस्य ने पूजित अक्षत, दूसरे ने श्री राम मंदिर का चित्र एवं तीसरे सदस्य ने निमंत्रण पत्रक वितरण किया।टोली से एक सदस्य ने निमंत्रण के विषय में जानकारी दी। टोली के सभी सदस्य जय श्री राम के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। आज गांव के लोगों संपर्क किया गया। अक्षत वितरण में प्रमुख रूप से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नगर मंत्री फूलबेहड़ दीपक पाण्डेय , अरविंद तिवारी, रूपनारायण शुक्ला, करन दुबे, हरीश पांडे, शुभम तिवारी, सरपंच दिनेश पाण्डेय,अशोक गिरी अन्य कार्यकर्ताओं ने लोगों को बताया 22 जनवरी की शाम सभी लोगों को कम से कम पांच दीपक घर के मंदिर में जलाना है और अपनी इच्छाअनुसार राम नाम का 108 बार जाप करना है, भगवान श्री राम की आरती सपरिवार करनी है, अंत में प्रसाद वितरण कर दीपोत्सव मनाना है।

एक जनवरी से शुरू हुआ अभियान

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का निमंत्रण 1 जनवरी से घर-घर पहुंचा जा रहा है। इसके लिए अयोध्या से आए अक्षत कलश के पीले चावलों को द्वार-द्वार पर रखा जा रहा है। साथ ही राम मंदिर के कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की जा रही है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से आगामी दिनों तक विशेष अभियान चलाकर प्रदेश के लाखों हिंदू परिवारों को आमंत्रित किया जाएगा।

प्राण प्रतिष्ठा: महिलाओं को प्रसाद में मिलेंगे राम, सीता और हनुमान के चित्र वाली चूड़ियां

फिरोजाबाद। अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाले राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल महिलाओं को सुहाग नगरी के कंगन (चूड़ी) प्रसाद के रूप में निःशुल्क वितरित किये जायेंगे। इन कंगनों पर राम, सीता और हनुमान की फोटो की आकृतियां उकेरी गई हैं। इन कंगनों को तैयार करने के लिए कारीगर दिन-रात जुटे हुए हैं। फिरोजाबाद के चूड़ी निर्माता आनंद अग्रवाल ने बताया कि राम मंदिर आंदोलन के दौरान उन्होंने खुद कारसेवक के रूप में सहभागिता की थी। इस दौरान जब पुलिस ने उनको पकड़ा तो वह दो दिन पुलिस हिरासत में भी रहे थे। उन्होंने बताया कि उनके मन में भी 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में योगदान करने की इच्छा जगी और उन्होंने समारोह में शामिल होने वाली महिलाओं को राम,सीता और हनुमान की चित्र वाली चूड़ियां व कंगन प्रसाद के रूप में निःशुल्क भेंट करने का संकल्प लिया। इसी संकल्प को पूरा करने के लिए विभिन्न रंगों में आकर्षक डिजाइनों के बीच राम,सीता और हनुमान जी के चित्रों के लगभग दस हजार पैक तैयार किया जा रहे हैं जो 22 और 23 जनवरी को राम जन्मभूमि समारोह में वितरित किए जाएंगे।

यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने में यूपीआईटेक्स देगा योगदान

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 25 से 29 जनवरी तक पांच दिवसीय होगा यूपीआईटेक्स एक्सपो-2024

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री उत्तर प्रदेश चैप्टर के तत्वावधान में आगामी 25 जनवरी से 29 जनवरी तक इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में पांच दिवसीय यूपीआईटेक्स एक्सपो द्वितीय संस्करण का आयोजन किया जाएगा। इस बात की जानकारी राजेश निगम सह.अध्यक्ष यूपी चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने सोमवार को पीएचडी हाउस गोमती नगर में पत्रकारों को दी।

पीएचडी हाउस में यूपीनेडा के अधिकारियों एवं उत्तर प्रदेश के प्रमुख उद्यमियों के साथ एक बैठक और उसके बाद एक इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। इसका उद्देश्य उत्तर प्रदेश चैप्टर के आगामी कार्यक्रम यूपीआईटेक्स दूसरा संस्करण के बारे में चर्चा करना था।

राजेश निगम ने आगामी कार्यक्रम यूपीआईटेक्स द्वितीय संस्करण के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि 25 से 29 जनवरी को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित किया जाएगा। इसका उद्देश्य राज्य में व्यापार और विनिर्माण को गति प्रदान करना और यूपी को सबसे अग्रणी राज्य के रूप में प्रस्तुत करना है।

कहा कि यूपी निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य है और आगामी कार्यक्रम यूपीआईटेक्स यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य में भी योगदान देगा। आगे कहा कि प्रदर्शकों और आगंतुकों की भागीदारी के मामले में यूपीआईटेक्स उत्तरी भारत में सबसे बड़े प्रदर्शनियों में से एक होगा, जिसमें एग्री फूड एंड फार्म, आर्चीबिल्ड, लाइफस्टाइल एंड कंज्यूमर एक्सपो और फैशन स्ट्रीट एंड फर्नीचर सौर ऊर्जा और ऑटोमोबाइल आदि एक्सपो में समर्पित एक विशेष मंडप होगा।

उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि यूपीआईटेक्स राज्य के व्यापार और वाणिज्य को बढ़ाने के लिए तुर्की, थाईलैंड, इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, छत्तीसगढ़ से 300 से अधिक घरेलू और विदेशी प्रदर्शकों की व्यापक भागीदारी का गवाह बनेगा।

यूपीआईटेक्स एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार अवसंरचना व औद्योगिक विकास विभाग आईआईडीडी इन्वेस्ट यूपी, उत्तर प्रदेश सरकार, खादी ग्राम उद्योग, जेकेटीपी, नाबार्ड, सिडबी, एसबीआई भी भाग ले रहे हैं।अतुल श्रीवास्तव क्षेत्रीय निदेशक उत्तर प्रदेश चैप्टर पीएचडीसीसीआई ने प्रभावी ढंग से इस बात पर प्रकाश डाला कि पीएचडीसीसीआई, नेशनल एपेक्स चैंबर पिछले 118 वर्षों से उद्योग, व्यापार और उद्यमिता को बढ़ावा देने में उत्प्रेरक के रूप में कैसे कार्य कर रहा है। मोहम्मद फरहान ने बताया कि आयोजित हो रहे यूपीटेक्स में रोजाना सांस्कृतिक सन्ध्या का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर सुदीप गोयनका और आदित्य झुनझुनवाला ने यूपीआईटेक्स द्वितीय संस्करण में अधिक से अधिक लोगों से जुड़ने की अपील की।

उप्र में सिहरन भरी सर्दी बरकरार, पड़ेगा पाला

लखनऊ। पहाड़ों पर हो रही बर्फबारी के साथ पछुआ हवाओं के चलने से उत्तर प्रदेश में सर्द भरी हवाएं बराबर आ रही हैं। जिससे न्यूनतम तापमान सामान्य से नीचे चल रहा है और भीषण गलन पड़ रही है। मौसम विभाग का कहना है कि आगामी तीन दिनों तक सिहरन भरी सर्दी बरकरार रहेगी। इसके साथ ही पाला पड़ने की भी संभावना है। ऐसे में किसान भाइयों को सलाह दी जाती है कि फसलों पर पानी देकर नमी बरकरार रखें।

मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने सोमवार को बताया कि मौसम पूर्वानुमान है कि अभी दो दिन तक उत्तर प्रदेश में सिहरन भरी सर्द हवाएं चलती रहेंगी। जिससे गलन में फिलहाल कमी होती नहीं दिख रही है। हालांकि दिन में धूप निकलेगी लेकिन ज्यादा असरदायक नहीं होगी। बंगाल की खाड़ी में मौसमी हलचल बना हुआ है जिससे मध्य प्रदेश और पूर्वी उत्तर प्रदेश में कोहरा और घना होगा। ऐसी स्थिति में पाला पड़ने की अधिक संभावना है और किसानों को सलाह दी जाती है कि फसलों पर रासायनिक दवाओं का छिड़काव करें और नमी बरकरार रखने के लिए सिंचाई करते रहें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा ब्लॉक प्रमुख ने किया सड़क का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ ,विकसित भारत भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत ब्लॉक प्रमुख मोहनलालगंज ने सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में लोगों को जानकारी दी, जिसमे भाजपा पदाधिकारियों सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

सोमवार को निगोहां क्षेत्र के बरवलिया और कुशमौरा गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली गई जिसमे मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल (विंधेश्वरी) ने मौजूद ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।वहीं कुसमौरा में 180 मीटर इण्टर लॉकिंग रोड का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ल द्वारा फीता काट कर किया गया। उक्त कार्यक्रमो में मंडल अध्यक्ष निगोहा दीपू बाजपेई, मंडल महामंत्री अंजनी शुक्ला, एससी मोर्चा के जिला मंत्री हंसराज रावत, प्रधान प्रतिनिधि दीपक कुमार, प्रधान बरवलिया त्रिवेणी प्रसाद, बीडीसी मनोज कश्यप व प्रभु दयाल, वीरेंद्र अवस्थी,श्रीधर अवस्थी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद साहू सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

राज्यपाल ने एसजीपीजीआईएमएस की नैक ग्रेडिंग तैयारी की समीक्षा की

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने राजभवन में संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस (एसजीपीजीआईएमएस) लखनऊ द्वारा नैक के लिए तैयार सेल्फ स्टडी रिपोर्ट की समीक्षा की। एसजीपीजीआईएमएस पहली बार नैक मूल्यांकन हेतु अपना एस.एस.आर. दाखिल करने जा रहा है। संस्थान को पहले से अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय स्तर के मूल्यांकनों क्यू.एस. वर्ल्ड रैंकिंग और एन.आई.आर.एफ. में उल्लेखनीय स्थान हासिल हैं।

उन्होंने अब नैक मूल्यांकन की तैयारी में लगे संस्थान की आज से पूर्व भी कई समीक्षा बैठकों के द्वारा सेल्फ स्टडी रिपोर्ट और संस्थान के व्यवस्थागत सुधार हेतु व्यापक दिशा-निर्देश किए हैं। उन्होंने रिपोर्ट में प्रमाण-स्वरूप संलग्न सभी प्रपत्रों पर रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर आवश्यक रूप से सुनिश्चित करने, अंगदान के फोटोग्राफ विवरण में लगाने, संस्थान में आयोजित अंगदान हेतु शपथ समारोह के फोटोग्राफ्स पर कैप्शन लगाने तथा एक्टिविटी दर्शाने वाले ही फोटोग्राफ लगाने का विशेष निर्देश दिए। साथ ही जोर देते हुए कहा कि संस्थान अपनी प्रत्येक विशेषता का उल्लेख एस.एस.आर. में करें।राज्यपाल ने प्रस्तुतिकरण के दौरान संस्थान में भर्ती मरीजों को उनके बेड तक दवा एवं मेडिकल सामग्री पहुँचाने की व्यवस्था की सराहना की। साथ ही इस व्यवस्था की प्रेरणा का विवरण भी एस.एस.आर. में जोड़ने को कहा। उन्होंने कहा कि टीम के सभी सदस्य एक साथ बैठकर एस.एस.आर. का पुनरावलोकन करें और मानकों के अनुसार आवश्यक संशोधन करें। उन्होंने टीम के सभी सदस्यों को नैक के पहले प्रयास में ही सर्वोच्च ग्रेड प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा पंकज जानी, संजय गाँधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट, लखनऊ के निदेशक डॉ0 आर0 के धीमन, संस्थान की नैक हेतु गठित टीम के सदस्य तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मकर संक्रांति के अवसर पर कंबल व जैकेट वितरण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/गोसाईगंज-गोसाईगंज ब्लॉक स्थित जमालपुर कुर्मियान गांव में रामकीर्तन वर्मा ने अपने आवास पर मकर संक्रांति के अवसर पर जरूरतमंदों के बीच कंबल व जैकेट वितरण किया। इस मौके पर रामकीर्तन वर्मा ने कहा कि मकर संक्रांति के अवसर पर हर साल जरूरांदों के बीच कंबल व जैकेट के साथ चूड़ा गुड तिलकुट का वितरण किया जाता है। मकर संक्रांति पर रामकीर्तन वर्मा ने बधाई देते हुए कहा कि नव वर्ष में नए अनाज के साथ मनाया जाने वाला पर्व संक्रांति सभी के जीवन में सुख समृद्धि का आशीर्वाद लेकर आए।मौके पर पवन वर्मा,सुधीर वर्मा,राजकमल वर्मा,कमलराज वर्मा,मोनू वर्मा,अखिलेश वर्मा, अरुणिमा वर्मा,अराध्या वर्मा,अवनिका वर्मा,लवकुश मौजूद थे।

पीड़िता को पुलिस व एसीपी ने टरकाया समाधान दिवस में डीएम के आदेश के बाद एक सप्ताह बाद दर्ज किया मुकदमा

मोहनलालगंज। लखनऊ, दुष्कर्म के प्रयास व मारपीट की पीडिता को पहले निगोहा पुलिस ने टरकाया, न्याय की आस मे तहसील समाधान दिवस शिकायत लेकर पहुँची तो कार्रवाई के बजाए एसीपी मोहनलालगंज ने टरका दिया, समाधान दिवस में आए डीएम के आदेश के बावजूद भी एक सप्ताह बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। ज्ञात हो कि

निगोहा इलाके के एक गाँव की महिला दिसंबर माह मे शौच के लिए गई थी तभी गाँव के लालजी ने महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया था, घर पहुँची महिला ने आपबीती बताई तो महिला के ससुर ने आरोपी से ऐतराज जताया जिससे नाराज आरोपी ने महिला के ससुर की पिटाई कर घायल कर दिया। महिला मामले की शिकायत लेकर थाने पहुँची तो पुलिस ने थाने पर पंचायत शुरू कर महिला पर सुलह का दबाव बनाने लगी। थाने पर सुनवाई न होने पर महिला मोहनलालगंज तहसील मे आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस पहुंचकर आरोपी की शिकायत की तो कार्रवाई के बजाय एसीपी मोहनलालगंज ने महिला को टरका दिया लेकिन मामला डीएम के संज्ञान मे आने पर उन्होने आरोपी के विरूद्ध केस दर्ज कर कार्रवाई के निर्देश दिए लेकिन डीएम के निर्देश के बावजूद निगोहा पुलिस ने एक सप्ताह बाद केस दर्ज किया है। इंस्पेक्टर अनुज कुमार तिवारी के मुताबिक केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सपा का प्रतिनिधि मंडल हत्याकांड के पीड़ितों से मिलने 17 जनवरी को जायेगा फतेहपुर

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल 17 जनवरी को जनपद फतेहपुर जायेगा। प्रतिनिधि मंडल जिले में हुए हत्याकांड मामले में पीड़ित परिजनों से मिलकर जांच करेगा। यह जानकारी मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने सोमवार को दी।फतेहपुर के ग्राम उरौली थाना ललौली निवासी स्व0 आशीष साहू तथा ग्राम बनियानखेड़ा थाना औंग निवासी स्व0 दीपक विश्वकर्मा की हुई हत्या की सही जानकारी एवं पीड़ित परिवारों से मिलकर प्रतिनिधि मण्डल सांत्वना देगा। उक्त दोनों नौजवान अपनी मां-बाप की इकलौती संतान थे।

जरूरतमंदों में बांटे गर्म कपड़े व कंबल

लखनऊ। अदिति वर्ल्ड विजन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से सोमवार को इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के आसपास रहने वाले जरूरतमंदों को गर्म कपड़े व कंबल वितरित किए गए। ट्रस्ट की अध्यक्ष नूपुर बनर्जी ने बताया कि ट्रस्ट के सदस्यों द्वारा जागरूकता अभियान चलाकर पहले लोगों से गर्म कपड़े दान कराए जाते हैं। इसके बाद जरुरतमंद लोगों में वितरित कर दिए जाते हैं। सोमवार को ट्रस्ट के पदाधिकारी चंद्र प्रकाश बाजपेई, सौरभ शर्मा, कंचन और नेहा ने इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे के लेबर अड्डे के मजदूरों और पास की झोपड़ पट्टियों में रहने वाले जरूरतमंदों को कपड़े वितरित किए। साथ ही 11 महिला मजदूरों को कंबल दिए गए।

अक्षत वितरण का चल रहा महाअभियान

लखनऊ। श्याम बिहार बस्ती, हनुमंतपुरम वस्ती केशव नगर उत्तर भाग में स्वयंसेवक बंधुओ द्वारा अक्षत वितरण महाअभियान चलाया जा रहा है, जिसमे संयोजक सजीत तिवारी, सुरेन्द्र पाडेय, शिव बालक, राम प्रकाश, सजय, प्रदीप, अतुल, नीरज, विवेक, नीरज, निखिल, आशीष व सतेंद्र मौजूद रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

मोहनलालगंज लखनऊ मोहनलालगंज क्षेत्र के अंतर्गत अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।ग्राम घोसीपुरा पदार्थ धनपुरा थाना पथरी जिला हरिद्वार की मूल निवासिनी वर्तमान में बंगाली खेड़ा कल्ली पश्चिम में रहने मनीषा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि मैं बंगाली खेड़ा कल्ली पश्चिम में रह रही हूं वही मेरा देवर कैमूर भी मेरे साथ रहता है दिन सोमवार को वह डलौना किसी काम के सिलसिले में गया हुआ था तभी तेज रफ्तार से आ रहे अज्ञात वाहन ने मेरे देवर कैमूर उम्र लगभग 20 वर्ष को किसान पथ मार्ग डलौना क्रॉसिंग के निकट टक्कर मार दी टक्कर लगने से मेरे देवर की मौके पर ही मौत हो गई म इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया कि मृतक की भाभी मनीषा की तहरीर पर अज्ञात वाहन के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है

व्यापारियों ने किया तहरी भोज का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के हर्षोल्लास को लेकर संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं व्यापारियों ने पुरनिया क्षेत्र में कलश यात्रा, अक्षत वितरण व तहरी भोज का कार्यक्रम धूमधाम से आयोजित किया। इस मौके अंजनी कुमार पांडे, अरविंद नाथ मिश्रा, अजय त्रिपाठी मुन्ना, योगेन्द्र त्रिपाठी, आर के मिश्रा, अमित त्रिवेदी, प्रशांत अवस्थी, अर्जुन यादव, राहुल पांडे, सौरभ यादव, सरोज शर्मा, रेनू निगम, सुमन शुक्ला व सुमित्रा समेत अन्य मौजूद रही।

अवध वृंदावन डेवलपमेन्ट एसोशिएसन द्वारा मकर संक्रान्ति के पर्व पर खिचड़ी आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मोहनलालगंज। लखनऊ, आवास विकास परिषद के वृन्दावन कालोनी में अवध वृन्दावन डेवलपमेंट एसोशिएसन के द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में खिचड़ी भोज व चोखा बाटी के आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या में समाजसेवियों ने ठंडक में खिचड़ी व बाटी चोखा तथा राजभोग का आनन्द लेते हुए शेरो व मुशायरा के साथ आनन्द लिया , तथा नववर्ष पर एक दूसरे को गले मिलकर लोगों ने एक दूसरे को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। साथ में क्षेत्र की जन समस्याओं पर भी चर्चा की गई। और लोगों को संगठन द्वारा समस्याओं को सुलझाने के लिए चर्चा कर सबको एक्टिव रहने के लिए विशेष प्रयास किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य रूप से अवध वृन्दावन डेवलपमेन्ट एसोशिएसन के अध्यक्ष एस के द्विवेदी , वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर शास्त्री , शिव सिंह , महासिचव उमाशंकर बाजपेई , समाज सेविका सोनाली गुप्ता, सदस्य मृत्युंजय मिश्रा , मो0 शकील, रिषी भट्ट , मो0 सलीम , रमेश ओझा , आशीष मिश्रा, ठाकुर शिवमगन सिह , मुशीर अहमद, अवधेश गुप्ता , कमलेश शर्मा, शुभम शर्मा , जीतू तिवारी , सलीम खाँन, विजय रावत , बलिया के मशहूर बाटी चोखा बनाने वाले गुड्डू , शत्रुधन कश्यप , अभय प्रताप सिंह सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

उप्र: स्वास्थ्य विभाग में 10 चिकित्साधिकारियों के तबादले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उप्र के प्रादेशिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के निदेशक ग्रेड के 10 चिकित्साधिकारियों के तबादले किए गए हैं।विभागीय जानकारी के अनुसार, सोमवार को डा. दिनेश कुमार को अपर निदेशक चिकत्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को मुरादाबाद मंडल से हटाकर निदेशक, (मातृ एवं शिशु) परिवार कल्याण बनाया गया है। डा. सुनील भारतीय को अपर निदेशक चिकत्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण लखनऊ मंडल से निदेशक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) लखनऊ, डा. सुरेश चन्द्र कौशल को प्रमुख अधीक्षक जिला पुरूष चिकित्सालय बस्ती से निदेशक, लोक बन्धु राजनारायण सयुंक्त चिकित्सालय लखनऊ भेजा गया है। सहारनपुर के पुरूष जिला अस्पताल में तैनात प्रमुख अधीक्षक डा. रतन पाल सिंह को निदेशक (राष्ट्रीय कार्यक्रम) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ बनाया गया है।

इसी तरह डा. अंजु दुबे को निदेशक (संचारी रोग) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं से निदेशक (भंडार) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं के पद पर तैनात किया गया है। डा.चन्द्र शेखर को अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण आगरा मंडल से स्थानांतरण करते हुए निदेशक (संचारी रोग) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ बनाया गया है।

इनके अलावा डा. अनीता शर्मा को प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय आगरा से निदेशक, (नर्सिंग) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं लखनऊ, डा.शालिनी को निदेशक (मातृ एवं शिशु) परिवार कल्याण लखनऊ से निदेशक,(चिकित्सा उपचार) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं, डा. श्याम सुंदर लाल को प्रमुख अधीक्षक, मेडिकल कॉलेज मेरठ से निदेशक,(पीएचसी) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं और डा. भानु प्रताप सिंह को अपर निदेशक,(स्वास्थ्य) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं को इसी पद पर निदेशक की जिम्मेदारी मिली है।

मशहूर शायर मुन्नवर राना की रह गई अधूरी इच्छा, नसीब नहीं हुई रायबरेली की मिट्टी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ/रायबरेली। मशहूर शायर मुन्नवर राना की रविवार रात को निधन हो गया और उन्हें लखनऊ के ऐशबाग के कब्रिस्तान में सोमवार को सुपुर्दे-ख़ाक कर दिया गया। इससे उनका अपनी जन्मभूमि रायबरेली से जुड़ा उनका अटूट नाता भी छूट गया,जिससे वह बेइंतहा लगाव रखते थे। इसके साथ ही रह गई उनकी वह अधूरी इच्छा जिसकी चर्चा गाहे-बगाहे वह किया करते थे।

मुन्नवर राना को अपनी जन्मभूमि रायबरेली से बेहद प्यार था। कई मौकों पर उन्होंने कहा था कि मरने के बाद उन्हें उनकी जन्मभूमि रायबरेली में दफ़न किया जाय। 2019 में उन्होंने पत्रकारों से कहा था कि रायबरेली उनकी जन्मभूमि है और वह चाहते हैं कि उनको मरने के बाद यहीं सुपुर्दे-ख़ाक किया जाय और उन्हें रायबरेली की मिट्टी नसीब हो,क्योंकि वह अपने शहर की यादों को मरने के बाद भी साथ ले जाना चाहते हैं। वह कहते थे उन्हें बहुत कुछ मिला, लेकिन अपने शहर रायबरेली से इश्क है। हालांकि परिस्थिति ऐसी बनी की उनकी यह इच्छा अधूरी ही रह गई और लखनऊ में ही उनको सुपुर्दे-ख़ाक किया गया। रायबरेली में उनका अंतिम संस्कार न करने के पीछे पारिवारिक विवाद को अहम कारण माना जा रहा है।

उर्दू साहित्य के मशहूर शायर मुन्नवर राना का जन्म 26नवंबर 1952 को रायबरेली के किला बाज़ार में हुआ था। बचपन में ही वह पिता अरमान राना मां आयशा खातून के साथ कोलकाता चले गए और वहीं पढ़ाई लिखाई के साथ पिता के ट्रांसपोर्ट कारोबार को बढ़ाया। बावजूद इसके उनका रायबरेली आना जाना लगा रहा। पारिवारिक कार्यक्रमों से लेकर कई मौकों पर उनकी मौजूदगी रहती थी। इसके पहले इनके छोटे भाई शकील राना की मौत हो चुकी है।

विगत दो वर्षों में मुन्नवर राना भाइयों के आपसी विवाद में टूट गए थे। संपत्ति को लेकर उनका अपने छोटे भाई राफ़े राना से बड़ा विवाद हुआ।जिसमें उनके बेटे तरबेज ने चाचा को फंसाने की साज़िश रची थी। इस मामले में पुलिस कार्रवाई को लेकर मुन्नवर राना निराश थे और योगी सरकार को कटघरे में खड़ा किया था। विवादों से घिरे रहने वाले इस अज़ीम शायर का रायबरेली से नाता भी पारिवारिक विवाद से छूटा,लेकिन अपनी जन्मभूमि को हमेशा अपने दिल में रखने वाले मुन्नवर राना के चाहने वाले रायबरेली के निवासी दुःखी हैं और निधन की सूचना मिलते ही उनके आवास पर लोगों का तांता लग गया। हर कोई अपने बीच के उस शायर को याद कर रहा था जिसने उसे हमेशा के लिये अलविदा कह दिया है।

एनएफसीआई में आयोजित हुआ नेशनल क्यूलिनेरी चैलेंज 2024 प्रतियोगिता का पहला राउंड

जालंधर में होगा प्रतियोगिता का अंतिम राउंड

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। टेढ़ीपुलिया स्थित एनएफसीआई होटल मैनेजमेंट एंड क्यूलिनेरी इंस्टीट्यूट लखनऊ के छात्रों ने प्रतियोगिता में लिया हिस्सा। सोमवार को नेशनल क्यूलिनेरी चैलेंज 2024 की प्रतियोगिता का प्रथम राउंड आयोजित किया गया। बतातें है कि यह प्रतियोगिता एनएफसीआई इंस्टीट्यूट के 15 शाखाओं के विद्यार्थियों के बीच आयोजित हो रही है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि शेफ डॉ इज्जत हुसैन, शेफ अतुल शंकर मिश्रा तथा लखनऊ की जानी मानी फूड ब्लॉगर भुक्कड़ घुमक्कड़ नाम से प्रसिद्ध आकांक्षा ने छात्रों का मनोबल बढ़ाया और उनके व्यंजन को खाकर उनको मार्क्स दिया। प्रतियोगिता का अंतिम राउंड जालंधर में आयोजित किया जाएगा। इस मौके पर प्रबन्ध निदेशक एकता श्रीवास्तव, शाखा प्रबन्धक नवज्योत, क्षेत्रीय प्रबंधक सुनील कुमार तथा एनएफसीआई लखनऊ की टीम मौजूद रही।

वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला मंडल ने किया विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश एवं हिंदू महिला मंडल के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को मकर संक्रांति के अवसर पर विशाल खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। जिसमें देसी घी के साथ गरमा गरम खिचड़ी, सलाद व अचार का वितरण किया गया। वहीं आयोजको के मुताबिक कड़ाके की ठंड को देखते हुए लोगो के लिए अलाव की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं आयोजको के मुताबिक मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर बलरामपुर हॉस्पिटल के मेन गेट पर तहरी भोज एवं चाय का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक वैश्य समाज सेवा उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता शिमला परिवार रहे। जिनके द्वारा श्री अयोध्या धाम से आये हुये अक्षत का वितरण ढ़ोल नगाड़ो तथा प्रभु श्रीराम के जयकारों के साथ दुकान दुकान जाकर किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता ने बताया कि खिचड़ी वितरण का आयोजन वह विगत कई वर्षों से निरंतर कर रहे है तथा 22 जनवरी को प्रभु श्रीराम के अयोध्या धाम स्थित मन्दिर में प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर लाटूश रोड पर विशाल भण्डारा एवं सुन्दरकाण्ड का आयोजन किया जा रहा है।

22 जनवरी को बंद रहेंगी शराब की दुकानें, प्रशासन ने किया ऐलान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की जोरदार तैयारी हो रही है भव्य आयोजन में देश विदेश से हजारों श्रद्धालु और वीआईपी अतिथि शामिल होंगे 22 जनवरी को रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो जाएंगे मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में विधि विधान से स्थापित कर दिया जाएगा बीजेपी की सरकार ने उत्तर प्रदेश में 22 जनवरी को ड्राई डे घोषित किया है ऐतिहासिक तिथि की पवित्रता बनाए रखने के लिए देश के अन्य राज्यों की भांति उत्तर प्रदेश में भी शराब की दुकानों को खोलने की इजाजत नहीं होगी इस संदर्भ में आदेश जारी करते हुये जिलाधिकारी खीरी महेन्द्र बहादुर सिंह ने आदेश का कड़ाई से पालन किये जाने के निर्देश दिये हैं।

22 जनवरी को उत्तर प्रदेश में रहेगा ड्राई डे!

आबकारी आयुक्त की तरफ से सभी जनपदों के जिलाधिकारियों को आदेश जारी कर दिया गया है जिलाधिकारियों को आदेश का पालन सुनिश्चित कराने को कहा गया है उन्होंने बताया कि शासन ने फैसला लिया है कि 22 जनवरी को राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर उत्तर प्रदेश में लाइसेंस धारक शराब की दुकानों को खोल नहीं सकेंगे देशी, विदेशी शराब और बीयर के शौकीनों को बिना जाम छलकाए रहना पड़ेगा बता दें कि उत्तर प्रदेश सरकार 2024-2025 के लिए नई आबकारी नीति लेकर आई है योगी सरकार ने नई आबकारी नीति में 50 हजार करोड़ से अधिक का राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है।

शराब की दुकानों को बंद रखने का आदेश!

नई आबकारी नीति उत्तर प्रदेश में 1 अप्रैल 2024 से प्रभावी हो जाएगी राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन उत्तर प्रदेश में शराब की बिक्री पर योगी सरकार ने रोक लगा दी है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विशिष्ट अवसर को राष्ट्रीय उत्सव की संज्ञा दी है 22 जनवरी 2024 की तारीख इतिहास के पन्नों में दर्ज हो जाएगी राम मंदिर निर्माण से देश भर में उत्साह का माहौल है देश भर में 22 जनवरी को दिवाली सी रौनक रहने वाली है अयोध्या नहीं पहुंच सकने वाले भक्त मंदिरों में पूजा पाठ और घरों को रोशन करेंगे।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के चलते खीरी में भी 22 जनवरी के दिन शराब की दुकान रहेगी बंद

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन नहीं खुलेंगी यूपी में शराब की दुकानें

शराब के शौकीन दें ध्यान! 22 जनवरी को नहीं छलका पाएंगे जाम, ठेके बंद रखने का जारी हुआ फरमान

ग्राम सभा की जमीन पर दबंगों का अवैध कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर। ग्राम सभा गंगापुर उल्फतराय की गाटा संख्या 599 ,जो कि वृक्षारोपण की जमीन है , पर ग्राम सभा के पेड़ लगे है,उक्त पेड़ो में 15 पेड़ विनोद यादव पुत्र महेश प्रसाद,अजय पुत्र विशंभर ,राम खेलावन पुत्र बांके लाल ,गुड्डू पुत्र सूबेदार ,पप्पू पुत्र भगवानदीन ,परवीन राम खेलावन ने ग्राम प्रधान गुड्डू भार्गव व लेकपाल भुवनेश श्रीवास्तव को सम्मिलित कर 13 जनवरी 2024 को अवैध रूप से कटवा लिया है।काटी गई लकड़ी दो ट्राला में भेजी गई जिसमे एक ट्राला खैराबाद थाने में निरुद्ध भी है । उक्त सभी आरोपी ग्राम खुरेहटा के निवासी है तथा ग्राम के लोगो के मना करने पर गंदी गंदी गाली देने लगे व जान से मारने की धमकी भी दे रहे है । उस जमीन के कुछ भाग पर उक्त लोगो ने खेती भी कर रखा है। उक्त के अतिरिक्त गाटा संख्या 454 में लगी थनिहा को अरविंद पुत्र सियाराम,मुकेश पुत्र सियाराम ,सियाराम पुत्र चुन्नी लाल ने 14 जनवरी को कटवा लिया । उक्त के संबंध में शिकायत संख्या 40015421002911,40015424001913 व 40015424002914 के द्वारा जिलाधिकारी सीतापुर,मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश,मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन को लिखित शिकायत सर्वेश यादव,राकेश ,आलोक सिंह,श्याम किशोर,अमित कुमार निवासी खुरेहटा ने की है। ग्राम सभा की जमीन व संपत्ति की सुरक्षा जिन लोगो के ऊपर जब वह ही इन अवैध कार्यों में सलिप्त होगे तो इसी प्रकार के कार्य होना स्वाभाविक है। सभी शिकायत कर्ताओं ने घटना की विधिवत जांच कर तत्काल दोषियों के ऊपर आवश्यक कार्यवाही व प्रथम सूचना दर्ज कराने की मांग की है।

सरैया मुस्लिमपुरा में युवक का शव खंडहर में मिला,पुलिस छानबीन में जुटी

वाराणसी। जैतपुरा थाना क्षेत्र के सरैया मुस्लिमपुरा में स्थित एक खंडहर में सोमवार को युवक का शव सूत के बोरे से ढंका मिला। क्षेत्रीय लोगों की सूचना पर वहां पहुंची पुलिस ने छानबीन और शिनाख्त आदि की कार्रवाई के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरैया मुस्लिमपुरा निवासी शादाब(20) पुत्र मरहूम गुलजार नशे का आदती था। आज सुबह शादाब का शव इलाके में स्थित एक खंडहर में मिला। संभावना जताई गई कि नशे में धुत होने पर शादाब खंडहर में सो गया। ठंड लगने या फिर नशे के ओवरडोज से उसकी मौत हो गई। शादाब अपने घर से एक दिन पहले से ही लापता रहा।

नगर के समस्त मंदिरों के पुजारियों के साथ पालिका अध्यक्ष ने की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ-खीरी।जिले की नगर पालिका गोला गोकर्णनाथ सभागार में नगर के समस्त मंदिरों के पुजारियों की बैठक कर 22 जनवरी श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर की तैयारी की योजना बनाई गयी। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने समस्त पुजारियों से निवेदन किया कि 22 जनवरी को सभी मंदिरों में लाईट व दीपोत्सव एवं कीर्तन भजन हों।

22 जनवरी श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर हुई बैठक

समस्त पुजारियों से मंदिरों में लाइट,कीर्तन,भजन के लिए किया निवेदन

इस अवसर पर निम्न मंदिर के पुजारी उपस्थित रहे। संकट मोचन हनुमान, फूल बाबा आश्रम,गौरी गणेश मंदिर,श्री राम जानकी मंदिर, राधा कृष्ण मंदिर ,त्रिलोक गिरि मंदिर,हनुमान मंदिर पूर्वी दीक्षिताना,श्री राधा कृष्ण ज्वाला मंदिर,बाल्मीकि मंदिर सब्जी मंडी,बाल्मीकि मंदिर ऊची भूड,श्री राम मंदिर लखीमपुर रोड, रक्षा देवी मंदिर आदि मंदिरों के पुजारी उपस्थित रहे।

जमीन को बंजर बना रही रासायनिक खादें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सांडा(सीतापुर)- रासायनिक खादों और कीटनाशकों के अधिकाधिक उपयोग से धरती माता का स्वास्थ्य लगातार बिगड़ रहा है। वह बंजर होती जा रही हैं। हमारी फसलों के लिए उपयोगी जीवाणु मिट्टी से नष्ट होते जा रहे हैं। यदि जल्दी ही हम सचेत नहीं हुए तो आने वाली हमारी पीढ़ियों को तमाम संकटों से जूझना पड़ेगा। हमारे पास न तो रोग मुक्त अनाज बचेगा और न ही पीने के लिए शुद्ध पानी। यह बात सेकसरिया चीनी मिल बिसवां के वैज्ञानिक व प्रमुख सलाहकार डॉ रामकुशल सिंह ने सकरन के मडोर गांव में जैविक खेती करने वाले गन्ना किसान महेश मिश्रा के गन्ने के खेत पर आयोजित गन्ना किसानों की गोष्ठी में कही। डॉ रामकुशल सिंह ने कहा कि धरती माता को बंजर होने से केवल गौ माता के आशीर्वाद से ही बचाया जा सकता है। गाय के गोबर और मूत्र से बने जीवामृत/ घनजीवामृत के उपयोग से धरती माता स्वस्थ रहेंगी। जिससे हमें रोग मुक्त अनाज,गुड़,सब्जियां और दालें मिलेगी। गाय के गोबर और मूत्र के उपयोग से बनने वाले जैव कीटनाशक/ बायोपेस्टिसाइड के उपयोग से फसलों को हानि पहुंचाने वाले कीट/पतंगे नष्ट हो जाते हैं। लेकिन मिट्टी में फसलों के लिए उपयोगी जीवाणुओं की संख्या और बढ़ जाती है। जिससे हमें रोग मुक्त फसलें तो मिलती ही हैं,वही खेत की मिट्टी का स्वास्थ्य भी अच्छा बना रहता है। उन्होंने बताया कि जैविक पेस्टिसाइड बनाने के लिए ताजा गाय का गोबर,चार दिनों से अधिक पुराना गोमूत्र,10 पर्णी पत्तियों का चूरा/पेस्ट जिनमें नीम, तंबाकू, मदार, पपीता, कनेर,गेंदा/बेहया,धतूरा,गन्ने का रस/गुड, हरा मिर्चा, लहसुन, अदरक,हल्दी, कली चूना इन सब का पेस्ट बनाकर एक एक कर प्लास्टिक के ड्रम में भर देना है। इस घोल को अच्छी तरह मिलाना है। एक महीने की नियमित देखभाल से यह जैव कीटनाशक तैयार हो जाएगा। चीनी मिल के वरिष्ठ गन्ना प्रबंधक डॉ अमरीश सिंह तोमर ने गन्ने की रोग मुक्त भरपूर पर देने वाली एग्ट्ट 15023, एख्रख 14201, एग 13235, एग 0118 आदि प्रजातियों की बुवाई ट्रेंच विधि से करने के लिए कहा। उपगन्ना प्रबंधक विमल मिश्रा ने गन्ने के साथ आलू ,गोभी,लहसुन, प्याज,उर्द,मूंग,जौ,चना, मटर,मशूर आदि की सहसली खेती करके अधिक लाभ पाने के बारे में बताया। उन्होंने खेती में रासायनिक खादों के उपयोग को घटाकर जैविक खादों के उपयोग को बढ़ाने पर जोर दिया।

गोपालक किसानों को चीनी मिल से दिलाएंगे अतिरिक्त सुविधाएं- डॉ रामकुशल सिंह ने गोष्ठी में किसानों से कहा कि यदि वह गोपालन करेंगे तो उन्हें गोमूत्र इकट्ठा करने के लिए 200 लीटर का एक ड्रम,एक ट्राली मई और राख निःशुल्क दिलाएंगे। जिससे उन्हें जैविक खाद और कीटनाशक बनाने में सुविधा मिलेगी। इसके उपयोग से उनकी रासायनिक खादों/ कीटनाशकों पर निर्भरता कम होगी, खेती में लागत कम आएगी और पैसा बचेगा।

गोपालक व बैलों से खेती करने वाले किसानों का हुआ सम्मान- गोष्ठी में मौजूद गोपालक व बैलों के उपयोग से खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया गया। डॉ राम कुशल सिंह ने कहा कि गोपालन अत्यंत पुनीत कार्य है। इससे हमें गौमाता की सेवा का अवसर मिलता है वहीं उनके गोबर और मूत्र से बनी जैविक खाद से हमारी धरती माता का स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है।

स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाजों को उगाए- डॉ राम कुशल सिंह ने गोष्ठी में मौजूद किसानों से कहा कि स्वस्थ रहने के लिए मोटे अनाजों को अपने भोजन में जरूर शामिल करें। खेती में ज्वार,बाजरा,मक्का,साँवाँ,कोदों,मेडुवा आदि की फसलों को जरूर उगायें।

धरती माता को हरा भरा बनाए रखने के लिए गोपालन बहुत जरूरी।

जमीन को बंजर होने से बचाएगी गाय के गोबर और मूत्र से बनी जैविक खाद।

गन्ने के साथ सह फसलों की खेती से मिलता है दोहरा लाभ।

ट्रैक्टर ट्राली से कुचल कर किसान की मौत

जहांगीराबाद (सीतापुर)। भतीजे के साथ बाइक पर सवार हो रिश्तेदारी में खिचड़ी खाने जा रहे अधेड़ किसान की ट्रैक्टर ट्राली से कुचल कर मौत हो गयी। ट्रैक्टर ट्राली ईंटों से भरी हुई थी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। रेउसा थाना अन्तर्गत भैंसहा गांव निवासी राम लखन पाल (60 वर्ष) पुत्र मंशा सोमवार सुबह अपने भतीजे मोहित के साथ बाइक पर सवार हो रिश्तेदारी में बड़हिन पुरवा खिचड़ी खाने जा रहे थे।जब वह रेउसा थाना क्षेत्र के बंगरहा बाजार के पास पहुंचे तभी ईंटा भरी ट्रैक्टर ट्राली को ओवरटेक करते समय सामने से साइकिल सवार के आ जाने से अनियंत्रित होकर बाइक ट्रैक्टर में उलझ गयी और बाइक पर बैठे रामलखन गिरकर ट्राली के नीचे गिर पड़े जिससे ट्राली के पहिया के नीचे कुचल कर मौके पर ही मौत हो गई तथा बाइक चला रहा भतीजा भी चोटिल हो गया। मृतक राम लखन पाल के सिर पर से ट्राली निकल गई। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना पाते ही मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।परिजन भी मौके पर पहुंच गये। सूचना पाकर रेउसा पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेते हुए शव का पंचायतनामा भरकर पी0एम0 के लिये भेज दिया है। परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल है।

नर सेवा ही नारायण सेवा है : के.बी.गुप्ता

पलियाकलां-खीरी। नर सेवा ही नारायण सेवा है जो लोग जरूरतमंदों की सेवा करते हैं वही सच्ची समाजसेवा है और उसमें भी बच्चों की सेवा सबसे बड़ी सेवा है यह बात नगर पालिका अध्यक्ष के बी गुप्ता ने मकर संक्रांति के मौके पर खिचड़ी भोज के उपरांत अपने निज निवास पर बच्चों को गर्म वस्त्र वितरण करते हुए कही वहीं उनकी धर्म पत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी गुप्ता व ज्येष्ठ पुत्र इंजीनियर वरुण गुप्ता ने भी सैकडों जरूरतमंदों को कम्बल वितरित किए।

अत्यंत ठंड होने के कारण दो दिन का अवकाश

सीतापुर । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया अत्यंत ठंड को देखते हुए जिलाधिकारी के निर्देशानुसार पर जिले के समस्त परिषदीय , अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 8 तक 16-01-2024 से 17-01-2024 तक विद्यालयों में शिक्षक कार्य बंद रहेगा। तथा शिक्षक/शिक्षामित्र/अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी विधालय में उपस्थित रहकर प्रशासकीय कार्या का निर्वाहन करेंगे। उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में विजयी प्रत्याशियों का स्वागत

वाराणसी। युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव में विजयी प्रत्याशियों का सोमवार को कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे के अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। राघवेन्द्र चौबे ने बताया कि युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद पर अनुभव राय ,जिला उपाध्यक्ष पद पर पूर्व महानगर अध्यक्ष मयंक चौबे,उत्तरी विधानसभा अध्यक्ष पद पर मो.आदिल ,दक्षिणी विधानसभा अध्यक्ष पद पर मो.जीशान ,अजगरा विधानसभा अध्यक्ष पद पर विनीत चौबे,शिवपुर विधानसभा अध्यक्ष पद पर उपेंद्र सिंह ,सेवापुरी विधानसभा अध्यक्ष पद पर भरत कुमार ,रोहनिया विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर सिद्धार्थ केशरी निर्वाचित हुए हैं। निर्वाचित जिला उपाध्यक्ष मयंक चौबे ने सहयोगियों और कार्यकर्ताओं का आभार जताया। मयंक ने कहा कि चार माह चले संगठनात्मक चुनाव में सबका आशीर्वाद सहयोग मिला। हम सब मिलकर एकजुटता के साथ युवा कांग्रेस को बनारस में मजबूत करेंगे। सभी जीते विधानसभा अध्यक्षों के साथ सबको एकजुट करके प्रतिदिन हम सब जनहित में सड़कों पर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम का संचालन चंचल शर्मा ने किया। इस दौरान रंजीत तिवारी ,सेवादल यंग ब्रिगेड परवेज खान,महानगर अध्यक्ष ओबीसी कांग्रेस छांगुर गुप्ता, ,सैय्यद आदिल,मो.नदीम,हनुमंत चौबे, महेश चौबे ,तन्मय दुबे आदि भी मौजूद रहे।

दुष्कर्म के आरोपित एएसपी के खिलाफ करवाई की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

गाजियाबाद। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग में एटीएस के अपर पुलिस अधीक्षक पद पर तैनात राहुल श्रीवास्तव के खिलाफ करवाई की मांग को लेकर सोमवार को राष्ट्रवादी जन सत्तादल ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। श्रीवास्तव पर 21 वर्षीय युवती के साथ दुष्कर्म करने के आरोप में मुकदमा दर्ज है। ज्ञापन में कहा गया है कि आरोपितों ने लखनऊ में 21 वर्षीय युवती का बलात्कार किया। पीड़ित युवती के करीब तीन महीने पुलिस के चक्कर लगाने के बाद मुकदमा दर्ज किया गया। बावजूद इसके अभी तक आरोपित अपर पुलिस अधीक्षक अपने पद पर बने हैं। पीड़ित का आरोप है कि लगातार अपने पद का दुरुपयोग करते हुए दर्ज अभियोग को प्रभावित कर रहे है। युवती समेत परिवार को भिन्न-भिन्न प्रकार से अपने विरुद्ध पंजीकृत अभियोग को वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ शहर के नैपालापुर चौराहे पर किया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम्भ शहर के नैपालापुर चौराहे पर किया गया। परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस के समन्वय से आयोजित शुभारम्भ कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी सदर ज्ञानेन्द्र कुमार व पुलिस क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार शामिल हुए। उपजिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र कुमार ने वाहन चालकों को जानकारी देते हुए बताया कि यातायात के नियम हमारी सुरक्षा के लिये है। उन्हीने कोहरे में ट्रैक्टर ट्रालियों पर अनिवार्य रूप से रेडियम टेप लगाने के साथ दो पहिया वाहनों पर हेलमेट व चार पहिया वाहनों पर सीट बेल्ट लगाने की अपील की। पुलिस क्षेत्राधिकारी महोदय श्री आलोक कुमार ने हिट एण्ड रन मामलों में सोलेशिएम फण्ड के माध्यम से दो लाख रूपये तक मिलने वाली आर्थिक मदद की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसो के बाद वाहन अज्ञात होने की दशा में सोलेशिएम फण्ड से मदद ली जा सकती है। ए0आर0टी0ओ0 प्रशासन माला बाजपेयी ने गुड सेमेरिटन की जानकारी देते हुए बताया कि सड़क हादसों में घायलों को अस्पताल पहुँचाने में मदद करें। घायल व्यक्ति का जीवन बचाने वाले नेक आदमी को पांच हजार रूपये का पुरस्कार शासन की ओर से दिया जायेगा। उन्होंने यातायात नियमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। ए0आर0टी0ओ0 ने बताया कि शासन द्वारा बार-बार सड़क सुरक्षा कार्यक्रम चलाये जाने का उद्देश्य आमजनमानस में सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूकता लाना है। कार्यक्रम में यातायात निरीक्षक (उत्तरी) फरीद अहमद, नैपालापुर चौकी प्रभारी विमल कुमार, सतीश कुमार, प्रामिश मिश्रा सुरवाइजर के अतिरिक्त अन्य वाहन स्वामी मौजूद रहे। परिवहन विभाग द्वारा 250 ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगाने का काम शुरू किया गया। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि ट्रैक्टर ट्रालियों में लाल रंग के कपड़े पर रेडियम टेप को लगाकर रेडियम कवर तैयार किया गया है। लाल कपड़ा दिन के वक्त चालको को वाहन की दूरी का सही अनुमान लगाने में सहायक होगा वहीं रात्रि में लगा रेडियम की लाईट से वाहन चालको को सहुलियत होगी। उप जिलाधिकारी महोदय द्वारा ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगाकर अभियान का शुभारम्भ किया गया। ए0आर0टी0ओ0 ने बताया कि चीनी मिलों में जाकर ट्रैक्टर ट्रालियों में रेडियम कवर लगवाये जायेगें। इनमें सभी चीनी मिलों को भी निर्देशित किया गया है।

ओला कैब बुक करके लूट करने वाले पांच गिरफ्तार

कानपुर । सचेंडी पुलिस ने ओला कैब बुक करके लूट की घटना को अंजाम देने वाले पांच शातिरों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके पास से लूट की कार और मोबाइल बरामद हुआ है। डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने सोमवार को बताया कि नौबस्ता निवासी विमल बाथम अपनी स्विफ्ट डिजायर कार को ओला से अटैच किया है। 13 जनवरी को ओला की ओर से उसके पास बुकिंग आई। बुकिंग मिलने पर विमल सवारी लेने नौबस्ता बाईपास गया था, जिसमें बुकिंग करने वाला और उसके चार अन्य साथी बैठ गए। भौती बाईपास पर पांचों ने मिलकर विमल के साथ मारपीट कर गाड़ी और मोबाइल लूट कर फरार हो गए। विमल ने थाना सचेंडी में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए लुटेरों का मोबाइल सर्विलांस लगाया और फतेहपुर रेलवे स्टैंड से पांचों को गिरफ्तार कर लूट की गई कार और मोबाइल बरामद कर लिया। गिरफ्तार हुए लुटेरे फतेहपुर निवासी अनुज गुप्ता, कानपुर निवासी तरुण गौतम, फतेहपुर निवासी आकाश कुमार दुबे, लखनऊ निवासी नुमान खान और फर्रुखाबाद निवासी अर्पित शर्मा हैं। इन सभी के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है।

ब्लाक फूलबेहड की कई पंचायतों के मास्टररोल में फर्जीवाड़ा, सरकार को लग रहा चूना

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर-खीरी। ब्लाक फूलबेहड क्षेत्र के गांवों में मनरेगा में लंबे समय से फर्जीवाड़ा चल रहा है यहां न कोई अधिकारी आकर इनकी जांच करता है और न कोई मनरेगा का कर्मचारी नरेगा श्रमिकों द्वारा किए गए कार्य की गणना करता है। कई ग्राम पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों के बिना काम पर जाए ही खाते में रुपया आ जाता है इसको आधा मेट ले लेते हैं और आधे जिसका नाम चलाया है, उसे दे दिए जाते हैं। यह फर्जीवाड़ा फूलबेहड ब्लॉक क्षेत्र की लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायत में हो रहा है फिर भी उच्च अधिकारियों द्वारा इन फर्जीवाड़ा करने वाले मेट के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं की जाती। लोगों की शिकायत के बाद एकाध मेट को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाता है। कभी भी मनरेगा के कर्मचारियों पर कोई कार्यवाही नहीं होती। जबकि सारा खेल उन्हीं की मिलीभगत से होता है।

फूलबेहड क्षेत्र के सरवा,लौकिहा, राजापुर, इब्राहिमपुर, तेंदुआ, श्रीनगर,गौरा,मकसोहा, खम्भारखेडा सहित अधिकांश जगह बिना काम के आधे पैसे मेट द्वारा लिए जा रहे हैं फिलहाल इसका विरोध खुलकर कोई नहीं करता, केवल आपस में लोग दबी जुबान में चर्चा करते नजर आते हैं। अगर कोई मनरेगा का पात्र श्रमिक इसका विरोध करता है तो आने वाली मस्टररोल में उसका नाम काट दिया जाता है। इसके चलते सभी लोग चुपचाप इस खेला को देखते रहते हैं।

ग्राम प्रधान, प्रतिनिधि, ग्राम सचिव और ग्राम रोजगार सेवक किसी न किसी तरह से जुगाड़ लगाकर मास्टर रोल में गड़बड़ी कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में जुटे हैं। नाम न छापने की शर्त पर कुछ स्थानीय ग्रामीणों ने मुस्कुराते हुए कहा गांव मे मनरेगा के तहत जो कार्य हो रहे हैं उसमें मज़दूरों की फर्जी हाज़िरी लगवाई जा रही है जो निष्पक्ष जांच का विषय है ग्रामीणों का आरोप है कि काम करने के लिए साइट पर महज 5-6 मज़दूर ही उपलब्ध होते हैं। लेकिन मस्टररोल के हिसाब से हाजिरी कई मजदूरों की लगाई जाती है जिनमे चहेतों के साथ साथ हा हुजूरी वाले साधन संपन्न लोगों की भी हाजिरी भरी जाती है।

सूत्रों से मिली जानकारी मुताबिक रोज सुबह के समय कुछ मजदूर डंडों का गट्ठर लेकर मनरेगा साइट पर जाते हैं और ग्राम रोजगार सेवक द्वारा उनका फोटो खींच लिया जाता है। फोटो खिंचने के बाद सारे मजदूर अपने दूसरे कार्यों में लग जाते हैं इसके बाद 5 से 6 मजदूर ही मनरेगा साइट पर पटाई का काम करते हैं।

इस तरह हो रहा गड़बड़झाला!

पात्र श्रमिकों के नहीं आते नाम

मेट द्वारा किए जा रहे फर्जीवाड़े में पात्र श्रमिकों के नाम नहीं जोड़े जाते हैं। क्योंकि उन पात्र श्रमिकों से मेट की वसूली नहीं हो पाती। अगर कोई पात्र श्रमिक मास्टर रोल देखकर अन्य लोगों को मनरेगा कार्य स्थल पर आने की बात कहता है। तो उस व्यक्ति का नाम अगली मास्टर रोल से कटवा दिया जाता है लोगो की मांग है कि अधिकांश पंचायतों में इसकी उच्च अधिकारियों से जांच कराई जाए तो ऐसे कई नाम सामने आएंगे जो व्यक्ति गांव में नहीं रहते अन्य शहरों में जाकर कार्य कर रहे हैं। या फिर मनरेगा कार्य स्थल पर जाते ही नहीं हैं वह अपने अपने कामों में बिजी हैं फिर भी उनके नाम मास्टर रोल में चल रहे हैं।

क्या बोले जिम्मेदार...

इस बाबत मे जब सम्बंधित जिम्मेदारों से जानकारी चाही गई तो उन्होंने बताया कि शिकायतें आई हैं मैं स्वयं समय-समय पर मनरेगा स्थलों पर जाकर जांच करता हूं जिन मेट द्वारा ऐसी अनियमितताएं बरती जा रही हैं, उनको तुरंत ब्लैक लिस्ट किया जा रहा है आने वाले समय में मोबाइल मॉनिटरिंग सिस्टम द्वारा श्रमिकों की हाजिरी शत प्रतिशत भरी जाएगी इससे ऐसे फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी।

मनरेगा के कार्यों में बड़ा गड़बड़झाला, मजदूरों का फर्जी मस्टर रोल बनाकर हो रहा भुगतान

मनरेगा के कर्मचारियों और मेट की मिलीभगत से हो रहा खेला, कभी-कभार मेट को ब्लैकलिस्ट करके मामले की इतिश्री

मकरसंक्रांति के अवसर पर खिचड़ी भोज आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर आज मकर संक्रांति पर्व पर सुल्तानपुर जिले की मानी जानी प्रसिद्ध ब्राह्मण संगठन परशुराम युवा वाहिनी मिशन परशुराम चौक भारत के नेतृत्व में भगवान श्री परशुराम चौक खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया जिसमे लगभग कई हजारों लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया लोगो ने कहा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अमित कुमार तिवारी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय महासचिव अतुल मिश्रा जी, पीयूष तिवारी जी,राष्ट्रीय आई टी सेल प्रभारी अतुल पाठक राष्ट्रीय उपाध्यक्ष। , के कड़ी मेहनत से कार्यक्रम सफल हुआ इस अवसर पे राष्ट्रीय पदाधिकारी कानूनी सलाहकार एडवोकेट विपिन मिश्रा जी , एडवोकेट देवेंद्र पाठक जी, नितिन मिश्रा , डॉक्टर प्रभात , सुधाकर मिश्रा ऊर्फ भल्लर, दीपेश पाठक जी ,राजदेव शुक्ला उर्फ बेनू,अरुण कुमार तिवारी, विजय शकर मिश्रा, सिंपल पांडेय, जयशंकर त्रिपाठी , सतीश पांडेय हाथी,गोपाल पांडेय , विकास मिश्रा ठेकेदार, अनुराग मिश्रा शुभ, अभिषेक तिवारी , प्रियांशु शुक्ला, अनिल कुमार तिवारी जी ,अमित पैसे , सूर्या पांडेय,बृजेश पांडेय,रंजित मिश्रा फौजी, लक्ष्मीकांत मिश्रा,मोहित शेखर मिश्रा,अखिल त्रिपाठी,संतोष मिश्रा,रोहित तिवारी,शरद चंद्र मिश्र,पवन मिश्रा, अकांश मिश्रा,जयशंकर मिश्रा,कृष्ण नंद दुबे ,अमर नाथ दुबे, वा अन्य लोगो के कड़ी मेहनत से कार्यक्रम सफल हुआ।

ट्रेन में ड्यूटी के दौरान सिपाही रात में सो नहीं पाएंगे वीडियो कॉल के जरिए होगी निगरानी : एसपी

एजेंसी

बांदा। ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए रात में चलने वाले पुलिस कर्मियों की निगरानी के लिए उनसे वीडियो कॉल पर बीच-बीच में बात की जाएगी, ताकि वह सोने न पाए और एक बोगी से दूसरी बोगी में जाकर घूमते हुए यात्रियों की देखरेख कर सके। यह नया सिस्टम एडीजी के आदेश पर शुरू किया गया है। यह जानकारी पुलिस अधीक्षक रेलवे झांसी जोन विपुल कुमार श्रीवास्तव ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए दी । उन्होंने बताया कि शाम 6 बजे से सुबह 6 बजे तक सभी ट्रेन एस्कॉर्टेड होती हैं। लेकिन ड्यूटी के दौरान सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मी सोने न पाए और उनके मूवमेंट पर निगरानी की जाए, इसके लिए यह नया सिस्टम लागू किया गया है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ट्रेनों में चलने वाले अवैध वेंडर्स का सत्यापन कराया जाएगा। जिन वेंडर का जहां स्थान फिक्स है, वहीं पर उन्हें रहने के लिए कहा जाएगा। जो बिना वर्दी अवैध ढंग से घूम रहे हैं। उन वेंडर्स पर अंकुश लगाया जाएगा। उन्होंने बांदा रेलवे स्टेशन के बाहर अवैध पार्किंग के बारे में पूछें जाने पर बताया कि इसकी जानकारी कर इस बात की सख्त हिदायत दी जाएगी कि स्टेशन के बाहर किसी तरह से अवैध पार्किंग न होने पाए। इसके पहले उन्होंने बताया कि वर्तमान में अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा और आगामी 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को देखते हुए शासन की निर्देश पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से प्लेटफार्म का निरीक्षण किया गया। साथ ही संबंधित थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान थाने में माल खाने, मेंस और बैरको का निरीक्षण किया गया। सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया गया। सफाई व्यवस्था संतोषजनक है लेकिन बहुत बेहतर नहीं है इसके लिए निर्देश दिए गए हैं। ट्रेनों में हो रही चोरियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि बांदा क्षेत्र में अधिकांश ट्रेनों के भीतर मोबाइल, पर्स और बैग की चोरी हो रही है।

यात्रियों से भी अपील है कि वह भी अपने सामान की सुरक्षा करें। बांदा जीआरपी एरिया में अपराध कम है, जो फिलहाल अपराध हुए हैं उनका खुलासा हो चुका है। एक दो लंबित विवेचनाएं हैं, जिनका निस्तारण करने के लिए निर्देशित किया गया है।

शराब पीने से मना करने पर रेस्टोरेंट संचालक और कारीगर को पीटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। शराब पीने से मना करने पर अराजकतत्वों ने लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से रेस्टोरेंट संचालक और कारीगरों पर हमला कर दिया। हमले में तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। जिन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

मामला कुड़वार थाने के बांसी गांव का है। बांसी गांव में सड़क किनारे कौशलेंद्र प्रताप सिंह का रेस्टोरेंट संचालित है। यहां एक युवक रेस्टोरेंट पर आया और शराब पीने लगा। मना करने पर वह मारपीट पर आमादा हो गया। किसी तरह उसे वहां से भगाया गया। थोड़ी देर बाद लाठी-डंडे, लोहे की रॉड से लैस होकर 6-7 युवको को लेकर रेस्टोरेंट पर पहुंचा। पहुंचते ही मनबढ़ युवकों ने कौशलेंद्र प्रताप सिंह और उनके पुत्र राजा पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आए कारीगर को भी हमलावरों ने नहीं बक्शा। कौशलेंद्र प्रताप सिंह और उनके पुत्र के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। कारीगर का हाथ फ्रैक्चर हो गया है। सभी घायलों का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। थानाध्यक्ष गौरीशंकर पाल ने बताया कि शराब पीने को लेकर मारपीट की बात सामने आई है। जांच पड़ताल के आधार पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

समुदाय विशेष के अराजकतत्वों ने देवी-देवताओं पर की अभद्र टिप्पणी, तीन गिरफ्तार

सुल्तानपुर । धम्मौर थाने के एसओ ने बड़ी वारदात होने से जिले को बचा लिया। समुदाय विशेष के तीन अराजकतत्व युवकों ने सोशल मीडिया पर हिंदू देवी-देवताओं पर अभद्र टिपण्णी कर दिया। जिसमें हिंदू वादी संगठन के लोगों ने थाने पर शिकायत किया। एसओ ने तत्काल आरोपियों धर दबोचा और आज कोर्ट में पेश किया। जहां से आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। धम्मौर एसओ तरुण पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि थानाक्षेत्र के समुदाय विशेष के तीन अराजकतत्व युवकों ने आपसी सौहार्द को बिगाड़ने की कोशिश किया। तीनों अराजकतत्वों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी किया। जिस पर हिंदू संगठन ने आपत्ति जाहिर की। ये मामला जैसे ही हमारे संज्ञान में आया हमने एसपी को सूचित किया। उनके निर्देश पर मामले का स्वतः संज्ञान लेते हुए केस दर्ज किया। थानाध्यक्ष तरुण कुमार पटेल ने उप निरीक्षक जमील अहमद, हेड कॉन्स्टेबल सुशील शुक्ला, कॉन्स्टेबल भूपेन्द्र यादव के साथ सरकारी वाहन से महेशनाथ मंदिर वाली रोड पर नहर की पुलिया के पास चेकिंग लगा रखा था।

राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में उतरे कांग्रेसी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। देश में शांति और न्याय का दौर वापस लाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा मणिपुर से मुंबई तक की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा का शुभारंभ किया। इसके संदर्भ में राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर जनपद में देर शाम नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी की मौजूदगी में एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा के पूर्व कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे नवनियुक्त प्रदेश सचिव एवं जनपद प्रभारी अर्जुन पासी का शहर अध्यक्ष शकील अंसारी समेत दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। स्वागत के उपरांत नवनियुक्त जनपद प्रभारी अर्जुन पासी ने कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं से परिचय प्राप्त कर कार्यकर्ताओं में जोश भरा उन्होंने सभी से संगठन को मजबूत कर एवं वर्तमान तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने व कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मकसद को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। जिला कार्यालय से कांग्रेस नेता राहुल गांधी के समर्थन में शहर अध्यक्ष शकील अंसारी के संयोजन में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेताओं ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2.0 का बैनर लेकर न्याय यात्रा की थीम बजाते हुए जिला कार्यालय से लाल डिग्गी चौराहा, डाकखाना चौराहा, गल्ला मंडी, जिला चिकित्सालय, नगर कोतवाली, बस अड्डा, आजाद पार्क, तिकोनिया पार्क, पंत स्टेडियम होते हुए वापस जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचे। जहां न्याय यात्रा का समापन किया गया। ज्ञात हो कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा 2.0 रविवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से 15 राज्य एवं लगभग 110 जिलों का सफर तय कर मुंबई पहुंचेगी।यह यात्रा भाजपा सरकार के तानाशाही के खिलाफ़ एवं देश की जनता को न्याय दिलाने अथवा देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी एवं अन्याय के खिलाफ है इस यात्रा का मकसद देश में आपसी सौहार्द एवं भाईचारा कायम रखने हेतु निकाली गई है। जिला कार्यालय में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के समापन के दौरान कांग्रेस शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 2.0 भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश के लोगों को न्याय दिलाने की यात्रा है जिसे आज मणिपुर से 15 राज्य लगभग 110 जिलों से होकर मुंबई तक का सफर तय करेगी। देश में भाजपा सरकार की तानाशाही एवं देश में बढ़ती महंगाई बेरोजगारी व देश के अवाम के साथ हो रहे अन्याय और नफरत की राजनीति के खिलाफ है। देश में अमन चैन भाईचारा एवं हर धर्म व समुदाय के लोगों को न्याय का अधिकार दिलाने हेतु कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा का मणिपुर से शुभारंभ किया जिसका सफर मुंबई तक तय होगा। आज हम लोग अपने जननायक व जननेता के समर्थन में शहर के विभिन्न मार्गो पर पैदल चलकर पदयात्रा निकाली। वरिष्ठ नेता हरीश त्रिपाठी, कृष्ण कुमार मिश्र ,ओम प्रकाश सिंह, नफीस फारुकी, तेजबहादुर पाठक, हौसिला प्रसाद भीम,राहुल त्रिपाठी,रणजीत सिंह सलूजा आदि लोगों ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस मौके पर, राहुल त्रिपाठी,योगेश पांडेय, विजय पाल, मदन तिवारी, सलाउद्दीन हाशमी, पंकज सिंह, नफीस पठान, शक्ति प्रसाद तिवारी, नंदलाल मौर्य, मनीष तिवारी, एडवोकेट मिर्ज़ा अकरम वेग, प्रेमचंद भारती, महेंद्र प्रताप सिंह, सिराज अहमद भोला, रणजीत सिंह सलूजा, महेश मिश्र, मो कमर खान, मीनू यादव, अमोल बाजपेई, इमरान अहमद, शीतला प्रसाद साहू, नीरज सिंह, राहुल मिश्रा, शईद, खालिद, सब्बू, अनवर अंसारी, मेराज अहमद, अर्श खान लकी, ममनून आलम, राजदेव शुक्ला, आवेश अहमद, ओम प्रकाश दुबे, जनार्दन शुक्ल, एडवोकेट हामिद राइन आदि लोग सम्मिलित रहे।

पति-पत्नी का दिखा अटूट प्रेम, पत्नी की तेरहवीं से एक दिन पहले पति ने तोड़ा दम

सुल्तानपुर। सात फ़ेरे लेकर सात जन्म तक साथ जीने-मरने का वादा सभी करते हैं लेकिन ऐसा किसी-किसी को ही नसीब होता है। सुल्तानपुर के जयसिंहपुर कोतवाली अंतर्गत सेमरी कस्बे में ऐसा देखने को मिला। जहां पत्नी की मृत्यु के बाद उसकी तेरहवीं नहीं हो पाई थी और शोकाकुल पति ने दम तोड़ दिया। सेमरी कस्बा निवासी रामबहाल (65) की पत्नी श्यामकाली (62) का निधन 3 जनवरी को बीमारी के चलते हो गया था। तब से रामबहाल एकांतवासी व विचलित रहने लगे थे। आज पत्नी की तेरहवीं थी, जिसके निमंत्रण बट गए थे। रिश्तेदार भी घर आ गए थे। लेकिन रविवार को पिंडदान कर रामबहाल जब घर वापस आए तो अचानक उन्हें बेचैनी हुई और पसीना आने लगा व बेहोश हो गए। परिजन उन्हें निजी चिकित्सालय ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर सुनते ही कस्बे के लोग इकट्ठा हो गए। इस प्यार को देखकर सबकी आंखे नम हो गई।
वही, अब पूरे इलाके में यह चर्चा का विषय बना हुआ है। आज दोपहर बाद राम बहाल का गांव में ही अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कस्बे वासी और रिश्तेदार शामिल हुए।

संदिग्ध अवस्था में मिला अधेड़ का शव

सुल्तानपुर। संदिग्ध अवस्था में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। अधेड़ का शव ट्यूबेल के पास जमीन पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।घटना गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर गांव की है।
जानकारी के अनुसार गोसाईगंज थानाक्षेत्र के अन्नपूर्णानगर निवासी राकेश पाण्डेय (55वर्ष) पुत्र राम प्रगट पाण्डेय रविवार शाम को भोजन करने के बाद गांव के बाहर खेत में लगे ट्यूबेल के कमरे में सो रहा था। सोमवार सुबह खेत की ओर गए ग्रामीणों ने देखा तो राकेश पाण्डेय का शव ट्यूबेल के कमरे के बाहर जमीन पर पड़ा हुआ था। ग्रामीणों के अनुसार मृतक की नाक से खून निकला दिखाई पड़ रहा था। जिसकी सूचना ग्रामीणों ने पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी की कई वर्ष पहले मौत हो चुकी है। उसकी दो पुत्रियां हैं जो ननिहाल में रहती हैं। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया मृतक टीबी का मरीज था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का पता चल पाएगा।

भव्यता के साथ निकली प्रभु श्री राम एवं जगन्नाथ की शोभायात्रा

एजेंसी

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के रामोत्सव पर्व के अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं शोभायात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद के नेतृत्व में भव्यता के साथ प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारम्भ महापौर गणेश केसरवानी, मंत्री गगन गुप्ता, भाजपा नेता रईस चंद्र शुक्ला, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, जयराम गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता, राजेश केसरवानी, अमर रस्तोगी पूर्व पार्षद उमेश चंद्र गुप्ता, शशिकांत जायसवाल ने प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की महाआरती कर रथ खींचकर किया। इसके पूर्व ट्रस्ट के मंत्री ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया और प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की माता सुभद्रा एवं बलभद्र को रथ पर विराजित किया। शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ भक्तों के द्वारा प्रभु श्री रामजी की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजित अक्षत वितरित कर अवध आने का निमंत्रण दिया और 22 जनवरी को दिव्य श्री राम ज्योति जलाकर दीपोत्सव पर्व मनाने की भक्तों से अपील की। रथ यात्रा सह संयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि शोभा यात्रा प्रयागेश्वर मंदिर काशीराज से आरम्भ होकर कटघर, मुट्ठीगंज छोटा चौराहा, राम भवन, बहादुरगंज, मानसरोवर, जीरो रोड, लोकनाथ, ऊंचा मंडी, सुलाकी चौराहा, बांस मंडी, बलुआ घाट होते हुए काशीराज नगर के प्रयागेश्वर मंदिर में समाप्त हुई। शोभा यात्रा में भगवान श्री राम का दरबार, भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा भ्राता, बलभद्र एवं हनुमान जी की भव्य झांकी एवं ध्वज पताका डीजे बैंड शामिल रहा। भक्तगण जय श्री राम का नारा लगाते हुए राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव पर मनाने की अपील कर रहे थे। शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से लाल बाबू, त्रिलोकी केसरवानी, विनोद कुमार श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, महेश वर्मा, हैप्पी कसेरा, गीता गुप्ता, रानी केसरवानी, अर्चना केसरवानी, अजय अग्रहरि, बैजनाथ केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी, राजेश शर्मा, पद्माकर श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन गुप्ता आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

कनिष्ठ अभियंता बन जिले की बेटी ने बढ़ाया मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुल्तानपुर। जिले की बिजेथुआ महावीरन गांव की अलका ने एसएससी भर्ती की प्री और मेंस परीक्षा उत्तीर्ण कर केंद्रीय लोक निर्माण विभाग विभाग में बतौर कनिष्ठ अभियंता पद पर चयनित होकर क्षेत्र को गौरवांवित कर दिया। अलका के पिता राकेश जिला पंचायत सुल्तानपुर में सीनियर क्लर्क और मां राजकुमारी गृहणी हैं।

कर्मचारी चयन आयोग की अखिल भारतीय कनिष्ठ अभियंता भर्ती परीक्षा 2023 का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। जिसमें सिविल, इलेक्ट्रिकल तथा मेकेनिकल की 1374 सीटों के लिए डिप्लोमा बीटेक तथा एमटेक योग्यता रखने वाले लाखों अभ्यर्थी शामिल हुए थे । जिसमें जिले की अलका ने बाजी मारी। माता की अस्वस्थता के चलते घर के काम बटाने की वजह से अलका की प्रारंभिक से लेकर डिप्लोमा तक की पढ़ाई जिले के शिक्षण संस्थाओं में घर पर रहकर हुई । राजकीय पॉलीटेक्निक केनौरा सुल्तानपुर से 2020 में सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया। तत्पश्चात इंजीनियर भर्ती परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रयागराज की एक्सीलेंटविजन से ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से तैयारी की। अपनी सफलता का मार्गदर्शन श्रेय अंब्रीश श्रीवास्तव, सुमित सेंगर और बलवीर सिंह को दिया। पिछली बार एसएससी जेई भर्ती परीक्षा में मुख्य परीक्षा से असफल होने के बाद पुनः धैर्य, आत्मविश्वास और ईमानदारी से सतत अध्ययन करते हुए इस बार सीपीडब्ल्यूडी में चयनित होकर पैरेंट्स, गुरुजनों और क्षेत्रवासियों का मान बढ़ाया। बड़ी बहन वर्षा, छोटी बहन अंचल और छोटा भाई आदर्श बहन की उपलब्धि पर खुश हैं। गुरु अरहम सिद्दीकी ने कहा शुरू से ही मेधावी अलका भविष्य में और भी सफलताएं अर्जित करेगी।अलका ने अपनी कामयाबी में अपनी सहेलियों पूजा और वशिष्ठ का भी महत्वपूर्ण योगदान बताया। अलका की इस शानदार कामयाबी पर शिक्षक नवीन वर्मा, जीतू शाक्य, शशि भूषण सिंह और रवि शंकर वर्मा ने बधाइयां दी।

मेरठ में सर्राफा व्यापारियों का डेढ़ करोड़ का सोना लेकर कारीगर फरार

मेरठ। मेरठ में सदर सर्राफा बाजार के व्यापारियों का डेढ़ करोड़ रुपए कीमत का सोना लेकर कारीगर फरार हो गया। जब व्यापारियों ने कारीगर से सोना वापस लेने को फोन किया तो उसका फोन बंद मिला। व्यापारियों ने एसपी सिटी से मिलकर कार्रवाई की मांग की। सदर सर्राफा में सर्राफा व्यापारियों के सोने के आभूषणों की छिलाई का काम महबूब करता है। इस समय महबूब अपने घर कोलकाता गया हुआ है तो उसका बेटा अमीन इस काम करता है। अमीन ने आभूषणों की छिलाई के लिए बाहर से कारीगर काम करने के लिए बुलाए। रविवार की रात को सर्राफ मनोज वर्मा और विवेक जैन ने दो किलो सोने के आभूषण छिलाई करने के लिए दिए थे। सोमवार को महबूब ने दोनों सर्राफा व्यापारियों को फोन करके बताया कि मेरे बेटे अमीन से मारपीट करके बाहर से बुलाए गए कारीगर सोना लेकर फरार हो गए हैं। वे कारीगर अमीन का फोन भी अपने साथ ले गए हैं। तत्काल ही सर्राफा व्यापारियों ने इसकी सूचना मेरठ बुलियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के महामंत्री विजय आनन्द अग्रवाल को दी। इसके बाद सर्राफा व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल एसपी सिटी आयुष सिंह से मिला। एसपी सिटी ने पूरे मामले की जांच सीओ कैंट आदित्य बंसल को सौंप दी। सीओ कैंट ने सर्राफा व्यापारियों से पूरे मामले की जानकारी लेकर जांच शुरू कर दी है। मेरठ में सर्राफा व्यापारियों का सोना लेकर कारीगरों के भागने के लगभग छह मामले सामने आ चुके हैं।

मंदिर अधूरे नहीं होते, मंदिर निर्माण सतत प्रक्रिया है : नीरज दोनेरिया

अयोध्या। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक नीरज दोनेरिया ने कहा कि मंदिर अधूरे नहीं होते, मंदिर निर्माण एक सतत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग कह रहे हैं कि अभी मंदिर पूरा भी नहीं बना तो उद्घाटन क्यों हो रहा है, जबकि अभी रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो रही है। दोनेरिया ने कहा कि जैसे ही मंदिर पूरा बनकर तैयार होगा, उस समय भी भव्य आयोजन होगा। उन्होंने कहा कि वैसे,मंदिर कभी अधूरा नहीं होता,मंदिर निर्माण सतत चलने वाली प्रक्रिया है। आपने अपने आसपास के कई मंदिर देखे होंगे,जो धीरेऽधीरे बनते रहे और आज विशाल रूप में होंगे। बजरंग दल के राष्ट्रीय संयोजक ने कहा कि श्रीराम मंदिर एक साधारण मंदिर नहीं है। यह राष्ट्र मंदिर है। राम मंदिर बनने के बाद देश का भाग्योदय होगा। इसके संकेत मिलने शुरू हो गए हैं।

मकर संक्रांति : सूर्य का मकर राशि में प्रवेश यानि सूर्य का उत्तरायण में प्रवेश : अनिता

एजेंसी

मुरादाबाद में राष्ट्र सेविका समिति ने मनाया मकर संक्रान्ति उत्सव

मुरादाबाद। राष्ट्र सेविका समिति मुरादाबाद द्वारा श्रीकृष्ण नगर ने ओम भवन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यालय में मकर संक्रांति पर्व बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम अध्यक्ष अर्चना प्रकाश ने समिति के महत्व और अनुशासन पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति की विभाग कार्यवाहिका अनिता ने कहा कि मकर संक्रांति सूर्य का मकर राशि में प्रवेश यानि सूर्य का उत्तरायण में प्रवेश। उन्होंने कहा कि असतो मा सद्मय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योर्मामृतं गमय? अर्थात प्रकृति का प्रकाश की ओर चलने का यह उत्सव है। इस दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है, इसी को मकर संक्रांति कहते हैं। अनिता ने आगे कहा कि सभी एक वर्ष में चार संक्रांति होती हैं। मेष संक्रांति, कर्क संक्रांति, तुला संक्रांति, मकर संक्रांति। यह सूर्य देवता का दिन है। आज से ही कुंभ स्नान प्रारंभ होता है। हमारे यहां पर दो प्रकार की कालगणना है। एक सूर्य गणना, दूसरी चंद्र गणना। सूर्य की गणना और चंद्रमा की गणना में लगभग सात दिन का अंतर होता है। इसलिए चार वर्ष में एक महीना लोन का आता है। भारतीय काल गणना से ही पूरा विज्ञान है। ग्रेग्रेरियन कैलेंडर यह नहीं बता सकता कि किस दिन सूर्य ग्रहण पड़ेगा, किस दिन चंद्र ग्रहण पड़ेगा। पूर्णिमा-अमावस्या के बारे में किसी भी देश के पास कोई जानकारी नहीं है। भारतीय ज्ञान और विज्ञान विश्व के अंदर हमारे लिए गौरव का विषय है। कार्यक्रम का संचालन महानगर बौद्धिक प्रमुख संगीता ने किया एवं परिचय नगर कार्यवाहिका शिखा जैन द्वारा करवाया गया। इस अवसर पर नगर कार्यकारिणी एवं समिति की सभी दायित्ववान बहनें उपस्थित रहीं।

पड़ोसी के घर में मिला युवक का शव,हत्या की आशंका

बदायूं। बिल्सी कस्बा में सोमवार को एक युवक का शव खून से सना हुआ पड़ोसी के घर में मिला। परिजनों ने एक महिला पर युवक की सिर कुचल कर हत्या करने की आशंका जताई है। सूचना पर पहुंची बिल्सी थाना पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बिल्सी कस्बे के मोहल्ला संख्या छह में रहने वाले सत्यवीर का शव खून से लथपथ हालत में मोहल्ले के ही रहने वाले मोर सिंह के घर में मिला। परिजनों ने बताया कि सत्यवीर बिल्सी सब्जी मंडी में सब्जी बेचकर अपना गुजारा करता था। उसके भाई ने मोहल्ले की एक महिला पर सत्यवीर की हत्या करने की आशंका जताई है, क्योंकि सत्यवीर का मोबाइल पुलिस को एक कुएं से मिला है। मामले में बिल्सी थाना पुलिस का कहना है कि युवक की संदिग्ध हालत में मौत हुई है। परिजनों ने एक महिला पर हत्या की आशंका जताई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया जो तथ्य निकल कर आएंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच कर रही है।

भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष व पूर्व एमएलसी राजकुमार त्यागी का निधन

मेरठ। भाजपा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं एमएलसी रहे प्रो. राजकुमार त्यागी का रविवार की देर रात निधन हो गया। वे 85 वर्ष के थे। बीमारी के चलते उनका दिल्ली के अपोलो अस्पताल में इलाज चल रहा था। सोमवार को सूरजकुंड स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। गाजियाबाद जनपद के मोदीनगर क्षेत्र के निवाड़ी गांव के मूल निवासी प्रो. राजकुमार त्यागी 40 वर्ष तक भाजपा में सक्रिय रहे। वे भाजपा के पश्चिम क्षेत्र के 11 वर्ष तक क्षेत्रीय अध्यक्ष रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें विधान परिषद का सदस्य बनाया। वे पानीपत में पॉलिटिकल साइंस के प्रोफ़ेसर रहे। मेरठ में गढ़ रोड स्थित मीरा एन्क्लेव में रहते थे। उपेक्षा के चलते राजकुमार त्यागी ने एक समय भाजपा छोड़ दी थी। इसके बाद फिर से भाजपा में शामिल हो गए। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। दिल्ली के अपोलो अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था। रविवार की देर रात उनका अस्पताल में ही निधन हो गया। उनके निधन से भाजपा परिवार, शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके परिवार में पत्नी राजबाला त्यागी, दो बेटे शितांशु त्यागी और डॉ. हिमांशु त्यागी है। सोमवार को सूरजकुंड श्मशान घाट में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

तीन महीने से सैलरी ना मिलने पर जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर और कर्मचारी हड़ताल पर

इमरजेंसी को छोड़कर सभी स्वास्थ्य सेवाएं ठप

अचानक इस हड़ताल से अस्पताल आने-जाने वाले मरीजों को बैरंग घर लौटना पड़ रहा है।जिला अस्पताल में इलाज कराने आ रहे और भर्ती मरीजों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

सैलरी की मांग को लेकर धरने पर बैठे डॉक्टर

वहीं जिला अस्पताल के हड़ताल पर बैठे सीएमएस डॉक्टर अनिल ने बताया कि स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय से जिला अस्पताल से सम्बद्ध हो गया है। ऐसे में हम सभी कर्मचारियों को मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा ही वेतन दिया जाना है। लेकिन तीन महीने से हम लोगों को जानबूझकर वेतन नहीं दिया जा रहा है।संविदा पर कार्यरत स्वास्थ्य कर्मी भी वेतन से वंचित हैं।हम लोगों ने कई बार वेतन भुगतान को लेकर के उच्च अधिकारियों को पत्र लिख चुके हैं,मांग कर चुके हैं, लेकिन अभी तक वेतन भुगतान नहीं किया गया ना ही हमारी कोई बात सुनी गई।जिससे हम लोग परेशान होकर के अचानक हड़ताल शुरू कर दी।वहीं मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य धनंजय श्रीकांत कोटास्थाने हड़ताल कर धरने पर बैठे जिला अस्पताल के डॉक्टर और सीएमएस को समझाने में जुटे हुए हैं।जल्द से जल्द वेतन भुगतान करने का आश्वासन दे रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद भी डॉक्टर और कर्मचारी अपने वेतन की भुगतान की मांग के साथ जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिला अस्पताल (मेडिकल कॉलेज) में तैनात सीएमएस व कर्मचारी और डॉक्टर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं।जिला अस्पताल के परिसर के अंदर ही धरने पर बैठे हुए हैं। इन्हें तीन महीने से वेतन नहीं मिल रहा है,जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।तीन महीने से वेतन न मिलने से परेशान होकर सभी मकर संक्रांति त्योहार के दिन ही स्वास्थ्य सेवाएं ठप करके सैलरी की मांग को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं।डॉक्टर और कर्मचारियों की मांग है कि जल्द से जल्द हम वेतन का भुगतान किया जाए।जानबूझकर वेतन भुगतान न करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए।जिला अस्पताल को मेडिकल कॉलेज में कन्वर्ट करते हुए मेडिकल कॉलेज प्रशासन के जिम्मे सौंप दिया गया है। जिला अस्पताल में तैनात डॉक्टर, सीएमएस सहित कर्मचारियों और डॉक्टरों का वेतन मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा जारी किया जाता है।लेकिन तीन महीने से जिला अस्पताल के सीएमएस व डॉक्टर समेत कर्मचारी का वेतन भुगतान मेडिकल कॉलेज प्रशासन द्वारा नहीं किया जा रहा है, जिससे परेशान होकर मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर सीएमएस और स्वास्थ्य कर्मचारी हड़ताल पर हैं।जिला अस्पताल में पर्चा काउंटर बंद कर दिया गया है।

आरएएफ जवानों के साथ गोण्डा पुलिस ने अयोध्या बार्डर व नदी किनारे किया फ्लैग मार्च

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा ।अयोध्या धाम में होने वाले श्री राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम एवं प्रधानमंत्री जी के आगमन के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक राधेश्याम ने नवाबंगज पुलिस ने आरएएफ फोर्स के साथ गोण्डा-अयोध्या बार्डर, कटरा रेलवे स्टेशन, सरयू सीमावर्ती क्षेत्रो में फ्लैग मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा द्वारा फ्लैग मार्च के दौरान गोण्डा-अयोध्या बार्डर व सीमावर्ती गाँवों में फ्लैग मार्च व ड्रोन कैमरों से निगरानी करते हुए संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी, गाँवों में भ्रमण के दौरान लोगो से वार्ता कर किसी भी नये व्यक्तियों के आने पर इसकी सूचना पुलिस को देने तथा उसका सत्यापन कराने हेतु हिदायत किया गया।तत्पश्चात थाना नवाबगंज क्षेत्र के अंतर्गत कटरा रेलवे स्टेशन में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश।इसके अतिरिक्त गोण्डा-अयोध्या बार्डर सीमा के आस-पास होटलों, ढाबों, दुकानों आदि की सघन चेकिंग व रूट डायवर्जन कर कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिस फोर्स लगाने हेतु निर्देशित किया गया।पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में अयोध्या धाम में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु अभियान को निरन्तर जारी रहेगा।इस मौके पर क्षेत्राधिकारी तरबगंज सौरभ वर्मा, प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज मनोज कुमार राय,चौकी प्रभारी सरयू घाट व पुलिस के अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मिट्टी का अवैध खनन जोरो पर, प्रशासन मौन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। तहसील क्षेत्र के तिवारी बाजार कटहा घाट घोसियाना के पास अवैध रूप से मिट्टी का खनन जोरों पर चल रहा है।सूत्र बता रहे है कि सब कुछ पुलिस व प्रशासन की जानकारी में हो रहा है,लेकिन प्रशासनिक अमला शांत बैठा हुआ है। सदर तहसील क्षेत्र में जेसीबी व ट्रैक्टर लगा कर खनन माफिया शासन के दिशा निर्देशो की धज्जियां उड़ा रहे है।शिकायत के बाद भी कार्रवाई न होने से खनन माफियाओं के हौसले बुलंदी पर है।शासन ने पूरे प्रदेश में अवैध रुप से हो रहे खनन पर रोक लगाई हुई है। खनन के लिए शासन से आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रशासनिक अमले को दी गई है।इसके बाद भी सदर तहसील क्षेत्र में पुलिस व तहसील प्रशासन की अनदेखी व मिली भगत के चलते मिट्टी खनन का कार्य बे रोक-टोक चल रहा है।खनन माफिया खुलेआम जेसीबी से ट्रैक्टर-ट्राली पर मिट्टी लाद कर क्रय विक्रय कर रहे है।क्षेत्र के कई लोगों ने इस बाबत तहसील व पुलिस प्रशासन से शिकायत भी किया,लेकिन खनन माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई न होने से उनके हौसले बुलंद है।अवैध रूप से खनन के बाद लदी मिट्टियां लेकर रोड पर चलने वाले ट्रैक्टर चालकों की रफ्तार इतनी तेज होती है कि अक्सर हादसे भी होते है।इसके बाद भी इन अवैध खनन करने वालों के खलिाफ कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।वहीं इस बाबत पूछे जाने पर तहसीलदार का कहना है कि अब तक कहीं से अवैध खनन की शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर अवैध खनन में लिप्त लोगों के खिलाफ जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक ने 48 सिपाहियों का किया तबादला

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था की अथोर से उठाया गया बेहतर कदम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के लिए जनहित और प्रशासनिक क्षेत्र में 31 मुख्य आरक्षी और 17 आरक्षियों के कार्यक्षेत्र में फ़ेरबदल करते हुए तबादला किया है।

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने मुख्य आरक्षी मनोज कुमार यादव को पुलिस लाइन से पेशी अपर पुलिस अधीक्षक,आरक्षी अंगद कुमार को पुलिस लाइन से कोतवाली नगर भेजा गया है।वही महिला मुख्य आरक्षी संज्ञा भारती,मुख्य आरक्षी राजेश प्रताप यादव, अशोक यादव,को पुलिस लाइन से कोतवाली नगर भेजा गया है।बांका सिंह,महेश कुमार,बिपिन बिहारी पटेल, नरेंद्र

पुलिस लाइन से थानों पर मिली तैनाती



यादव,देवनंदन वर्मा,दिलीप कुमार,रवि प्रकाश यादव,सर्वेश कुमार,और महिला आरक्षी सुमित्रा चौहान को पुलिस लाइन से कोतवाली देहात का ताबदला किया गया है।वही विनय कुमार, राकेश सिंह को पुलिस लाइन से इटियाथोक आरक्षी चेतन पांडे,बिजली प्रसाद को पुलिस लाइन से खरगूपुर,जयमाल,दीपेंद्र प्रताप सिंह,वीरेंद्र कुमार,विजय नाथ यादव को पुलिस लाइन से मनकापुर, प्रदीप कुमार नितेश यादव को पुलिस लाइन से छपिया भेजा गया।वहीं, हरिओम मद्धेशिया, राजनारायण यादवसरोज कुमार रावत,प्रमोद कुमार को पुलिस लाइन से खोडारे,मुख्य आरक्षित दया यादव,विजय बहादुर यादव

महिला आरक्षी सिंपल मौर्या को पुलिस लाइन से नवाबगंज,अरुण यादव,निखिल राठौर,शुभम मौर्य को पुलिस लाइन से धानेपुर तबादला किया गया है नितेश कुमार,आदित्य पाल,सत्येंद्र कुमार,राकेश कुमार यादवको पुलिस लाइन से कटरा तबादला किया गया हैसंजय कुमार सिंह,राम सुमंत प्रसाद,रणविजय मिश्रा,सुरेश यादव,को पुलिस लाइन से वजीरगंज भेजा गया है।धर्मेंद्र यादव,अजय सिंह को पुलिस लाइन से तरबगंज, मंगल सिंह यादव,उपेंद्र कुमार को पुलिस लाइन से परसपुर राजू प्रसाद को पुलिस लाइन से मोतीगंज व उमानाथ यादव को क्षेत्राधिकारी कार्यालय लाइन से क्षेत्राधिकारी कार्यालय लाइन में नई तैनाती दी गई है।

पुलिस क्षेत्राधिकार ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

जरवल बहराइच। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारिया व सुरक्षा के मद्देनजर थाना क्षेत्र में बैरी केटिंग लगाकर वाहनों की तलाशी ले कर परखी जा रही सुरक्षा व्यवस्था, सुरक्षा की दृष्टिगत को देखते हुए पुलिस क्षेत्राधिकारी ने तैयारियों का लिया जायजा, तथा थाना क्षेत्र के पुलिस कर्मियों को चेंकिग कर संदिग्धों पर नजर रखने का दिया निर्देश।थाना क्षेत्र जरवल रोड के अंतर्गत निकट एकलव्य महाविधालय झुकिया ओवर बृज लखनऊ बहराइच हाइवे पर पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र कुमार गौड के नेतृत्व में जरवलरोड पुलिस ने वाहनों की सघन तलाशी ली। क्षेत्राधिकारी श्री गौड ने मीडिया से बात करते हुए कहा की अयोध्या मे श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा की कार्यक्रम के मद्देनजर जो सामग्री जा रही है,उसको जांच के बाद जाने दिया जा रहा है। जिले का बार्डर थाना होने के कारण अधिक सतर्कता बरती जा रही है।रोडवेज बसों समेत अन्य वाहनों की तलाशी लेकर ही जाने दिया जा रहा है। बड़े व भार वाहनों के जाने पर रोक है।पुलिस कर्मियों को सघन चेकिंग करने तथा संदिग्धों पर कडी नजर रखने का निर्देश दिए गए है। वही जरवल रोड बस स्टॉप तिराहा पर भी बड़ी संख्या मे पुलिस कर्मियों के थाना प्रभारी निरीक्षक जरवलरोड विनोद कुमार राव,उपनिरीक्षक दिनेश सिंह समेत पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।

नानपारा क्षेत्र में शीत लहरी के प्रकोप से परेशान नागरिक

नानपारा, बहराइच। भारत नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र में दिनों व्यापक शीत लहरी का प्रकोप जारी है जाड़े से बचने के लिए अधिकांश लोग घरों में दुबके रहते हैं जरूरी कार्यों से निकलने वाले लोग नौकरी पेसा एवं मजदूर बाहर निकलते हैं। शीत लहरी के प्रकोप का व्यापक असर क्षेत्र में देखा जा रहा है तापमान का पारा गिरने से हाड़ कपा देने वाली सर्दी का मौसम- मुंशी प्रेमचंद द्वारा लिखी गई किताब पूस की रात कहानी की याद ताजा हो जाती है । जाड़े से बचाव के लिए प्रशासनिक स्तर पर जो अलाव की व्यवस्था की गई है वह भी आपर्याप्त साबित हो रही है। गांव-गांव में कंबल बांटने के निर्देश हैं परंतु पर्याप्त मात्रा में कंबलों का वितरण नहीं हो सका है। कुछ स्थानों पर रैन बसेरा की व्यवस्था की गई है परंतु संसाधन पर्याप्त नहीं है जाड़े का प्रकोप लोगों को सता रहा है। डॉक्टर के यहां ठंड से परेशान लोगों की भीड़ दिखाई पड़ती है।

सांसद डिंपल यादव का 46वां जन्मदिन सपा जिला पार्टी कार्यालय पर केक कटकर मनाया गया

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश अखिलेश यादव की धर्मपत्नी महिला सशक्तिकरण की मिशाल मैनपुरी सांसद डिंपल यादव का 46वा जन्मदिन महिला सभा जिलाध्यक्ष मनु देवी की अध्यक्षता मे जिला पार्टी कार्यालय पर बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या मे मौजूद महिला सभा पदाधिकारियों ने केक काटकर डिंपल यादव जी की लम्बी उम्र की कामना करते हुए सादगीपूर्वक उनका जन्मदिन मनाया। जिलाध्यक्ष महिला सभा मनु देवी ने कहा कि इतिहास मे निर्विरोध लोकसभा चुनाव जीतकर संसद पहुंचने वाली एकलौती महिला सांसद डिंपल यादव जी महिला सशक्तिकरण के साथ साथ महिला स्वाभिमान की भी प्रतिक है। उनके जन्मदिन पर हम उनकी लम्बी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते है। डिंपल यादव जी ने हमेशा लोकसभा मे आगे बढ़कर महिला सम्मान व महिलाओं के हित की बात की है। पूर्व की समाजवादी सरकार ने महिलाओं की शिक्षा, आर्थिक स्वावलंबन, स्वास्थ्य और समग्र कल्याण के लिए कई योजनाएं महिलाओं को देने का काम किया। जैसे रानी लक्ष्मीबाई महिला सशक्तिकरण कोष की स्थापना कर महिलाओं को आर्थिक मदद देना हो, अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना चुकी वूमेन पॉवर लाइन 1090 को शुरु करना हो, किशोरी शक्ति योजना के तहत महिलाओं व बच्चियों को उचित व्यावसायिक प्रशिक्षण के साथ उन्हें पौष्टिक भोजन मुहैया कराना हो, कन्या विद्या धन योजना के जरिये कन्याओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित किया जाना इन सभी योजनाओं के माध्यम से समाजवादी पार्टी ने महिलाओं को सम्मान देने व उनका हक देने का कार्य किया। हम सभी आज यह संकल्प लेते है कि आगामी चुनावों मे गांव गांव महिलाओं के बीच मे जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों से अवगत कराएंगे व अधिक से अधिक सीटे पार्टी को जिताकर इस महिला विरोधी मोदी- योगी सरकार को उखाड़ फ़ेकने का काम करेंगे। इस अवसर पर जिला महासचिव रुखसार शाह, जिला उपाध्यक्ष नुसरत फातमा, पूनम गुप्ता, तारा बेगम, विधानसभा अध्यक्ष निशी खान, रीना प्रवीण, हिना उस्मान सहित तमाम महिला पदाधिकारी उपस्थित रही।

कुश्ती मे गौरव घुड़सवारी में ऋषि पाण्डेय रहे अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

जरवल बहराइच। मकर संक्रांति के उपलक्ष्य पर जरवल विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत हसना धवरिया में हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी दंगल और घुड़सवारी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रतियोगिता का शुभारम्भ पुलिस क्षेत्राधिकारी कैसरगंज रूपेंद्र गौड़ ने किया,कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रभारी निरीक्षक जरवल रोड विनोद राव रहे,रेफरी सुनारे पहलवान हुजूरपुर रहे,पहली कुश्ती राजवीर पहलवान व शिवा पाण्डेय के बीच हुई जिसमें दोनों की कुश्ती बराबर पर छूटी,दूसरा मुकाबला शमशेर पहलवान हरियाणा व रिजवान गनी जम्मू कश्मीर के बीच हुई जिसमें शमशेर पहलवान विजयी रहे । तीसरा मुकाबला शमशेर पहलवान हरियाणा व लकी थापा नेपाल के बीच हुआ जिसमें लकी थापा विजयी रहे। चौथा मुकाबला मुशीर केशरई व रवि पहलवान कानपुर के बीच हुआ जिसमें रवि पहलवान विजयी रहे,हरियाणा से आये मुन्ना टाइगर पहलवान के चैलेंज को गौरव सिंह पहलवान हसना धवरिया ने स्वीकार करते हुए कुश्ती लड़ा जिसमें गौरव सिंह पहलवान विजयी रहे,दंगल के बाद घोड़ा दौड़ प्रतियोगिता में ऋषि पाण्डेय आदमपुर विजयी रहे,इस मौके पर कार्यक्रम आयोजक पहलवान शिव गोविन्द सिंह,लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता,इंद्र प्रताप सिंह,आईपीएल अकाउंट मैनेजर अजीत प्रताप सिंह, इंद्रजीत सिंह, अम्बिका सिंह,बुधवारा सिंह,अखण्ड प्रताप सिंह,ननकू पहलवान कुरसंडा आदि मौजूद रहे।

सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार तेजी से बढ़ रहा है : संजीव श्रीवास्तव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच। रूल ऑफ लॉ सोसायटी के तत्वावधान में भारत नेपाल सीमावर्ती इलाके में स्थित चौगोई विलासपुर (विकासखंड नवाबगंज) गांव में जन चौपाल का आयोजन कर नशा उन्मूलन महाअभियान से जन जन को जोड़ने का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा सीमावर्ती इलाकों में पर्यावरण संरक्षण के लिए पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण की कार्य योजना भी बनाई गई। सीमावर्ती ग्राम चौगोई विलासपुर में आयोजित नशा उन्मूलन जन चौपाल को संबोधित करते हुए रूल ऑफ लॉ सोसायटी अध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में अवैध नशा कारोबार तेजी से बढ़ रहा है अबतक इसकी चपेट में आकर हजारों तरुण नवजवान बेमौत मारे गए हैं अबतक सैकड़ो घर परिवार तबाह हो गए हैं इसपर पूर्ण विराम न लगाया गया तो हालात भयावह होंगे। ग्राम प्रधान संगठन जिला उपाध्यक्ष तकम्मस खां ने कहा कि अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ग्रामीण प्रतिनिधियों के सहयोग से विशेष जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। प्रधान संघ के उपाध्यक्ष ने आवाहन किया कि अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के पेड़ लगाए ताकि पर्यावरण मानवानुकूल बना रह सके। वन रेंज अधिकारी चरदा पंकज साहू ने बताया कि सीमावर्ती इलाकों में स्थित चरदा रेंज में वन कटान रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है साथ ही आम जन से समन्वय बनाकर अधिकाधिक संख्या में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों रोपण व संरक्षण का अभियान भी चलाया जा रहा है। थानाध्यक्ष नवाबगंज राकेश पाण्डेय ने बताया कि अवैध नशा कारोबार पर प्रभावी अंकुश के लिए सीमावर्ती इलाकों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है साथ ही अवैध नशा कारोबारियों पर विशेष नजर भी रखी जा रही है ताकि अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर पूर्ण विराम लग सके। जन चौपाल का संचालन पर्यावरण विद पत्रकार धीरेंद्र शर्मा ने किया आयोजित चौपाल समापन अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एवं समाजसेवी मोहम्मद जुनैद अंसारी व मोहम्मद जमील अंसारी के निर्देशन में अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर पूर्ण नियंत्रण के लिए सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से समाजसेवी मंगतू खां, शैलेंद्र शर्मा, गोविंद मौर्या आदि लोग उपस्थित रहे।

नगर के अवैध निर्माण योगी राज में नगर पालिका की पहचान भ्रष्ट इंजी पटवारी कमा रहे माल

नोटिस के बाद भी नजूल की भूमि पर हो गया अवैध निर्माण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। नगर पालिका परिषद यानी किसी को भी अवैध निर्माण करना तो उनको बस भ्रष्ट इंजीनियर या नजूल विभाग के कर्मचारियों से संपर्क करना बाकी सारी समस्याओं का हल हो जायेगा ये बात कैनविज टाइम्स के रिपोर्टर नही कह रहे है बल्कि नगर में अवैध निर्माण करने वाला दूसरे अवैध निर्माण करने को तैयार व्यक्ति से कहता है और कही ना कही ये बात सही भी है क्योंकि नगर में हो रहे हर अवैध निर्माण में यही सामने आता है... शिकायत के बाद भी पटवारी मौके पर तो ठीक शिकायत तक नही देखता है बल्कि जिसकी शिकायत हुई उसको जा कर कह देता।इंजीनियर मौका रिपोर्ट लगाने की बजाए नगर पालिका परिषद में बैठे ही मन से मौका रिपोर्ट बना देते है आवासीय निर्माण अनुमति पर बने व्यवसाईक निर्माण की शिकायत के बाद भी रिपोर्ट में कही भी इसका जिक्र नहीं करता ख्रष्ट नही छोड़ा बस इतना लिख देता।ऐसा एक मामला नही है बल्कि कई मामले है।जिसमें भ्रष्ट इंजीनियर और पटवारी और नजूल की जोड़ी ने बड़े खेल किए है...? ऐसा ही कुछ दो मामलों में फिर सामने आया है ऐसे कई मामले है मालवीय नगर डॉक्टर बिष्ट की गली में सिंधी किचन स्टोर के बगल वाली दुकान और उसी के ठीक पास में हुए... नजूल की सम्पति पर अवैध निर्माण के मामले में भी बड़ा गोलमाल हुआ है।

जिसमें भी पालिका परिषद के इन भ्रष्टों का नाम चर्चाओं में है...? यह कोई पहला मामला नहीं है मालवीय नगर में अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने नजूल की जमीन पर अवैध तरीके से दुकान का नगरपालिका परिषद निर्माण अनुमति के विपरित जब इसका अवैध निर्माण हो रहा था.तब एक शिकायत और खबर 20 नवंबर 2022 को हुई थी दूसरा मामला ठीक इसी से लगे का है जिसकी भी अवैध निर्माण की शिकायत दिनांक 20 नवंबर 2022 को की गई थी।

दोनों शिकायतों पर कई दिनों तक नगर पालिका परिषद नजूल में बैठे तीन-तीन बार नोटिस देने का खेल हुआ... फिर पटवारी और नजूल के कर्मचारी की अगुवाई में इंजी के साथ मिल नोटिस से नोट कमाने का खेल हुआ...? आज डॉक्टर बिष्ट की गली में मालवीय नगर में अकबर मेंहदी और अफसर मेंहदी माजिद टेलर्स और ओमप्रकाश उर्फ दद्दू ने अपनी दुकानें बनाकर खड़ी कर ली है।और कुछ लोगो का महल जैसा शो रूम भी पूरा बन कर तैयार हो गया पर योगी के राज में इस नगर पालिका परिषद में हो रहे अवैध निर्माण करने वालों का कुछ नही बिगड़ा बस उनको पटवारी, इंजीनियर को थोड़ा ज्यादा खुश करना पड़ा... !ऐसे में लोगों कहना भी सच लगता है. कि ईमानदारी का पाठ दूसरों को पढ़ाने वालों के राज में इतना भ्रष्टाचार कैसे संभव हो रहा... !जो भी हो अवैध निर्माण एक तरफ तो गोण्डा नगर पालिकापरिषद की पहचान बन गए है तो दूसरी तरफ भ्रष्ट इंजीनियर और पटवारी और नजूल विभाग के कर्मचारी के लिए मोटा माल कमाने का साधन बन गए है...?

सूत्र बता रहे है कि पटवारी और इंजीनियर पार्षद हो या सभापति सबको खुश रखते है कभी किसी को नाश्ता तो कभी किसी को पार्टी देते रहते है।

ये सुन एक सभापति पति बोले कि मालवीय कहावत है कि खुद खावे काकड़ी हमें दे आकड़ी नगरपालिका परिषद में ऐसा ही कुछ हो रहा है और कोई तो है जो इन भ्रष्ट पटवारी और इंजीनियर की अवैध कमाई का हिस्सा ले रहा तभी तो इतना संरक्षण मिल रहा है।वरना इतना लिख देने के बाद तो अभी तक इन दोनों पर कार्यवाही का चाबुक चल जाना था.? खैर ठीक है हमारा काम है लिखना हमने तो लिख दिया अब लिखें पर कार्यवाही करना या नही करना ये जिला प्रशासन या नगरपालिका परिषद के जिम्मेदार को तय करना है।

पिपंरा मुजप्ता और फत्तेपूर गांव में पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ

ग्रामीणों को बताई सरकारी योजनाएं,लाभार्थियों को बांटे प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन का क्रम निरंतर जारी है।शनिवार को भी कई ग्राम पंचायतों में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए।

जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतो में इन दिनों लगातार विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। केंद्र की विकास योजनाओं और जनकल्याणकारी जानकारियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जारी विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ सोमवार को ग्राम पंचायत पिपंरा मुजप्ता और फत्तेपूर गांव पहुँचा।स्वयं सहायता समूह और ग्राम पंचायत की महिलाओं ने विकास रथ का स्वागत किया। इस मौके पर कृषि, समाज कल्याण,स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति,आयुष्मान भारत, बाल विकास विभाग,पशुपालन विभाग,स्वास्थ्य विभाग सहित कई विभाग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी विभागों द्वारा अपने अपने विभाग के बारे में लोगों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई।

पूरनपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत पिपंरा मुजपता और फत्तेपूर ग्राम पंचायत में सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्य्रकम का आयोजन किया गया। प्रथम पाली में पिपंरा मुजप्ता तो दूसरी पाली में फत्तेपूर गांव में संकल्प यात्रा पहुँची।पिपंरा मुजप्ता में आयोजित कार्यक्रम मै मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर विनोद तिवारी जिला कार्यसमिति सदस्य आशुतोष दीक्षित राजू ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से अवगत कराया। साथ ही सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी।साथ ही भाजपा द्वारा संचालित प्रधानमंत्री उज्जवला योजना,प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना,आयुष्मान कार्ड,प्रधानमंत्री आवास योजना,समस्त पेंशन योजना और जनकल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराया। लाभार्थियों से रूबरू होकर उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

वहीं दूसरी पाली मे ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि जिला कार्यसमिति सदस्य आशुतोष दीक्षित राजू के गाव फत्तेपूर पहूंची।आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री डॉक्टर विनोद तिवारी ने ग्रामीण व महिलाओं को भाजपा सरकार की उपलब्धियां के बारे में बताया। और सरकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को विस्तार से जानकारी दी। साथ ही कहा कि भाजपा सरकार में बिना भेदभाव के सभी वर्ग के लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की आयुष्मान योजना,आवास योजना सहित कई योजनाएं हैं। जिसका गरीबों को सीधे लाभ पहुंच रहा हैं।इसी के साथ ही पूर्व राज्यमंत्री ने सरकारी योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को प्रमाण पत्र वितरित किए। शिशुओं को अन्नप्रासन और गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।

इसके अलावा पंच प्रण की शपथ दिलाई गई।इस दौरान सभी विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई इस दौरान भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। साथ ही पूर्व राज्यमंत्री ने ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ भी दिलाई। आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जिला कार्यसमिति सदस्य आसुतोष दीक्षित राजू,सचिव मंजुल मिस्रा,मंडल अध्यक्ष नितिन दीक्षित,अनिल गुप्ता, अचलेन्द्र मिश्र अचल,प्रधान विनोद प्रजापती,प्रधान रामपाल कश्यप,बादाम सिंह,कामता प्रसाद ,अरविन्द वर्मा, बलजीत सिंह,अचलमोहन पाण्डेय,आशीष दीक्षित, सोनू,महेश वर्मा,केशवराम वर्मा,पप्पू शर्मा,वेद तिवारी, निशांत शुक्ला सहित तमाम संख्या में ग्रामीण व महिलाएं मौजूद रही।

दबंग काले खां ने राम का नाम लेने पर युवक की हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

उन्नाव। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चंपा पुरवा में रविवार को चंदा मांगने के दौरान जय श्री राम का जयघोष करने पर गैंगस्टर और हिस्ट्रीशटर ने किसान नेता की निर्मम हत्या कर दी थी। सोमवार सुबह से ही परिजनों और क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश देखने को मिला।

जिसके बाद पुलिस ने उसके शव को पीएम के लिये भेजा था। प्राप्त जानकारी अनुसार चंपापुरवा निवासी रामकृपाल कश्यप के बेटे भारतीय किसान यूनियन के सक्रिय सदस्य विनोद कश्यप की गोताखोर निवासी विशेष समुदाय के गैंगस्टर और हिस्ट्रीशीटर शमशेर उर्फ काले खा ने अपने साथियों के साथ ईंट पत्थर, कट्टे की बट और तलवार से हमला कर मौत के घाट उतार दिया था।

वहीं छोटे भाई दुर्गा शंकर उर्फ बउवा को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।किसान नेता की हत्या के बाद उपजे विवाद के बाद एसडीएम ने लेखपाल मनोज यादव से सादे कागज में मृतक की पत्नी को पालिका में नौकरी, बेटी की शादी की व्यवस्था के अलावा बच्चों के भरण पोषण व मुख्यमंत्री राहकोष से आर्थिक मदद दिलायी जाने का लिखित आश्वासन दिया। जिसके बाद परिजनों ने शव उठने दिया और शव का अंतिम संस्कार किया गया।

गौशाला के संरक्षित पशु बन रहे आवारा कुत्तों व पक्षियों का भोजन

बीघापुर,उन्नाव। सरकार की मंशा है कि आवारा गौवंश को शत प्रतिशत संरक्षित किया जाए। गौआश्रय स्थलों में शासन के निर्देशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। मवेशियों को कुत्ते व कौवे नोच रहे हैं। जिम्मेदार मौन है। बताते चलें कि विकासखंड बीघापुर की ग्राम पंचायत गढ़ेवा में बने गौशाला में पशुओं की रखने की क्षमता लगभग 180 है मौजूदा समय में लगभग दो सैकड़ा आवारा पशु संरक्षित हैं संरक्षित होने का दावा विभागीय अधिकारी भले करते हो लेकिन मृत पड़े आवारा संरक्षित पशुओं को कोई देखने वाला नहीं है। मुर्दा पशुओं के शवों को कुत्ते नोच रहे हैं। नजदीकी राजकीय पशु चिकित्सालय करमी के डॉक्टर को इसकी भनक तक नहीं है। इसी तरह ग्राम पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान भी इस पर गौर नहीं कर रहे हैं। मजेदार बात यह है कि पांच केयर टेकरों में ग्राम प्रधान के दो पुत्र केयरटेकर हैं।

शहर का 47 वर्ष पुराना प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान जेपी समोसा पर हुआ चाय का आयोजन

पीलीभीत।मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में लोहा मंडी में स्थित 47 वर्ष पुरानी जेपी समोसे के प्रतिष्ठान के मालिक जमुना प्रसाद व उनके सुपुत्र शैली शर्मा उधोग युवा व्यापार प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष ने चाय का आयोजन किया गया।जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष नगर पालिका अध्यक्ष डॉक्टर आस्था अग्रवाल ने जेपी समोसे के प्रतिष्ठान में आकर बाजार के समस्त व्यापारियों एवम् रहागीरों लोगों को चाय को ग्रहण करवाया साथ ही समस्त लोगों ने गर्म गर्म चाय का आनंद भी लिया है।

प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारी में जुटे चेयरमैन शैलेंद्र गुप्ता

पूरनपुर।आने वाली 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाली राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी जोर-जोर से चल रही है। जिसको अमली जामा पहनाने के लिए पूरनपुर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लगातार प्रयासरत है।नगर के विभिन्न मोहल्ले में जाकर इस कार्यक्रम और भव्य बनाने का प्रयास कर रहे हैं।नगर पालिका परिषद अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने बताया कि पूरे नगर को राम मय बनाया जा रहा है।प्राण प्रतिष्ठा से पहले पूरे नगर को सजाने की तैयारी है। चौराहों पर सजावट भी करवाई जाएगी।नगर के विभिन्न वार्डों में रामदूतो की टोली घर-घर जाकर अयोध्या से आए पूजित अक्षत भव्य राम मंदिर का चित्र और साहित्य वितरित कर रहे हैं। 22 जनवरी को मंदिरों में अयोध्या में हो रही प्राण प्रतिष्ठा के समय कार्यक्रम आयोजित होंगे।मंदिरों और घरों में दीप जलाए जाएंगे और सजावट की जाएगी।नगर में स्थित रामलीला मैदान में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन होगा जिसको लेकर भी तैयारियां जोरों शोरों पर चल रही हैं।

भारत विकसित संकल्प पहुंची गुलड़िया भूपसिंह उपस्थित रहे कई प्रधान

पूरनपुर।भारत विकसित संकल्प यात्रा पहुंची ग्राम पंचायत गुलरिया भूपसिंह यात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहे जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि गुरुभाग सिंह कार्यक्रम की अध्यक्षता सचिव रत्नेश सोनकर ने की लाइव प्रसारण के उपरांत विकसित भारत संकल्प यात्रा में कृषि विभाग स्वास्थ्य विभाग राजस्व विभाग शिक्षा विभाग खाद एवं रसद विभाग द्वारा संचालित जनकल्याण कारी योजनाओं के बारे में कार्यक्रम में मौजूद पंचायत वासियों को जानकारी उपलब्ध कराई।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ग्राम प्रधान रेखा यादव बलरामपुर,प्रधान प्रताप सिंह,खेमकरन प्रधान,पंचायत सचिव रत्नेश सोनकर,क्षेत्र पंचायत सदस्य,ग्राम पंचायत सदस्य, पंचायत सहायक,कोटेदार, सरोज बाजपेई,नीरज शुक्ला,राजू ,राजेश गुप्ता,पंकज शुक्ला के साथ साथ बड़ी संख्या में क्षेत्र वासियों मौजूद रहे।

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष बने जिला पर्यटन एव सांस्कृतिक परिषद के सदस्य

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश गुप्ता को जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद सदस्य के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नॉमिनेट किया गया है संजीव कुमार श्रीवास्तव महानिदेशक पर्यटन विभाग द्वारा पत्र भेज कर जनपद में स्थापित जिला पर्यटन एवं सांस्कृतिक परिषद में नॉमिनेट किया गया है।इस बात की जानकारी मिलते ही राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार,पूर्व सांसद बलराज पासी, पूर्व मंत्री हेमराज वर्मा, पीसीयू के अध्यक्ष सुरेश गंगवार, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल, मझोला नगर पंचायत अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह सहित कई भाजपा के दिग्गज नेताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

रेलवे स्टेशन पर भारतीय किसान यूनियन का धरना जारी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पुरनपुर। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिला अध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह की अध्यक्षता में तीसरे दिन भी रेलवे स्टेशन पूरनपुर के परिसर में किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जारी रहा हैद्य उक्त धरना-प्रदर्शन में संगठन की नियमानुसार पंचायत चलती रही है।पंचायत को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि रेलवे विभाग द्वारा बनाये गये समस्त अंडरपास पानी से लबालब भरे हैं किसानों को कृषि कार्य करने के लिए अपने खेतों में जाने के लिए भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है व किसानों का कृषि कार्य बड़े पैमाने पर प्रभावित हो रहा है इन सब अंडरपासो के गलत ढंग से बने होने के कारण आम पब्लिक को भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है,विद्यार्थियों व बुढ़े, मरीजों आदि को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे विभाग की बहुत बड़ी लापरवाही का खामियाजा किसानों व जनता को भुगतना पड़ रहा है रेलवे विभाग ने अपनी कमियों को छिपाने के लिए हमारे निर्दोष किसानों पर गलत ढंग से फर्जी मुकदमें दर्ज कर दिये जिसे किसी भी कीमत पर भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक सफल नही होने देगी पीड़ित किसानों का उत्पीडन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा जब तक पीड़ित किसानों की समस्याओं का निस्तारण रेलवे विभाग नही करता तब तक पूरनपुर स्टेशन पर किसानों का आन्दोलन जारी रहेगा साथ ही आज की पंचायत में निर्णय लिया गया कि अनिश्चितकालीन धरने की जो भी समस्या है उस सम्बंध में कोई भी किसान बरेली वार्ता करने नही जाएगा किसानों की समस्याओं का निस्तारण रेलवे विभाग धरना-प्रदर्शन स्थल पर ही आ कर करें। धरना-प्रदर्शन में सैकड़ों किसानों की मौजूद रहें।

मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मंजीत सिंह, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलबीर सिंह,जिला उपाध्यक्ष अरविंद ,कुमार यादव, श्रीपाल सिंह यादव, बलजीत सिंह,चमन सिंह मुख्तियार सिंह,मनबिंद्र सिंह ,शिवकुमार श्रीवास्तव,बलजीत सिंह ,गुरविंदर सिंह, रंजीत सिंह ,अशोक कुमार आदि सैकड़ों किसान मौजूद रहें।

विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान में पूर्व सांसद बलराज पासी ने शपथ कराकर बांटे प्रमाण पत्र

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत।पूर्व सांसद नैनीतालऽबहेड़ी लोकसभा एवं कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त उत्तराखंड सरकार बलराज पासी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ह्लविकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के अंतर्गत पीलीभीत बहेड़ी संसदीय क्षेत्र की विधानसभा बहेड़ी स्थित दमखोदा ब्लॉक की ग्रामसभा खड़ा रामनगर एवं माधोपुर में सरकारी योजनाओं से अवगत करवाते हुए कहां की प्रदेश की डबल इंजन की सरकार ने प्रत्येक वर्ग का सम्मान करते हुए सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव ना करते हुए सबका साथ सबका विकास किया है पासी ने कहा प्रधानमंत्री योजना के अंतर्गत बगैर भेदभाव प्रधानमंत्री आवास अंत्योदय कार्ड. उज्जवला गैस,योजना निशुल्क शौचालय आयुष्मान कार्ड किसान सम्मन निधि जैसी विभिन्न योजनाओं को लागू करके जनहित का कार्य किया है।

पासी ने कहा प्रदेश सरकार ने गुंडा तंत्र पर पूरी तरीके से लगाम लगाकर प्रदेश राम राज्य स्थापित करने का प्रयास किया है इस अवसर पर मोदी के पंच प्रण की शपथ दिलाई।एवं केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनलाभ कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व ग्राम प्रधान मंगलदेव आर्य,वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व ग्राम प्रधान केदार नाथ, जिला पंचायत सदस्य श्री राजेंद्र गंगवार, मंडल अध्यक्ष भाजपा दमखोदा भानु प्रताप गंगवार, मंडला उपाध्यक्ष डॉ. आरसी गंगवार, ग्राम प्रधान दुलाकीराम, ग्राम प्रधान राकेश गंगवार पूर्व ग्राम प्रधान रामकिशोर, शांतिपाल गंगवार, तेजपाल गंगवार, रोशनलाल गंगवार, बीडीसी महेंद्रपाल,विष्णु आर्य, पत्रकार योगेंद्र गंगवार,पूर्व मंडल महामंत्री गौरव गौस्वामी, धर्मवीर आर्य, पोशाकी लाल, लाल,सत्येंद्र पाल,श्याम चरण,राहुल गौस्वामी सहित समस्त विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

देश के मशहूर शायर के निधन पर सपा नेताओं ने जताया शोक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।देश विदेश में प्रसिद्ध शायर और सपा नेत्री सुमैया राना के पिता मुनव्वर राना के निधन पर सपा नेताओं ने उन्हें खिराजे अकीदत पेश कर दुख का इजहार किया है।सपा के पूर्व जिला सचिव तौफीक अहमद क़ादरी के आवास पर मशहूर शायर मुनव्वर राना के देहांत पर शोक सभा का आयोजन हुआ।जिसमें उन्हें खिराजे अकीदत पेश कर इजहारे गम किया गया। साल 2014 में उनको साहित्य अकादमी अवार्ड भी मिला था।इस दुख के अवसर पर सपा नेता तौफीक अहमद क़ादरी ने कहा की मुनव्वर राना ने अपनी उम्दा शायरी से दुनिया के कई देशों में देश का सम्मान बढ़ाने का काम किया और देश का नाम रोशन किया।जब कलियुग में कलियुगी बेटों द्वारा मां बाप की निर्मम हत्या की जा रही हैं। तब मुनव्वर राना ने मां की अजमत को और बुलंद करने का काम किया सबसे ज्यादा शायरी उन्होंने मां पर लिखीं।उनके जाने से ऐसा लगता है। जैसे धरती मां और देश की तमाम माताओं ने अपना ऐसा बेटा खोया जिसने अपनी पूरी जिंदगी मां को अजमत और इज्जत को अपने सच्ची शायरी से आगे बढ़ाने का काम किया।उन्हें सरकार को देश का नाम देश और दुनिया में नाम रोशन करने के सम्मान देना चाहिए।उन्हें खिराजे अकीदत पेश करने बालों में मुख्य रूप से तौफीक अहमद क़ादरी सभासद, नदीम अहमद सभासद, नादिर रजा बरकाती,अहीद खान सभासद आसिम रजा बबलू ,सभासद साजिद अली, सभासद शराफत अली, अंग्रेज सिंह, अमन यादव ,ओमकार गुप्ता, महेश आजाद ,शिव कुमार यादव, पप्पू शाह ,मोनिश खान शेरी, ऋषभ शुक्ला ,राम अवतार सिंह ,सुरेश भैया नजमुल हसन खां इत्यादि थे।

कलश पूजन व रामकथा के साथ शुरू हुआ रामजानकी मूर्ति का प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम

कैनविज टाइम्स संवाददाता

फतेहपुर चौरासी उन्नाव। क्षेत्र में स्थित प्रसिद्ध मंदिर परिसर में रामजानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन सोमवार को कलश पूजन व राम कथा के साथ प्रारम्भ हो गया।अयोध्या में रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के मुहुर्त में ही क्षेत्र में राम जानकी की प्राणप्रतिष्ठा की जाएगी।फतेहपुर चौरासी क्षेत्र गांव झूलूमऊ स्थित फूलमती माता मन्दिर परिसर में दक्षिणेश्वर हनुमान के निकट राम जानकी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का अयोजन सोमवार को कलश पूजन के साथ आरम्भ हो गया।कार्यक्रम के आयोजक फलाहारी बाबा ने कहा कि क्षेत्र में राम जानकी की मूर्तियों की स्थापना अयोध्या में बाइस जनवरी को होने वाली रामलला की प्राणप्रतिष्ठा के ही शुभ मुहूर्त में की जाएगी। वही मन्दिर परिसर में सोमवार से प्रारम्भ हुई रामकथा मे कथा वाचक माँ भुवनेश्वरी धाम के पीठाधीश्वर नीरज स्वरूप ब्रह्मचारी ने पहले दिन भगवान राम के जन्म एवं बाल्य काल की लीलाओं की कथा सुनाई।उन्होंने मर्यादा पुरुषोत्तम राम के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि राम ने पूरे जीवन काल में मर्यादा से विमुख नही हुए। इसीलिए उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम कहा जाता है।तय कार्यक्रम के अनुसार आचार्य अरविन्द द्विवेदी शुभम द्विवेदी विनय कृष्ण शोभित मधुर मिश्र ने कलश पूजन ध्वजापूजन एवं वेदी निर्माण के साथ रामजानकी यज्ञ का शुभारंभ किया। इस अवसर पर महेश दीक्षित, कृपाशंकर अवस्थी ,विनीत द्विवेदी, मोहित मिश्र, राजेश शुक्ला ,अनिल आदि समेत काफी लोग मौजूद रहे।

समाजसेवी ने किया वृद्ध जन सेवा सम्मान का आयोजन

बीघापुर,उन्नाव। मकर संक्रांति के पर्व पर ब्लॉक क्षेत्र के गांव मगरायर में अवस्थी परिवार द्वारा द्वितीय मातृ शक्ति एवं वृद्ध जन सेवा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमे गांव व आसपास के गांवों के निर्धन ,असहाय महिलाओं वृद्ध , विकलांग लोगो को कम्बल वितरित किये गये। समारोह में आयोजक श्यामू अवस्थी ने कहा कि पूर्वजों बुजुर्गो तथा मातृ शक्ति की कृपा व आशीर्वाद से यह सेवा का अवसर मुझे प्राप्त हुआ है इनके आशीर्वाद का प्रतिफल है। जो आज हम लोग समाज के असहाय व निर्बल वर्ग की सेवा कर पा रहे हैं। अपने स्मृतिशेष पूर्वजों पिता भाई की स्मृति में यह सेवा का संकल्प जब तक ईश्वर की कृपा रहेगी अनवरत करने का प्रयास करते रहेंगे।इस अवसर पर रामू अवस्थी ने कहा यह सेवा भाव का आयोजन है और समाज के हर समर्थ व्यक्ति को ऐसे पुनीत कार्य सेवा भाव के साथ करने चाहिये। इस दौरान पूर्व प्रधान बृज कुमार, प्रधान बेहटा भवानी राम पाण्डेय , बीडीसी निर्मल साहू ,अमरनाथ सैनी,पवन पासवान,आदि प्रमुख लोग मौजूद रहे ।

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन

लखनऊ मंडल के लखनऊ–बाराबंकी–अयोध्या कैंट–शाहगंज–जफराबाद सेक्शन पर आधारिक अवसंरचना से जुड़े कार्यों के संपादन हेतु, उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित रेल सेवाओं को उनके समक्ष दर्शायी गई तिथियों पर आंशिक निरस्त/डायवर्ट करने का निर्णय लिया गया है:–

रेलगाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	स्टेशन जहां पर रेलगाड़ी समाप्त/से प्रारंभ होगी	तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	सुलतानपुर से	20 से 22.01.2024
14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस	सुलतानपुर पर	19 से 21.01.2024
14231 प्रयागराज संगम–बस्ती मारवाड़ एक्सप्रेस	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ पर	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14232 बस्ती–प्रयागराज संगम मारवाड़ एक्सप्रेस	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ से	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14233 प्रयागराज संगम–मनकापुर सरयू एक्सप्रेस	सुलतानपुर पर	19 से 22.01.2024
14234 मनकापुर–प्रयागराज संगम सरयू एक्सप्रेस	सुलतानपुर से	20 से 23.01.2024

रेलगाड़ियों का मार्ग परिवर्तन

रेलगाड़ी संख्या एवं नाम	परिवर्तित मार्ग	तिथि (याँ) (आरंभिक स्टेशन से)
12225 आजमगढ़–दिल्ली जं. कैफियत एक्सप्रेस	शाहगंज–जौनपुर जं.–जौनपुर सिटी–सुलतानपुर–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
12226 दिल्ली जं.–आजमगढ़ कैफियत एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज	21.01.2024
14205 अयोध्या कैंट–दिल्ली जं. एक्सप्रेस	सुलतानपुर–लखनऊ	20 to 22.01.2024
14206 दिल्ली जं.–अयोध्या कैंट एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर	19 to 21.01.2024
14853 वाराणसी सिटी–जोधपुर जं. मरुधर एक्सप्रेस	वाराणसी–जंघई–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
14854 जोधपुर जं.–वाराणसी सिटी मरुधर एक्सप्रेस	लखनऊ–माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़–जंघई–वाराणसी	20.01.2024
15026 आनन्द विहार(टर्मि.)–मऊ जं. एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–जौनपुर सिटी–जौनपुर जं.–शाहगंज	22.01.2024
15558 आनन्द विहार(टर्मि.)–दरभंगा जं. अमृत भारत एक्सप्रेस	बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा	19.01.2024
19165 अहमदाबाद जं.–दरभंगा जं. साबरमती एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद	19.01.2024
19166 दरभंगा जं.–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस	ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ	20.01.2024 एवं 22.01.2024
19167 अहमदाबाद जं.–वाराणसी सिटी साबरमती एक्सप्रेस	लखनऊ–सुलतानपुर–ज़फ़राबाद	18.01.2024 एवं 20.01.2024
19168 वाराणसी सिटी–अहमदाबाद जं. साबरमती एक्सप्रेस	ज़फ़राबाद–सुलतानपुर–लखनऊ	21.01.2024
22549 गोरखपुर–लखनऊ वन्दे भारत एक्सप्रेस	गोंडा–गोरखपुर–बाराबंकी	21.01.2024 एवं 22.01.2024
22550 लखनऊ–गोरखपुर वन्दे भारत एक्सप्रेस	बाराबंकी–गोरखपुर–गोंडा	21.01.2024 एवं 22.01.2024

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

रेलमदद वेबसाईट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

रेलमदद हेल्पलाइन नं.139

पर हमें फॉलो करें

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे आपकी सुविधा–हमारा ध्येय

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

180/2024

मकर संक्रांति कई फलों का दाता है स्नान

महाभारत के उद्योग पर्व में आया है- गुणा दश स्नानशीलं भजन्ते बलं रूपं स्वर वर्ण प्रशुद्धिरू। स्पर्शश्च गंधश्च विशुद्धता च श्रीरू सौकुमार्य प्रवराश्च नायरूं ऐसा ही स्मृत्यर्थसार में लिखा है। तात्पर्य यह है कि स्नान से बल, रूप, स्वर, वर्ण की शुद्धि, माधुर्य, सुगंध, विशुद्धता, श्री सौकुमार्य और सुन्दर स्त्री प्राप्त होती है। धर्मशास्त्रों में दो प्रकार के स्नान वर्णित हैं। जल के साथ किया गया स्नान मुख्य और जलहीन स्नान गौण माना गया है। इनके भी तीन भेद हैं। प्रतिदिन किया गया स्नान नित्य, विशेष अवसरों पर किया गया स्नान नैमित्तिक और किसी फल की इच्छा से किया जाने वाला स्नान काम्य कहलाता है। मनुस्मृति और बोधायनसूत्र के अनुसार सभी लोगों को प्रतिदिन सिर से पांव तक स्नान करना चाहिए। शरीर से निरंतर गन्दगी निकलती रहती है इसलिए प्रातरू स्नान कर स्वच्छ हो जाना चाहिए। कुछ जातियों के लिए मंत्र जाप करते हुए स्नान करने के निर्देश हैं। नित्य स्नान शीतल जल से ही किया जाना चाहिए। साधारणतरू गर्म जल का प्रयोग वर्जित है। कुछ वर्णों को दो बार, ब्रह्मचारियों को एक बार और कुछ को तीन बार स्नान करना चाहिए। रात्रि स्नान वर्जित है। ग्रहण, विवाह, जन्म-मरण या व्रत के समय रात्रि स्नान किया जा सकता है। धर्मग्रंथों के अनुसार गर्म जल या दूसरे के लिए रखे जल में स्नान करने से सुन्दर फल नहीं मिलता। नैमित्तिक और काम्य स्नान प्रत्येक दशा में शीतल जल से ही किया जाता है। स्नान के लिए नदियों, वापियों, झीलों, गहरे कुण्डों और पर्वत प्रपातों के स्वाभाविक जल का उपयोग किया जाना चाहिए। कम से कम 8000 धनुष लम्बाई की नदी मानी गई है। इससे छोटे नदी नाले गर्त कहे गए हैं। श्रावण-भादो में नदियां रजस्वला होती हैं। अतरू उनमें स्नान वर्जित है मगर ऐसी नदियों में स्नान किया जा सकता है जो समुद्र में मिलती हैं। उपाकर्म, उत्सर्ग, तथा ग्रहण के समय इन नदियों में भी स्नान करना चाहिए। विष्णु धर्म सूत्र के अनुसार पात्र-जल, कुण्ड-जल, प्रपात-जल, नदी-जल, भद्र लोगों द्वारा प्राचीनकाल से प्रयुक्त जल और गंगा जल क्रमशरू अच्छा होता है। विभिन्न सूत्रों, स्मृतियों एवं निबंधों में स्नान विधियों पर प्रकाश डाला गया है। प्रातः एवं मध्यान्ह स्नान की विधि समान है। कात्यायन के स्नानसूत्र में स्नानविधि का विस्तार से वर्णन किया गया है। स्नान के उपरांत भीगे कपड़ों में ही देवताओं और पितरों का तर्पण करना चाहिए। यदि कोई पूरा स्नान न करना चाहे तो उसे जल का अभिमंत्रण आचमन, मार्जन और अद्यमर्षण करना चाहिए। जल के भीतर मल-मूत्र त्याग नहीं करना चाहिए। शरीर नहीं रगडना चाहिए। जल को पैरों से नहीं पीटना चाहिए। प्राचीनकाल में स्नान के लिए पवित्र मिट्टी का प्रयोग किया जाता था। एक ग्रंथ में बताया गया है कि आठ अंगुल नीचे की मिट्टी का प्रयोग किया जाना चाहिए। ब्रह्मचारियों को क्रीड़ा-कोतुक के साथ स्नान वर्जित है। शंख-स्मृति, अग्नि-पुराण तथा कतिपय अन्य ग्रंथों में जल स्नान छह श्रेणियों में विभक्त है- नित्य, नेमित्तिक, काम्य, क्रियांग, मलापकर्षण (अभ्यंग) और क्रिया स्नान। दैनिक नित्य स्नान की चर्चा हो चुकी है। पुत्रोत्पत्ति, यज्ञान्त, मरण, ग्रहण, रजस्वला स्पर्श, शव-चाण्डाल स्पर्श, उल्टी, दस से ज्यादा बार शौच, दुरूस्वप्न देखने, संभोग के बाद, बाल कटाने पर, श्मशान जाने पर, मानव अस्थि छू लेने पर, कुत्ता काटने पर या कुछ पक्षियों के छू जाने पर स्नान किया जाना चाहिए। उक्त सभी स्नान नैमित्तिक हैं। पुण्य प्राप्ति या इच्छा पूर्ति के लिए काम्य स्नान किया जाता है। माघ और वैशाख में पुण्य के लिए प्रातरू स्नान किया जाता है। कूप-मंदिर, वाटिका तथा अन्य जनकल्याणकारी निर्माण-कार्य के पूर्व क्रियांग स्नान किया जाता है। तेल और आंवला लगाकर मलापकर्षक का अभ्यंग स्नान किया जाता है। सप्तमी, नवमीं और पर्व की तिथियों में आमलक प्रयोग वर्जित है। तीर्थयात्रा में फल प्राप्ति के लिए किया गया स्नान क्रिया स्नान कहलाता है। बीमार व्यक्ति गर्म जल से स्नान कर सकता है। यदि ऐसा न हो सके तो उसका शरीर पोंछ देना चाहिए। इसे कपिल स्नान कहते हैं। यदि रोगी का स्नान आवश्यक हो तो कोई अन्य व्यक्ति उसे छूकर दस बार स्नान कर सकता है।

प्रभु श्रीराम का आगमन, सब में एक, एक में सब

जैसे ही दुनिया ने नए साल 2024 की शुरुआत की, भारत भारतीय मूल्य प्रणाली के लोकाचार को संस्थागत बनाने के लिए भव्य श्रीराम मंदिर के निर्माण को पूरा करने की एक शानदार ऐतिहासिक परियोजना में लगा हुआ है, जिसने युगों से देश की विविध समग्रता के व्यापक विचार को बरकरार रखा है। वास्तव में सामाजिक बंधनों को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की सांस्कृतिक अस्मितावादी खोज को अब भगवान श्रीराम के मानवीय संदेशों और मजबूत सांस्कृतिक मानदंडों के लिए उनके व्यापक रुख के माध्यम से अभिव्यक्ति मिलेगी। अयोध्या में भगवान राम के भव्य मंदिर का हिंदुओं के लिए बहुत महत्व हो सकता है और यह होना भी चाहिए, लेकिन हमें इससे आगे देखना चाहिए और मंदिर को एक स्मारक के रूप में सराहना चाहिए और भारत माता की सभ्यतागत यात्रा पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है, जिसमें हमारे भावनात्मक और सांस्कृतिक संबंधों में तीव्र दरार या टूट-फूट की कभी कोई घटना नहीं हुई है। मंदिर एक अनुस्मारक है जो भारत की अपनी विशिष्ट स्वदेशी संस्कृति है जो इसकी अंतर्निहित शक्ति और ताकत का एक समृद्ध बनावट वाला स्रोत है और पश्चिमीकरण के नासमझ अनुकरण को दृढ़ता से खारिज किया जाना चाहिए। भारतीय सभ्यता उम्र बढ़ने से इनकार करने वाली जीवंत सभ्यता है क्योंकि यह 'वसुधैव कटुंबकम' विचार की व्यापकता की शाश्वत और गौरवशाली चमक से प्रज्वलित है। इस तरह के तीव्र और प्रबल स्वभाव का राम मंदिर में पूर्ण रूप से प्रकटीकरण हुआ है। नवनिर्मित राम जन्मभूमि मंदिर और उसका पवित्रीकरण निस्संदेह एक शानदार धार्मिक आयोजन है और रहेगा। यह एक राष्ट्रीय उत्सव का आह्वान करता है क्योंकि भगवान राम उन सभी चीजों के प्रतीक हैं जिनका भारत प्रतीक है और रहेगा। रामायण और महाभारत हमारे राष्ट्रीय महाकाव्य और भारतीय मूल्य प्रणाली के मूल हैं। ऐसे में हमें भगवान राम पर गर्व होना चाहिए और उन्हें हमारी सामाजिक मूल्य प्रणाली की आधारशिला रखने का श्रेय देना चाहिए, जिसके लिए भारत को श्रेय दिया जाता है और दुनिया भर में इसकी सराहना की जाती है। भगवान राम का जीवन कभी भी सामान्य नहीं रहा। वह एक पुत्र के रूप में, एक पिता के रूप में, एक पति के रूप में और सबसे महत्वपूर्ण रूप से एक राजा के रूप में एक आदर्श साबित हुए हैं। उनके चरित्र की उत्कृष्टता ऐसी रही है कि भगवान राम और उनके विशिष्ट आध्यात्मिक गुण सभी युगों तक मान्य रहे हैं। भगवान राम और उनका जीवन निस्वार्थता, माता-पिता के प्रति समर्पण, साहस, न्याय, सच्चाई और धार्मिकता के मूल्यों की प्रशंसा करता है। उनका महत्व केवल एक अत्यंत पूजनीय हिंदू देवता होने तक ही सीमित नहीं है। भगवान राम की स्पष्ट व्याख्या में कुछ समूहों या लोगों के बीच आशंका का कुछ तत्व हो सकता है। यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि वे यह समझने में विफल रहे हैं कि भगवान राम अपने नैतिक दावों और मानव स्वभाव की शुद्धता की व्यावहारिक अभिव्यक्ति और मानवीय करण की सहवर्ती पवित्रता के कारण हमारे जीवन पर शाश्वत प्रभाव डालते हैं। यह अकारण नहीं है कि उनका नाम न केवल शिष्टाचार के प्रयोजनों के लिए, बल्कि मृत्यु के समय भी लिया जाता है। भगवान राम की संपूर्ण मूल्य प्रणाली मानवतावाद के दर्शन के इर्द-गिर्द घूमती है जो शक्ति के एक सुसमाचार के रूप में काम करेगी जो विशेष रूप से वर्तमान समाज को बेईमानी और असंवेदनशीलता के उच्च दबाव वाले तूफानों से निपटने में सक्षम बनाएगी। भगवान राम नामक इस आध्यात्मिक और राष्ट्रीय इकाई के बारे में वास्तव में बहुत कुछ सार्थक और गहराई से कहा जा सकता है। एक आदर्श व्यक्ति 'पुरुषोत्तम' के अवतार के रूप में भगवान राम को सबसे शक्तिशाली और अद्वितीय धर्म रक्षक माना गया है। धर्म शब्द की उत्पत्ति इसके संस्कृत मूल 'धृ' से मानी जा सकती है, जिसका अर्थ है एक साथ रखना, कुछ ऐसा जो समाज को बांधता है और एक साथ रखता है। इस प्रकार भगवान राम की शिक्षाएं और जीवन उदाहरण एक मजबूत सामाजिक आधार के रूप में कार्य कर सकते हैं और मानव स्वभाव की कमजोरियों को विफल करने में मदद कर सकते हैं। कोई भी सुरक्षित रूप से यह तर्क दे सकता है कि त्रेता युग की तुलना में किसी भी समय एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व ने हमारी सभ्यता और संस्कृति की रूपरेखा को आकार देने में अधिक शक्तिशाली और निर्णायक भूमिका नहीं निभाई, एक ऐसा युग जिसने भगवान राम में एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व का शानदार और भाग्यशाली उद्भव देखा। जिन्होंने एक नए दिव्य युग की स्थापना की, जिसने विभिन्न युगों के दौरान विभिन्न कारणों से अपनी चमक, जीवंतता और शक्ति खो दी। वह एक आदर्श राजा और एक आदर्श गृहस्थ थे जो मानवता की उच्चतम संस्कृति की रक्षा और प्रचार के प्रति समर्पित थे और इस प्रकार लोगों के जीवन को प्रबुद्ध करते थे और सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रूप से समृद्ध समाज के उद्भव का मार्ग प्रशस्त करते थे, जिसके अवशेष आज भी मौजूद हैं जो हमारे सामाजिक जीवन का अभिन्न अंग हैं । अब समय आ गया है जब हमें इस महान विरासत के मशाल वाहक के रूप में धार्मिकता, आशा, दृढ़ता और एकता के युग को पुनर्जीवित करने का संकल्प लेना चाहिए। राम मंदिर का निर्माण और राष्ट्र को समर्पित करने की वर्तमान सरकार की प्रतिबद्धता देश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और परंपरा की सुरक्षा और संरक्षण के प्रति उसके मजबूत समर्पण को दर्शाती है। हां, भव्य मंदिर का सफल और शांतिपूर्ण निर्माण वास्तव में उस राष्ट्र के लिए उत्सव का प्रतीक है, जिसने दबाव और सामाजिक संकट देखा होगा, लेकिन इनमें से कोई भी इतना शक्तिशाली साबित नहीं हुआ कि हमारी पहचान खतरे में पड़ जाए। राम मंदिर परियोजना वास्तव में हमारी आबादी के बीच विश्वास की एक सर्वोत्तम भावना पैदा करेगी और हमारे देश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक आत्मसात की प्रक्रिया को मजबूत करेगी। यह भगवान राम की अजेयता और अप्रतिरोध्यता को प्रमाणित करता है। इस तरह की भावना को फारूक अब्दुल्ला के हालिया बयान में प्रतिध्वनित किया गया है कि भगवान राम सभी के हैं, न कि केवल हिंदुओं के। भगवान राम उन सभी आदर्शों के उज्ज्वल केंद्र हैं जिन्हें हम भारतीय संजोते हैं। जैसे अजेय शक्ति सूर्य के माध्यम से विकीर्ण होती है और संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था के लिए एक विपुल जीवन समर्थन प्रणाली प्रदान करना चाहती है, वैसे ही सत्य की शक्ति है जिसके भगवान राम सच्चे और पूर्ण अवतार हैं। जब राजनीतिक संस्थाएँ, जिनका अस्तित्व एक सभ्य सामाजिक व्यवस्था में निहित है, समाज के ऐसे स्रोत से अपना भरण-पोषण प्राप्त करती हैं तो यह हमेशा उसी चमक को प्रतिध्वनित करेगा। ऐसी वांछनीय स्थिति में राजनीतिक शासक सत्ता के लौकिक प्रलोभन और स्वार्थ को बढ़ावा देने से ऊपर उठेंगे और खुले दिल से समाज के एक समृद्ध, धार्मिक और नैतिक रूप से उन्नत राज्य की स्थापना के लिए खुद को समर्पित करेंगे, जिसमें राजनीतिक सत्ता में रुचि न रखने वाले महान लोग होंगे जो हमारे समाज के दृढ़ पथप्रदर्शक बनेंगे। हमारे सामाजिक और राजनीतिक परिवेश का ऐसा निर्माण तभी संभव होगा जब त्याग के आध्यात्मिक मूल्य राजनीतिक शासकों के आचरण का मार्गदर्शन करेंगे। भगवान राम के जीवन के सामाजिक और शासकीय सिद्धांत, जो एक आशावादी और समग्र कायाकल्प जीवन के लिए शाश्वत दिशानिर्देश हैं, उन्हें अभ्यास में लाना होगा। मन के ऐसे मिश्रण की गूंज हमारे प्रधानमंत्री की कार्य प्रथाओं में पाई जाती है जो अपने सार्वजनिक और निजी जीवन दोनों में उच्च नैतिक मानकों के प्रबल समर्थक रहे हैं। यह बहुत स्पष्ट है कि भगवान राम और उनका नैतिक रूप से अक्षुण्ण जीवन नैतिक मूल्यों की विशाल उपस्थिति से सुसज्जित जीवन की एक आदर्श स्थिति का एक आदर्श उदाहरण है जो वास्तव में हमारे जीवन के लिए समृद्ध साबित हो सकता है। ऐसे में हमारे सार्वजनिक और निजी जीवन में ऐसे मूल्यों के प्रवेश से इनकार न केवल हमारे जीवन को दरिद्र बना देगा, बल्कि राज्य और समाज को ऐसे महत्वपूर्ण संसाधनों से भी वंचित कर देगा, जो अन्यथा व्यक्तिगत और सामूहिक जीवन को सुशोभित कर देते। भगवान राम की शिक्षाओं का हिंदुओं के लिए परम धार्मिक परिणाम होना बहस का विषय नहीं है, लेकिन अधिक महत्वपूर्ण बात यह है कि इसे हमारी संस्कृति और सभ्यता का सबसे आंतरिक घटक माना जाना चाहिए, जिसने हमेशा सामान्य व्याख्या, सामान्य उपयोग और इसी तरह के अनुप्रयोग पर गर्व किया है। न्याय के सिद्धांत सत्य और धार्मिकता वास्तव में भगवान राम के चरित्र और शासन में सन्निहित सिद्धांतों का गंभीर मूल्यांकन हमें इस निष्कर्ष पर ले जाएगा कि उनका कार्यान्वयन हमें राम राज्य की उपलब्धि की दिशा में आगे बढ़ने में मदद करेगा, जो विचार और सहानुभूति में पर्याप्त रूप से कैथोलिक होगा। सभी समुदायों और समूहों का संश्लेषण लाने की भावना में। विचार का ऐसा मिश्रण मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की कार्य प्रथाओं और सिद्धांतों में पर्याप्त प्रतिबिंब पाता है। राम का शांत व्यक्तित्व भी हमारे लिए बहुत कुछ है। उन्होंने प्रदर्शित किया है कि उच्चतम नैतिक मूल्यों की प्राप्ति के लिए बलिदान देने और अपने पूर्वजों के आदेशों और इच्छाओं का पालन करने की आवश्यकता होती है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि भगवान राम रहस्यवाद के प्रतीक थे जो पवित्रता के साथ सीधे जुड़ाव की स्थिति में थे, यह सुरक्षित रूप से कहा जा सकता है क्योंकि केवल ऐसी महान आत्मा ही मानवता को भक्ति, सत्य और न्याय के शक्तिशाली शुद्ध और पारलौकिक सिद्धांत दे सकती थी। धर्म के दूत भगवान राम सभी उम्र के लोगों के लिए और हर व्यक्ति के लिए, जीवन की हर क्षमता में जीवन भर संदेश देते हैं। ऐसा सशक्त व्यक्तित्व, जिसका हर शब्द मानवता के लिए ज्ञान का स्रोत है, धार्मिक, जाति, पंथ और अन्य विचारों से परे सभी का है। हमारे समाज में धर्म की धारणा अलग-अलग हो सकती है और सामाजिक स्तर पर और व्यक्तिगत स्तर पर धर्म का टकराव होना स्वाभाविक है, लेकिन जैसा कि भगवान राम कहते हैं, ऐसे मतभेदों के परिणामस्वरूप सत्य की जीत होनी चाहिए और होगी। वास्तव में कहा जा सकता है कि भगवान राम का पूरा जीवन इस सत्य की खोज में बीता, जिसका उच्चतर, श्रेष्ठ और आध्यात्मिक अर्थ है। सत्य की तीक्ष्ण शक्ति से सुसज्जित उन्होंने दुनिया के सामने यह साबित कर दिया है कि प्यार और नफरत सभी रिश्तों का आधार होना चाहिए, जिसे वर्तमान पीढ़ी को दृढ़ता से बनाए रखना चाहिए। किसी भी उद्देश्य के प्रति प्रेम का तात्पर्य अन्यता से है। सौहार्दपूर्ण कार्यों को केवल स्नेह पर आधारित संबद्धता में ही संभव और व्यवहार्य बनाया जा सकता है जिसके परिणामस्वरूप आनंद और उल्लास होता है और एक आदर्श व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन एक संभावना और वास्तविकता बन जाता है। ऐसे गुण प्रकृति में दिव्य हैं, जिनका वर्तमान युग में मिलना दुर्लभ है क्योंकि यह केवल भगवान राम जैसे पूर्ण व्यक्ति में ही रह सकते हैं। यह सच है कि समकालीन दुनिया और समाज भगवान राम जैसी दिव्य और आध्यात्मिक सत्ता की कल्पना केवल उनके गुणों के माध्यम से ही कर सकता है। उसे अमूर्त रूप में महसूस और अनुभव नहीं किया जा सकता। भगवान राम का जीवन सफल और सकारात्मक है, जो सत्य, धैर्य और सदाचार जैसी सशक्त प्रतिभाओं के साथ शक्ति, वासना और बेईमानी की बाधाओं को तोड़ने के लिए प्रतिबद्ध एक असाधारण और दिव्य व्यक्ति का एक आदर्श उदाहरण है। यह समझना महत्वपूर्ण है कि ब्रह्मांड में निहित रचनात्मक और राजसी क्षमता हर व्यक्ति में प्रतिबिंबित होती है, लेकिन इसकी पूर्ण अभिव्यक्ति पूर्ण पुरुष, भगवान राम में पाई जाती है, जिनमें ब्रह्मांड के सभी पूर्ण गुण जन्मजात हैं। ऐसे पूर्ण पुरुष को ब्रह्मांड का कारण माना जा सकता है, जो इस रहस्योद्घाटन का संकेत देता है कि भगवान जानने के लिए उत्सुक हैं और यह भगवान राम के माध्यम से है, जो धर्म के अंतिम प्रतीक हैं और इसलिए पूर्णता के हैं, कि हम सर्वशक्तिमान को जान सकते हैं। इसलिए हमें उनके मूल्यों को वास्तविक व्यवहार में लाकर उनसे प्रेम करना चाहिए और बदले में उनसे प्रेम पाना चाहिए। दुनिया मानवता के लिए बनाई गई है और इसलिए इसकी अंतर्निहित पवित्रता और अच्छाई की रक्षा और संरक्षण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। यह तभी साकार हो सकता है जब हम अपने भीतर उन नैतिक मूल्यों और गुणों को आत्मसात करें जो भगवान राम की विशेषताएं हैं। यह बहुत दूर की बात लग सकती है, लेकिन राम मंदिर का संस्थागतकरण एक अनुस्मारक है कि हम सभी को एक नए समाज, एक स्वर्णिम समाज के पुनर्निर्माण का संकल्प लेना चाहिए जहां भाईचारा, प्रेम, सद्भाव और धर्मपरायणता पहले होगी और संकीर्ण विचारों पर हावी होगी। **-प्रोफ़ेसर शेख अक़ील अहमद**

अब हसीना करें बांग्लादेश के हिन्दुओं का कर्ज अदा

आर.के. सिन्हा

पड़ोसी देश बांग्लादेश में उम्मीद के मुताबिक, मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को विजय हासिल हुई है। शेख हसीना ने फिर प्रधानमंत्री पद की शपथ ले ली है। पिछली 7 जनवरी को हुए आम चुनाव में शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग ने संसद की 300 में से 204 सीटें जीत लीं। इस बार 299 सीटों पर ही वोटिंग हुई थी। शेख हसीना 1996 से 2001 तक प्रधानमंत्री थीं। इसके बाद 2009 में फिर प्रधानमंत्री बनीं। तब से अब तक वे लगातार सत्ता पर काबिज हैं। बांग्लादेश में 10 प्रतिशत आबादी वाले हिन्दुओं के वोट एकमुश्त अवामी लीग को गए। इनमें कई सीटें तो ऐसी हैं, जहां हिन्दू वोटर 20 से 40 प्रतिशत तक है। इन्होंने खुलेआम हसीना के पक्ष में मतदान किया। अब शेख हसीना को भी सुनिश्चित करना होगा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर होने वाले कट्टरपंथी हमले थम जाएं और वे उनके देश में सम्मान के साथ रहें। पहले देखने में आया है कि देश में अवामी पार्टी की नेता शेख हसीना के आम चुनाव में विजय के बाद हिन्दुओं पर प्रतिशोध में हमले होने लगे थे। राजशाही, जेसोर, दीनाजपुर वगैरह में हिन्दुओं पर भीषण हमले हुए। उन्हें मारा गया और उनकी संपत्ति को हानि पहुंचाई गई। शेख हसीना को अब अपने देश के हिन्दुओं को जिहादी कसाइओं का आसान ग्रास बनाने से बचाना होगा। अफसोस कि वहां पर हिन्दू बुरी तरह से पीड़ित है। मन्दिरों व हिन्दू घरों को खुलेआम तोड़ा व जलाया जाता है। भारत सरकार भी इस बात को सुनिश्चित करे कि बांग्लादेश की धरती पर हो रहे जिहादियों के नंगे नाच को रोका जाए और जो लोग वहां से पलायन को मजबूर हैं , उन्हें सीमा पर ही सीमा सुरक्षा बल के शिविरों में सुरक्षा व सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। बांग्लादेश में हिन्दुओं पर जुल्मो-सितम रुकते ही नहीं हैं। जब 1947 में भारत का बंटवारा हुआ था, उस समय पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में हिन्दू वहां की आबादी के 30 से 35 फीसदी के बीच थे। पर अब वहां हिन्दुओं की कुल आबादी मात्र 8 फीसदी है। बांग्लादेश में शायद ही ऐसा कोई दिन बीतता हो, जब किसी हिन्दू महिला के साथ कट्टरवादी बदतमीजी न करते हों। क्या बांग्लादेश में हिन्दुओं के उत्पीड़न की खबरें उन भारतीय सेकुलर नेताओं तक नहीं पहुंचती हैं, जो हमास के किसी आतंकी को मारने पर इजराइल को पानी पी-पीकर कोसते हैं? भारत में कुछ लोग अक्सर यह भी कहते हैं कि पाकिस्तान और भारत के राजनेता अपने स्वार्थ के लिए ही दोनों देशों के बीच खटास पैदा करते रहते हैं, जबकि दोनों देशों के आम लोग अमन चाहते हैं, एक-दूसरे से मोहब्बत करते हैं। ऐसे लोग अपने पाकिस्तान के मित्रों से यह क्यों नहीं पूछते कि पाकिस्तान में हिन्दू एक प्रतिशत से भी कम क्यों रह गए हैं? यदि पाकिस्तान के मुस्लिम अपने यहां के हिन्दुओं से मोहब्बत करते तो वे लुट-पीटकर भारत नहीं आते? पाकिस्तान में हिन्दुओं की आबादी कम होने की सबसे बड़ी वजह है जबरिया मतान्तरण। हिन्दुओं को जबरदस्ती इस्लाम कबूलवाया जाता है। इस पर भारतीय सेकुलर कभी कुछ क्यों नहीं बोलते हैं? पाकिस्तान व बंगलादेश में हिन्दुओं के साथ घटने वाली नृशंस घटनाएं क्या उनकी संवेदनाएं कभी झकझोर पाएंगी? या वे पूर्णतः संवेदनहीन हो चुके हैं? तस्लीमा नसरीन ने भी अपने उपन्यास ल्लज्जाङ्क में कुछ इसी तरह की जानकारी दी थी, जिसका वहां के मुस्लिम कट्टरपंथियों ने भारी विरोध भी किया था। उस विरोध के कारण ही तस्लीमा नसरीन को पहले बांग्लादेश और फिर भारत के पश्चिम बंगाल राज्य को छोड़ना पड़ा था। कुछ समय पहले खबरें आ रही थीं कि बांग्लादेश के नोआखाली में हिन्दू आबादी कठमुल्लों के निशाने पर थी। यह वही नोआखाली थी जहां पर 1946 में महात्मा गांधी ने जाकर हिन्दुओं के कत्लेआम को रोकने की कोशिश की थी। नोआखाली देश की आजादी के बाद पूर्वी पाकिस्तान का हिस्सा बना और पाकिस्तान के दो फाड़ होने के बाद बांग्लादेश का अंग बना। यह सुदूर पूर्वी बंगाल में है। वहां पर धार्मिक उन्मादियों की भीड़ ने इस्कॉन मंदिर में भी तोड़फोड़ की थी। हमलावरों ने मंदिर में मौजूद भक्तों के साथ भी जमकर मारपीट की थी। अगर हम इतिहास के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि गांधी जी को कांग्रेस के नेता डॉ. विधान चंद्र राय ने 18 अक्टूबर 1946 को बताया था कि नोआखाली के हालात लगातार बिड़गते जा रहे हैं। हिन्दुओं का नरसंहार हो रहा है और उनकी महिलाओं के साथ घृणित कर्म किया जा रहा है।

सेहत मंत्र

पेट पर जमा चर्बी मस्तिष्क को पहुंचा सकती है नुकसान

चिकित्सकों का कहना है कि पेट की अतिरिक्त चर्बी आपके मस्तिष्क में ग्रे मैटर की मात्रा को कम कर सकती है और अतिरिक्त वजन मस्तिष्क के विशिष्ट क्षेत्रों में सिकुड़न से जुड़ा होता है। इसके साथ ही मोटापे के रोगियों में हृदय रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और डिस्लिपिडेमिया का भी खतरा बढ़ जाता है। हार्टकेयर फाउंडेशन (एचसीएफआई) के अध्यक्ष डॉ. के.के. अग्रवाल ने कहा, सामान्य वजन का मोटापा हमारे देश में एक नई महामारी है। इसका एक प्रमुख कारण आज की जीवनशैली है। ऑन-द-गो और तेज-रफ्तार जीवन का मतलब है कि लोग नाश्ते को छोड़ देते हैं और बाकी पूरा दिन अस्वास्थ्यकर, क्विक फिक्स रिफाइंड कार्ब्स वाला भोजन खाते हैं। पेट के चारों ओर एक इंच अतिरिक्त वसा हृदय रोग की संभावना को 1.5 गुना बढ़ा सकती है। उन्होंने कहा, पुरुषों में 90 सेमी और महिलाओं में 80 सेंटीमीटर से अधिक का उदर रोग एक संकेत है कि व्यक्ति भविष्य में दिल के दौरे की चपेट में आ सकता है। पुरुषों में 20 वर्ष की आयु के बाद और महिलाओं में 18 वर्ष की आयु के बाद पांच किलोग्राम से अधिक वजन नहीं बढ़ना चाहिए। 50 वर्ष की आयु के बाद किसी के वजन की निगरानी करना और उसे उचित रूप से कम करना भी अनिवार्य है। डॉ. अग्रवाल ने कहा, एक बार जब किसी व्यक्ति का कद बढ़ना बंद हो जाता है, तो उसके अंगों का बढ़ना बंद हो जाता है और केवल मांसपेशियां ही एक हद तक निर्माण कर पाती हैं। वसा का जमाव एकमात्र कारण है जो उस चरण के बाद शरीर के वजन को बढ़ाता है। उन्होंने कहा, जो लोग मोटे हैं, उन्हें परिष्कृत कार्बोहाइड्रेट के सेवन को सीमित करने का लक्ष्य रखना चाहिए क्योंकि वे रक्त शर्करा के स्तर और इंसुलिन के उत्पादन को बढ़ाते हैं। इंसुलिन प्रतिरोध वाले लोगों में, इस वृद्धि से आगे वजन बढ़ सकता है। इसके अलावा, हर दिन लगभग 30 से 45 मिनट शारीरिक गतिविधि करने का लक्ष्य रखें, सप्ताह में पांच बार। डॉ. अग्रवाल ने कुछ सुझाव देते हुए कहा, हर दिन व्यायाम करें और स्वस्थ आहार का सेवन करें, सभी सात रंगों और छह स्वादों का मिश्रण भोजन में शामिल करें। किसी भी रूप में रिफाइंड चीनी का सेवन न करें, क्योंकि यह रक्त प्रवाह में अधिक आसानी से अवशोषित हो सकती है और आगे की जटिलताओं का कारण बन सकती है। ध्यान और योग जैसी गतिविधियों के माध्यम से तनाव को कम करें।

धर्म मंत्र

हनुमानजी ने जब पहली बार लंका को देखा तो उसकी सुंदरता देखते ही रह गये थे

श्री हनुमान जी ने सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। इस विषय पर हम पिछले अंक में विस्तार से विवेचना कर चुके हैं। सच कहें तो महापुरुषों का लक्ष्य किसी का वध करना कभी भी नहीं होता है। कारण कि वे किसी से शत्रुता ही नहीं रखते, तो भला वे किसी का वध क्यों कर करेंगे। अगर किसी को ऐसा प्रतीत होता है, कि नहीं-नहीं ! ऐसा कैसे हो सकता है, कि महापुरुषों को किसी से वैर नहीं। अगर वैर नहीं, तो क्यों सिंहिका राक्षसी का वध कर डाला। भला बिना किसी लाग लपेट के भी कोई किसी को मारता है क्या? आरंभिक स्तर पर तो हमें यह समस्त तर्क सही प्रतीत होते हैं। लेकिन जिस समय हम इन विषयों पर तात्विक चिंतन करते हैं। तो हम अवगत होते हैं, कि महापुरुषों का तो डांटना भी कल्याणप्रद है, और स्नेह करना भी। श्रीराम मारीच का वध करते हैं, तो बाहरी दृष्टि से हमें सर्वप्रथम, यह कोई अबल पे सबल का प्रहार ही प्रतीत हो। लेकिन वास्तविक्ता में तो श्रीराम मारीच को अपना परमपद् ही प्रदान करते हैं। भले ही क्यों न, मारीच सदा रावण की सेवा करता, उसकी आज्ञा मानता। लेकिन उसके द्वारा रावण की युगों तक भी की हुई सेवा, क्या मारीच का कल्याण कर सकती थी? बिल्कुल नहीं। और इस विभूषित तथ्य से मारीच भली भाँति अवगत था। तभी तो मारीच जब देखता है, कि श्रीराम उसके वध हेतु उसके पीछे-पीछे भाग रहे हैं, तो वह अपनी मृत्यु की अटल संभवना देख कर भी, अतिअंत प्रसन्न होता है।

पर्यटन

ब्लैक नेक स्टार्क को देखने के लिए बेहतरीन है सुल्तानपुर बर्ड सैंक्चुअरी

सुंदर और खूबसूरत पक्षियों को देखने का शौक आपको प्रकृति के और करीब लाने का काम करता है। अलग-अलग आकार और रंग-बिरंगे इन पक्षियों को देखकर एक तरफ जहां सुखद अनुभव होता है वहीं दूसरी ओर आश्चर्य भी। सर्दियों का मौसम बर्ड सेंचुरी घूमने के लिए बेहतरीन माना जाता है क्योंकि उस दौरान देसी ही नहीं विदेशी पक्षियों का भी दीदार किया जा सकता है। सर्दी का मौसम शुरू होते ही वन्य प्राणी विहार और भी दूसरे जल भराव वाले क्षेत्रों में बड़ी संख्या में प्रवासी पक्षियों के आने का सिलसिला शुरू हो जाता है। दरअसल ये तमाम क्षेत्र प्रवासी पक्षियों के पश्चिमी मार्ग पर पड़ते हैं। सुल्तानपुर बर्ड सेंचुरी-सुल्तानपुर राष्ट्रीय उद्यान गुरूग्राम के सुल्तानपुर गांव में स्थित है। 1.5 वर्ग किमी में फैला ये राष्ट्रीय उद्यान यह प्रवासी पक्षियों के लिए जाना जाता है। यहां हजारों पर्यटक और पक्षी प्रेमी पहुंचकर पक्षियों के बारे में अपना ज्ञानवर्धन करते हैं। यहां करीब 250 प्रजातियों के पक्षी पाए जाते हैं। विलुप्त होने की कगार पर पहुंच चुके ब्लैक नेक स्टार्क का हर साल प्रजनन होता है। इसके साथ सैकड़ों की संख्या में पैरिड स्टार्क और दूसरी स्थानीय प्रजातियों के पक्षी भी यहां प्रजनन करते हैं। ग्रे लेग गुज, बॉर हैडिड गुड, यूरेशियन कूट, गाग्रेनी, कॉमन टील, पीन टैल, यूरेशियन विजन, कॉमन पोचार्ड, रेड क्रेस्टिड पोचर्ड, नॉर्दर्न शावलर, मालार्ड गोडविट, टफटिड डक, कॉमन क्रेन, अलग-अलग तरह के सैंडपाईपर और प्लोवर, ग्रे हैडिड लेपविंग, व्हाइट टेल्ड लेपविंग, ग्रेट कस्टिड ग्रेब, ब्लैक नेक्ड ग्रेब, विभिन्न प्रकार की वैगटेल, रीवन टर्न कई प्रकार के गल, ग्रेटर और लैज़र फ्लेमिंगो स्लाइप इत्यादि को देख सकते हैं। इनके साथ-साथ अन्य शिकारी पक्षी भी यहां आ जाते हैं जैसे मार्श हैरियर, पैलिड हैरियर, इस्टर्न इम्पीरियल, ईगल, बुटिडईगल, ग्रेटर स्पोटिडईगल, पेरेग्राइन फॉलकन, लॉग लैग्ड बजर्ड, सर्पेन्ट ईगल, स्टेपी ईगल आदि भी करीब से देखे जा सकते हैं।

जनकल्याणकारी दिवस के रूप में बसपाईयों ने मनाया बसपा सुप्रीमो मायावती का 68वां जन्मदिवस समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। देश में आर्थिक मुक्ति आंदोलन एवं सामाजिक परिवर्तन बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व मुख्यमंत्री सुश्री मायावती जी का 68 वां जन्मदिन जन कल्याणकारी दिवस के रूप में बहुजन समाज पार्टी के जिला कार्यालय भीमनगर फतेहाबाद बाराबंकी के अंबेडकर पार्क मैदान में बड़े ही हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्मदिवस समारोह की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम एवं संचालन जिला महासचिव अरविंद यादव ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयोध्या मंडल के मुख्य कोऑर्डिनेटर दिलीप कुमार विमल ने कहा कि देश के गरीबों, मजलूमों, पिछड़ों, वंचितों की खुशहाली एवं शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक दायित्व में हिस्सेदारी भागीदारी व मान सम्मान देने के लिए परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने देश के लिए भारतीय संविधान में अधिकार दिए थे आज उसे पूरी तरह से लागू करने के बजाय केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार भारतीय संविधान को बदलकर देश में घोर जातिवादी, बहुजन समाज विरोधी संविधान लागू करके दलितों, पिछड़ों, मजदूरो, आदिवासियों को फिर से गुलाम व लाचार बनाना चाहते हैं वहीं दूसरी ओर बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय संविधान के अनुसार देश के सर्व समाज में भाईचारा कायम करके बहुजन समाज में जन्मे संतो, महापुरुषों, गुरुओं के सपनों का भारत बनाना चाहती हैं। जहां पर सभी को हिस्सेदारी, भागीदारी, ग्राम पंचायत से लेकर देश की सर्वोच्च न्यायपालिका एवं शासन सत्ता में स्थान दिलाना चाहती है लेकिन जातिवादी, पूंजीवादी लोग बहुजन समाज को तोड़कर शासन सत्ता में बने रहने का षड्यंत्र जाति धर्म के नाम पर बाट करके फूट डालो, राज करो, का नारा बुलंद करने में लगे हैं इनकी घोर जातिवादी सोच को ठोकर मारकर बूथ स्तर से लेकर जिले स्तर तक संगठन मजबूत करके सर्व समाज के लोगों में भाईचारा पैदा करके देश का प्रधानमंत्री बहन मायावती जी को बनाना जरूरी है।

जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की गलत नीतियों के कारण आज बेरोजगार, किसान आत्महत्या कर रहे हैं। शिक्षा व स्वास्थ्य को आम लोगों की पहुंच से दूर करने के लिए इतनी महंगी कर दिया है कि मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पा रहे हैं, बेरोजगार नौकरी के लिए, छात्र पढ़ाई के लिए, किसान अपनी फसल का उचित मूल्य पाने के लिए बेहाल है। सरकार पूंजीपतियों, धन्नासेठो को मालामाल करने में लगी हुई है। वहीं बसपा सरकार में बेरोजगारों को रोजगार एव उच्च निशुल्क शिक्षा के द्वार खुले हुए थे, केंद्र की सरकार ने सरकारी उपक्रमों को बेचकर करोड़ों लोगों को बेरोजगार करने का काम किया है इसीलिए यह सरकार छात्र, किसान, व्यापारी, बेरोजगारों की विरोधी है। जिसे बदलना बहुत जरूरी है।इस मौके पर प्रमुख रूप से जिला प्रभारी विजय कुमार, के के रावत, जिला अध्यक्ष विक्रम गौतम, आसिफ खान, जिला महासचिव अरविंद यादव, आर पी गौतम एडवोकेट, अजय गौतम, जैसीराम वर्मा, बी एल गौतम, दिग्विजय सिंह, राजेंद्र गौतम पूर्व प्रमुख, देवी शरण यादव, त्रिभुवन मौर्य, बंसीलाल गौतम, सूरज रावत, तुलसी प्रसाद गौतम, मुकेश कनौजिया, सरोज गौतम, साहब शरण पटेल, अनिल गौतम, माधव सिंह पटेल, प्रमोद गौतम, नवमी लाल फौजी, पी पी गौतम, राम प्रताप मिश्र, आरिफ अंसारी, उमेश सिंह, मनीष गौतम सभासद, रामपाल बाबू, अयोध्या प्रसाद गौतम, उमेश रावत, मुन्ना अंसारी, राधेश्याम रावत, राजीव गौतम, शिव प्रेम चौधरी, रमेश भारती, संगीता गौतम, पूनम प्रधान, संत कुमार प्रधान, श्रीमती सोना गौतम आदि लोगों ने अपने विचार व्यक्त करके बहन जी के दीर्घायु होने एवं उनके प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लिया।

सरकार का संकल्प देश का हर नागरिक हो आत्म निर्भर : अरुण शुक्ला

संकल्प यात्रा में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत , अरुण शुक्ला

कैनविज टाइम्स संवाददाता

त्रिवेदीगंज बाराबंकी : सरकार का संकल्प देश के अंतिम पायदान तक पहुंचे विकास की किरण उक्त बात भाजपा के कद्दावर नेता अरुण शुक्ला ने ग्राम पंचायत राघवपुर में आयोजित संकल्प यात्रा में आमजन को संबोधित करते हुए कही । उन्होंने वहा मौजूद ग्रामीणों को सरकार की महत्व पूर्ण योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया बताते चले कि संकल्प यात्रा के मद्देनजर सरकारी योजनाओं से लाभान्वित ग्रामीणों को सम्मानित किया गया ।संकल्प यात्रा में मौजूद मुख्य अतिथि विधायक दिनेश रावत और अरुण शुक्ला को ग्राम पंचायत अधिकारी सयंम मिश्रा और ग्राम प्रधान द्वारा सम्मानित किया गया । विधायक दिनेश रावत ने भी सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तृत से बताया । क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत

भाजपा नेता अरुण शुक्ला ने सरकारी योजनाओं से लाभान्वित सुरेश पांडे अंशु रामदेव संतराम वासुदेव माधुरी वन राजेंद्र प्रसाद को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया संकल्प यात्रा में मुख्य रूप से अम्बर शरण जायसवाल , लवकुश पाण्डेय समेत प्रधान और सदस्यगण मौजूद रहे । वही ग्राम बहुता में संकल्प यात्रा का आयोजन किया जिसमें प्रधान देवी प्रसाद , बबलू शुक्ला द्वारा मुख्य अतिथि अरुण शुक्ला का स्वागत किया गया इस दौरान हरिमगन लोधी , राम हेत विनोद त्रिपाठी गया प्रसाद आदि मौजूद रहे ।

हर घर राम , घर-घर राम संदेश देकर वितरित किए अक्षत-अक्षत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी।श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या मंदिर में रामलाल के नूतन विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के निवेदन पत्र का चित्र एवं अक्षत विश्व हिंदू परिषद व संघ के कार्यकर्ताओं एवं राम भक्तों ने सोमवार को रामनगर तहसील क्षेत्र के सिरौलीकला भागीरथपुरवा सहित अनेक गांवों में राम भक्तों की टोली ने निवेदन पत्र पूजित अक्षत घर-घर वितरित किये।विहिप जिला मंत्री राहुल कुमार वर्मा ने हिंदू जनमानस से प्राण प्रतिष्ठा के समय ईष्ट देव की पूजा अर्चना आरती कर प्रसाद वितरण करें एवं शाम को भव्य दीपोत्सव कर अयोध्या जैसे आनंद का माहौल अपने गांव में बनाने का आवाहन किया।

अभियान में विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री डॉ राजेंद्र प्रसाद,संघ के खंड कार्यवाह शिवनारायण निशांत हर्षित शिवा सौरभ अर्पित प्रसान्त आदर्श नितिन अवधराम हिमांशु वीर सिंह ने श्रीराम जन्मभूमि एवं श्रीकृष्ण जन्मभूमि जय श्री राम भारत माता के जयघोष लगा रहे थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा का किया गया जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी - विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार को विधानसभा 269 जैदपुर में हरख मंडल के ग्राम पंचायत बरौली मलिक में पहुंची। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व प्रत्याशी भाजपा विधानसभा जैदपुर अम्बरीश रावत उपस्थित हुए। व महामंत्री संग्राम सिंह वर्मा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉक्टर जयशंकर प्रसाद चौरसिया, श्याम किशोर रावत, दशरथ रावत , पिछड़ा मोर्चा के जिला मंत्री राम अवध वर्मा, ग्राम प्रधान जितेंद्र रावत, पंचायत सचिव सहित विकासखंड के अधिकारी और कर्मचारी गण, विद्यालय के नन्हे मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया और उनको सजाने और संवारने का कार्य विद्यालय के अध्यापक और अध्यापिकाओं ने किया। इस अवसर पर अम्बरीष रावत द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के गारंटी की गाड़ी का पूजन किया गया और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रमाण पत्र वितरित कर उपस्थित लोगों को 2047 तक भारत को विकसित करने के संकल्प दिलाया गया। सरकार विभिन्न की योजनाओं के काउंटर लगे थे। जिन पर योजनाओं से वंचित लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। इस अवसर पर समूह की महिलाए और बाल विकास पुष्टाहार विभाग से गोद भराई और अन्नप्राशन का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ।

सामाजिक कार्यकर्ता ने किया अयोध्या जा रहे रामभक्तो का जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मसौली बाराबंकी। हाथ में रामध्वज, जुबान पर जय श्रीराम का जयकारा, आस्था व भक्तिभाव से लबरेज राम का गुणगान करते हुए राजस्थान से दौड़ लगाकर आगामी 22 जनवरी को अयोध्या मे होने वाले भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे भाग लेने जा रहे रामभक्त रामसिंह राठौर एव उनके साथी पवन कुमार का चिलौकी ग्राम प्रधान एव उनके साथियो ने जोरदार स्वागत किया। राजस्थान के कुचामन से 15 दिसंबर को अयोध्या धाम पहुंचने का संकल्प लेकर निकले रामभक्त रामसिंह राठौर का रविवार की शाम को सफदरगंज चौराहे पर पहुंचने पर ग्राम प्रधान चिलौकी सोमनाथ राजपूत ने अंग वस्त्र, फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

रात्रि विश्राम के लिए ग्राम प्रधान के आवास पर रुके रामभक्त रामसिंह राठौर ने बताया कि 30 दिन की यात्रा पूर्ण कर ली गई है। इस दौरान उन्होंने रास्ते के विभिन्न अनुभव भी साझा किये लगातार दौड़ लगाकर अयोध्या पहुंचने की ललक लिए रामभक्त के पैरों मे छाले पड़ गए हैं लेकिन उनके ऊपर छालों का दर्द अयोध्या धाम पहुंचने के उत्साह के आगे बिल्कुल फीका था। वह कहते हैं आंखों में सिर्फ एक ही सपना है कि कितनी जल्दी प्रभु श्री राम के दर्शन हों। वह जय श्री राम के उद्घोष करते हुए आगे बढ़ रहे है और इस ऐतिहासिक पल का साक्षी बनने की चाहत बनी हुई है। जो दौड़ लगाकर राजस्थान से अयोध्या की दूरी को पैदल ही नाप रहे हैं।

मकर संक्रांति पर लोधेश्वर में श्रद्धालुओं का उमड़ा समूह

समाजसेवियों ने किया खिचड़ी भोज का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी मकर संक्रांति के पावन पुण्यकाल पर लोधेश्वर महादेवा में आज भोर पहर से ही श्रद्धालुओं का समूह हर हर बम बम के उद्घोष के साथ उमड पड़ा। दूर दराज से आए हुए श्रद्धालुओं ने शिव जी का जलाभिषेक कर खिचड़ी दान किया। बताते चलें कि मकर संक्रांति के पावन पुण्यकाल में खिचड़ी दान का महत्व माना जाता है। महादेवा सहित कई जगह समाजसेवियों ने खिचड़ी भोज का आयोजन किया।महादेवा के पश्चिम मेंस्थित ऋषि आश्रम कुरुक्षेत्र में गर्री ग्राम प्रधान प्रतिनिधि भगौती यादव द्वारा खिचडी भोज आयोजित किया गया ,श्रद्धालुओं ने अभरन कुंड में स्नान कर खिचडी भोज में हिस्सा लिया तथा खिचड़ी का दान भी किया।रामनगर क्षेत्र में स्थित तीर्थ स्थानों पर आज श्रद्धालु उमडे। मकर संक्रांति खिचड़ी पर लोगों में उत्साह दिखाई पड़ रहा था।सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस बल भी मुस्तैद रहा।

भाजपा 25 जनवरी से हर बूथ के पांच लोगों को कराएगी रामलला का दर्शन

उत्तर प्रदेश के एक लाख 62 हजार बूथों से जाएंगे राम भक्त

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा ने प्रदेश के हर बूथ से पांच लोगों को अयोध्या में रामलला के दर्शन कराने की योजना बनाई है। धर्मार्थ कार्य का बड़ा संकल्प लेकर पार्टी 25 जनवरी से इसे मूर्त रूप देगी। 25 जनवरी से 25 मार्च के बीच प्रदेश के एक लाख 62 हजार बूथों से रामभक्तों को रामलला के दरबार में दर्शन पूजन कराया जाएगा।

भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष दिलीप पटेल के अनुसार रामभक्तों के लिए वाहन ही नहीं, रहने व खाने की सुविधा भी संगठन की ओर से दी जाएगी। उन्होंने बताया कि योजना में हर बूथ से अधिकतम पांच लोगों का चयन होगा। धर्मयात्रा से पूर्व ही रामभक्तों का पंजीयन किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी बूथ कमेटी की होगी। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को विधि विधान पूर्वक प्रभु श्रीराम की भव्य दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके पश्चात पूरे देश से रामभक्त 25 जनवरी से 25 मार्च के मध्य अपने जिला/लोकसभा क्षेत्र के निर्धारित तिथि पर अयोध्या धाम जाएंगे। सभी जिलों व लोकसभा क्षेत्रों की निर्धारित तिथियों की जानकारी शीघ्र ही भाजपा क्षेत्र संगठन को उपलब्ध करा दी जाएगी।उन्होंने बताया कि सभी रामभक्त अपने क्षेत्र की निर्धारित तिथि पर ही दर्शन कर सकेंगे। रामभक्तों का श्रीराम जन्म भूमि दर्शन अभियान में प्रदेश के सभी एक लाख 62 हजार बूथों से 2 से 5 लोगों चयन किया जाएगा। नियत तिथि पर दर्शन के लिए अयोध्या धाम लाने की व्यवस्था संगठन की ओर से होगी। सभी रामभक्तों के अयोध्या धाम से वापस अपने घर सकुशल पहुँचने की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। अयोध्या धाम से प्रभु श्रीराम का दर्शन करने के पश्चात जब अपने गांव व वार्ड में आएंगे तो वहां रहने वाले सभी नागरिक एक स्थान पर एकत्र होकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन करेंगे।इस दौरान अयोध्या की यात्रा व दर्शन-पूजन के अनुभवों को सुनेंगे। इस अवसर पर प्रभु श्रीराम के चित्र पर पुष्पार्चन के बाद प्रसाद वितरित किया जाएगा। पार्टी के काशी क्षेत्र मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि श्रीराम जन्मभूमि मंदिर दर्शन के लिए प्रदेश से प्राप्त महत्वपूर्ण जानकारियां देने के साथ सभी रामभक्तों को अयोध्या लाने से पूर्व परिचय पत्र दिया जाएगा।अपने स्थल से चलने एवं अयोध्या धाम पहुँचने की जानकारी पूर्व में प्रदेश द्वारा दिए गए फार्मेट में भरना होगा।

भव्यता के साथ निकली प्रभु श्री राम एवं जगन्नाथ की शोभायात्रा

प्रयागराज। श्री जगन्नाथ जी महोत्सव समिति ट्रस्ट द्वारा श्री राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के रामोत्सव पर्व के अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गुप्ता एवं शोभायात्रा संयोजक बसंत लाल आजाद के नेतृत्व में भव्यता के साथ प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की शोभायात्रा निकाली गई।

यात्रा का शुभारम्भ महापौर गणेश केसरवानी, मंत्री गगन गुप्ता, भाजपा नेता रईस चंद्र शुक्ला, पूर्व पार्षद विजय वैश्य, जयराम गुप्ता, दाऊ दयाल गुप्ता, राजेश केसरवानी, अमर रस्तोगी पूर्व पार्षद उमेश चंद्र गुप्ता, शशिकांत जायसवाल ने प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की महाआरती कर रथ खींचकर किया।इसके पूर्व ट्रस्ट के मंत्री ने पूरे विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन किया और प्रभु श्री राम एवं भगवान जगन्नाथ की माता सुभद्रा एवं बलभद्र को रथ पर विराजित किया। शोभायात्रा में भगवान जगन्नाथ भक्तों के द्वारा प्रभु श्री रामजी की मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूजित अक्षत वितरित कर अवध आने का निमंत्रण दिया और 22 जनवरी को दिव्य श्री राम ज्योति जलाकर दीपोत्सव पर्व मनाने की भक्तों से अपील की। रथ यात्रा सह संयोजक राजेश केसरवानी ने बताया कि शोभा यात्रा प्रयागेश्वर मंदिर काशीराज से आरम्भ होकर कटघर, मुट्ठीगंज छोटा चौराहा, राम भवन, बहादुरगंज, मानसरोवर, जीरो रोड, लोकनाथ, ऊंचा मंडी, सुलाकी चौराहा, बांस मंडी, बलुआ घाट होते हुए काशीराज नगर के प्रयागेश्वर मंदिर में समाप्त हुई।शोभा यात्रा में भगवान श्री राम का दरबार, भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा भ्राता, बलभद्र एवं हनुमान जी की भव्य झांकी एवं ध्वज पताका डीजे बैंड शामिल रहा। भक्तगण जय श्री राम का नारा लगाते हुए राम जन्मभूमि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर दीपोत्सव पर मनाने की अपील कर रहे थे।शोभा यात्रा में प्रमुख रूप से लाल बाबू, त्रिलोकी केसरवानी, विनोद कुमार श्रीवास्तव, मनोज गुप्ता, संजय गुप्ता, महेश वर्मा, हैप्पी कसेरा, गीता गुप्ता, रानी केसरवानी, अर्चना केसरवानी, अजय अग्रहरि, बैजनाथ केसरवानी, शत्रुघ्न जायसवाल, कमलेश केशरवानी, राजेश शर्मा, पद्माकर श्रीवास्तव, कृष्ण मोहन गुप्ता आदि सैकड़ों भक्तगण रहे।

उदासीन आश्रम से निकली श्रीराम जानकी शोभायात्रा

बाराबंकी। अयोध्या धाम में श्रीराम लला सरकार की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व जनपद के उदासीन आश्रम हजरतपुर से सोमवार को भव्य श्री राम जानकी शोभा यात्रा निकाली गई। बदोसराय तक निकाली गई शोभा यात्रा में राम दरबार की दिव्य झांकियों को देख पूरा माहौल राममय हो गया।

उदासीन आश्रम के महंत जनार्दन दास जी महाराज के नेतृत्व में शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा में काफ़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भगीदारी रही। रास्ते में कटोरवा गाँव, सोंधवा, मरकामऊ, टिकुरी व बदोसराय में कई जगह पुष्प वर्षा, शंख ध्वनि व आरती पूजा से यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। यात्रा मार्ग में राम भक्तों द्वारा उदासीन आश्रम के महंत के मार्गदर्शन में कई जगह भन्डारे का भी आयोजन कराया गया।महंत जनार्दन दास जी महाराज ने बताया कि राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की खुशियां समूचे विश्व में मनाई जा रही हैं। लोगों में एक अलग उत्साह व ऊर्ज़ा का संचार है। शोभायात्रा में राम भक्तों को 11 कुंतल लड्डू वितरण किया गया जो पूरी यात्रा में अनवरत बांटा जाता रहा। नगर और आसपास के कई गाँव व क्षेत्र के लोग यात्रा में सम्मलित रहे।

नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म के दोषी को 12 वर्ष का कारावास

फिरोजाबाद। न्यायालय ने नाबालिग को अगवा कर उससे दुष्कर्म के दोषी को 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर अर्थ दंड भी लगाया है। अर्थ दंड ना देने पर उसे अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।थाना मक्खनपुर के क्षेत्र नगला तुरकिया निवासी एक किशोरी को 25 जून 2022 को एक युवक भगा कर ले गया था। किशोरी के पिता ने रिंकू पुत्र अंतराम निवासी नगला तुरकिया के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस जांच में सामने आया कि रिंकू ने किशोरी के साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया।

मुकदमा अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, विशेष न्यायाधीश पाक्सो अधिनियम कोर्ट संख्या एक अवधेश कुमार सिंह की अदालत में चला। अभियोजन पक्ष की तरफ से पैरवी कर रहे विशेष लोक अभियोजक अवधेश भारद्वाज ने बताया कि मुकदमे के दौरान कई गवाहों ने गवाही दी। कई साक्ष्य न्यायाधीश के सामने प्रस्तुत किए गए। गवाहों तथा साक्ष्य के आधार पर न्यायालय ने रिंकू को दोषी माना। न्यायालय ने उसे 12 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई है। न्यायालय ने दोषी पर 26000 रुपया का अर्थ दंड लगाया है। अर्थ दंड न देने पर उसे अतिरिक्त सजा दोषी को काटनी होगी।

पार्टी के सभी अभियानों, कार्यक्रमों में पूरी तत्परता और कर्मठता से लगें : धर्मपाल सिंह

मुरादाबाद। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पश्चिम क्षेत्र की क्षेत्रीय बैठक सोमवार को मुरादाबाद में दिल्ली रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई। क्षेत्रीय बैठक चार सत्रों में संपन्न हुई। सभी सत्र में मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह उपस्थित रहे।प्रथम सत्र की बैठक में पार्टी द्वारा निर्धारित किए गए कार्यक्रम व अभियान को लेकर चर्चा की गई, जिसमें पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय पदाधिकारी, 19 जिलों के जिला व महानगर अध्यक्ष और जिला प्रभारी उपस्थित रहे।

द्वितीय सत्र की बैठक में 25 जनवरी को आयोजित होने वाले नव मतदाता सम्मेलन पर चर्चा हुई। पश्चिम क्षेत्र के 19 संगठनात्मक जिलों के भाजपा जिला व महानगर अध्यक्ष, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष व नव मतदाता सम्मेलन हेतु पश्चिम क्षेत्र की सभी 71 विधानसभाओं के संयोजक उपस्थित रहे। तृतीय सत्र की बैठक बूथ सशक्तिकरण और पन्ना प्रमुख योजना को लेकर संपन्न हुई। जिसमें सभी 19 जिलों के जिला व महानगर अध्यक्ष, बूथ सशक्तिकरण अभियान के जिला व मंडल संयोजक उपस्थित रहे। चतुर्थ सत्र की।

बैठक में मुरादाबाद जनपद के जिला व महानगर पदाधिकारी समस्त जनप्रतिनिधि जिला पंचायत अध्यक्ष, महापौर, जिला पंचायत सदस्य, ब्लाक प्रमुख, पार्षद उपस्थित रहे।प्रथम सत्र की बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने कहा कि पार्टी के सभी अभियानों कार्यक्रमों में हमें पूरी तत्परता और कर्मठता से लगना हैं। धर्मपाल सिंह ने आगे बताया कि 14 जनवरी से प्रत्येक मठ मंदिर में स्वच्छता अभियान प्रारंभ हो गया है, जो 21 जनवरी तक चलेगा। 28 जनवरी को मन की बात कार्यक्रम सभी बूथों पर संपन्न होगा। मन की बात समाप्त होते ही सभी बूथों पर बूथ कमेटी और पन्ना प्रमुखों की बैठक संपन्न होगी। इसके साथ ही प्रदेश महामंत्री संगठन ने गांव चलो अभियान, बूथ सम्मेलन आदि पर भी चर्चा की।द्वितीय सत्र की बैठक में प्रदेश महामंत्री संगठन ने युवा मोर्चा पदाधिकारी से कहा कि 25 जनवरी को होने वाले नव मतदाता सम्मेलन को सफल बनाना हैं। इस सम्मेलन में पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष से 23 वर्ष के युवाओं को सम्मिलित करना हैं। नव मतदाताओं को मिस्ड कॉल के जरिए नव मतदाता सम्मेलन के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहा है। देशभर के नव मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए 7820078200 मोबाइल नंबर जारी किया गया हैं, जिस पर मिस्डकॉल कराकर नव मतदाताओं का अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन करवाएं।

बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सत्येंद्र सिसोदिया, प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी सतपाल सिंह सैनी, प्रदेश मंत्री डा. चंद्रमोहन सिंह व बसंत त्यागी, क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा, डा. विकास अग्रवाल व हरीश ठाकुर, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी गजेंद्र शर्मा, मुरादाबाद नगर विधानसभा से विधायक रितेश गुप्ता, एमएलसी डॉ जयपाल सिंह व्यस्त, भाजपा जिला अध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष संजय शर्मा, जिला महामंत्री राजन विश्नोई, चंद्रपाल सैनी, नरेंद्र आचार्य, कमल प्रजापति, महानगर महामंत्री श्याम बिहारी शर्मा कमल गुलाटी दिनेश शीर्षवाल नत्थूराम कश्यप, क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी निमित्त, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, महानगर मीडिया प्रभारी राहुल सेठी आदि उपस्थित रहे।

आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे

प्रेस विज्ञप्ति

रेल संरक्षा आयुक्त द्वारा तुलसीनगर से जफरगंज के नई दोहरीकरण रेल लाइन का निरीक्षण

लखनऊ मण्डल के **तुलसीनगर से जफरगंज** (17.336 किमी) में नई निर्मित दोहरीकरण लाइन इलेक्ट्रिक ट्रेन संचालन के लिए शीघ्र की खोली जायेगी। विशेष ट्रेन द्वारा खण्ड का उच्चगति परीक्षण रेलवे संरक्षा आयुक्त द्वारा दिनांक **20.01.2024** को ट्राली निरीक्षण के बाद किया जायेगा। उसके बाद से **तुलसीनगर, मालीपुर और जफरगंज सेक्शन** में दोनों दिशाओं से दोहरी लाइन पर ट्रेनों का संचालन शुरू किया जायेगा।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वे उपरोक्त खण्ड में रेलवे लाइनों से दूर रहे। ट्रैक को केवल लेवल क्रॉसिंग से पार किया जाना चाहिए। लेवल क्रॉसिंग के अलावा किसी भी अन्य स्थान से ट्रैक पार करना दंडनीय अपराध है और रेलवे अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए उत्तरदायी है।

द्वारा जारीः

उत्तर रेलवे निर्माण संगठन, कश्मीरी गेट, दिल्ली

181/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

इटली पर बड़ी जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में जगह बनाने उतरेगी भारतीय महिला हॉकी टीम

एजेंसी

रांची। पहला मैच गंवाने के बाद दूसरे मैच में जीत दर्ज करके अपना अभियान पटरी पर लाने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम मंगलवार को यहां इटली की कम रैंकिंग वाली टीम पर बड़ी जीत दर्ज करके एफआईएच महिला ओलंपिक क्वालीफायर के सेमीफाइनल में जगह बनाने की कोशिश करेगी। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारत की टूर्नामेंट में शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसे पूल बी के अपने पहले मैच में 12वें रैंकिंग वाले अमेरिका से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। सविता पूनिया की अगुवाई वाली भारतीय टीम ने हालांकि अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 3-1 से हराकर पेरिस ओलंपिक में जगह बनाने की अपनी उम्मीदों को कायम रखा। एशियाई खेलों के जरिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के बाद भारतीय टीम के पास इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों में जगह बनाने का यह आखिरी मौका है। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर

रहने वाली तीन टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। अमेरिका दो मैच में जीत दर्ज करके पूल बी में शीर्ष पर है जबकि भारत और न्यूजीलैंड के तीन-तीन अंक हैं। गोल अंतर में हालांकि भारतीय टीम न्यूजीलैंड से पीछे है। ऐसी स्थिति में भारत को विश्व में 20वें नंबर की इटली की टीम के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज करनी होगी। दोनों पूल से पहले दो स्थान पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में जगह बनाएंगी। सेमीफाइनल गुरुवार को खेले जाएंगे। भारतीय टीम ने अगर अमेरिका के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में लचर प्रदर्शन किया तो न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले मैच में उसने शानदार खेल दिखाया। टीम अब इटली के खिलाफ अपनी इस लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगी।

भारतीय टीम ने न्यूजीलैंड के खिलाफ रक्षा पंक्ति, मध्य पंक्ति और अग्रिम पंक्ति में शानदार तालमेल दिखाया। कोच यानेक शोपमैन को उम्मीद रहेगी कि टीम अगले मैच में भी इसी तरह का प्रदर्शन करेगी। भारत की सबसे बड़ी समस्या पेनल्टी कार्नर को गोल में नहीं बदल पाना है। उसने दो मैच में अभी तक 13 पेनल्टी कार्नर हासिल किए हैं लेकिन उनमें से केवल एक बार ही गोल कर पाया। इटली ने अभी तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं और वह क्वालीफाई करने की दौड़ से बाहर हो गया है लेकिन उसकी टीम भारत के राह में रोड़ा बन सकती है और इसलिए सविता पूनिया की टीम अपने इस प्रतिद्वंद्वी को हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी। भारतीय कोच शोपमैन ने अपने खिलाड़ियों को इटली से सतर्क रहने की हिदायत देते हुए कहा,''यह मैच कड़ा हो सकता है क्योंकि इटली की टीम भी अर्जेंटीना की तरह साहसिक खेल खेलती है। हमें धैर्य बनाए रखना होगा। हमें हर हाल में पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलना होगा।'' भारत के लिए यह फायदे की बात है कि उसे अपना मैच अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के बाद खेलना है। इससे उसके सामने तस्वीर स्पष्ट होगी कि उसे कितने अंतर से जीत दर्ज करनी है।

रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन 3 के ब्रांड एंबेसडर बने बालीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन

एजेंसी

मुंबई। वॉलीबॉल का रोमांचक खेल हिंदी सिनेमा के स्वाद से सराबोर होने को तैयार है क्योंकि हिंदी सिनेमा के चहेते सुपरस्टार ऋतिक रोशन ब्रांड एंबेसडर के तौर पर ए23 द्वारा संचालित रूपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे सीजन के साथ जुड़ रहे हैं। अपने शानदार अभिनय के लिए कई पुरस्कार जीत चुके ऋतिक ने पिछले कुछ दशकों में अपनी फिटनेस और डाइट प्लान को लेकर काफी प्रतिष्ठा हासिल की है। खेलों में रुचि रखने वाले ऋतिक वॉलीबॉल के फिजिकल नेचर का आनंद लेते हैं और इसी कारण वह मानते हैं कि रुपे प्राइम वॉलीबॉल के साथ उनकी यह साझेदारी उनके लिए एक लिहाज से स्वाभाविक चुनाव है। इस लीग से जुड़ी चीजों को बढ़ावा देने के लिए, ऋतिक ने आगामी सीजन के बारे में इसमें हिस्सा लेने जा रहे कुछ शीर्ष वॉलीबॉल सितारों के साथ चर्चा की। रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग सीजन-3 का आगाज 15 फरवरी, 2024 से होगा। बेसलाइन वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक और सह-संस्थापक तुहिन मिश्रा रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग में बॉलीवुड सुपरस्टार का स्वागत करते हुए बहुत खुश हैं। तुहिन ने कहा, ''हमें खुशी है कि ऋतिक अगले संस्करण के लिए हमारे ब्रांड एंबेसडर के रूप में हमारे साथ शामिल हुए हैं। इस अभिनेता ने वर्षों से एथलेटिकवाद और फिटनेस का अर्थ बदला है और इसे एक नई परिभाषा दी है। वह हमारे कई एथलीटों के लिए प्रेरणा का सच्चा स्रोत रहे हैं। वह शारीरिक और मानसिक फिटनेस बनाए रखने की आवश्यकता के बारे में काफी मुखर रहे हैं, और इसलिए हम उनके जैसा एक स्टार व्यक्तित्व चाहते थे, जो हमारे साथ जुड़े। उनकी मौजूदगी न केवल इ23 द्वारा संचालित रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग में ग्लैमर लाएगी, बल्कि यह ओवरआल प्रोडक्ट को और भी अधिक रोमांचक और साहसिक बना देगी। हम तीसरे सीजन के शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकते। वहीं, ऋतिक ने कहा, ''मैं ए23 द्वारा संचालित रुपे प्राइम वॉलीबॉल लीग के तीसरे संस्करण का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं। मेरी ओर से सबको बधाई। प्रीमियम वॉलीबॉल के दो उल्लेखनीय सीजन पेश करने के लिए बेसलाइन वेंचर्स, सोनी पिक्चर्स नेटवर्क, सोनी लिव की दूरदर्शी टीम को बधाई और शुभकामनाएं। इस लीग ने धूम मचा दी है। मैं इस खेल को पसंद करने वाले दर्शकों की बढ़ती संख्या से आश्चर्यचकित हूं और मुझे विश्वास है कि हम साथ मिलकर एक और सीजन पेश करेंगे, जो पहले से कहीं अधिक बड़ा, बेहतर और हिट होगा।



जापान के क्योटो में नववर्ष तीरंदाजी टूर्नामेंट में युवतियों ने साधा निशाना

क्योटो (जापान)। जापान के पश्चिमी प्रांत यमाशिरों की राजधानी क्योटो में रविवार को प्रसिद्ध बौद्ध मंदिर संजूसांगेन्डो में वार्षिक नववर्ष तीरंदाजी टूर्नामेंट (जापानी में क्यूडो) का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 1700 युवाओं ने हिस्सा लिया। इनमें युवतियों की संख्या अधिक रही। जापानी समाचार पत्र जापान टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, प्रतिभागियों को 60 मीटर दूर एक मीटर चौड़े लक्ष्य पर निशाना लगाना होता है। तीरंदाज समूहों में लक्ष्य को तीर से भेदते हैं। प्रत्येक तीरंदाज को दो तीर दिए जाते हैं और लक्ष्य पर निशाना साधने के लिए उसके पास दो मिनट का समय होता है। जो लोग दोनों तीरों से लक्ष्य पर प्रहार करते हैं वे दूसरे दौर में आगे बढ़ते हैं। यह पारंपरिक आयोजन 1600 के दशक की शुरुआत का है। क्योटो को क्वामू शासनकाल में 'हे यान जो' अर्थात 'शांति का नगर' की संज्ञा दी गई थी।

फआईएच ओलंपिक क्वालीफायर से अंतरराष्ट्रीय हॉकी में वापसी का लुत्फ उठा रही हैं ब्यूटी डुंगडुंग

एजेंसी

रांची। भारतीय महिला हॉकी टीम की मिडफील्डर ब्यूटी डुंगडुंग की मौजूदा एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 में राष्ट्रीय टीम में वापसी हुई है। मेजबान भारत, जिसे पूल बी में रखा गया है, ने रविवार को प्रतियोगिता के अपने दूसरे मैच में न्यूजीलैंड पर 3-1 से जोरदार जीत हासिल की, जिसमें उदिता और संगीता कुमारी के साथ ब्यूटी डुंगडुंग ने भी एक गोल किया। शनिवार को अपने पहले मैच में संयुक्त राज्य अमेरिका से 0-1 से हार के बाद, ब्लैक स्टिक्स पर महत्वपूर्ण जीत ने भारत को 16 जनवरी को इटली के खिलाफ होने वाले अपने अंतिम पूल गेम से पहले आत्मविश्वास बढ़ाया है। ब्यूटी, जिन्होंने आखिरी बार भारत के लिए जनवरी 2023 में केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैचों में भाग लिया था, ने कहा कि वह टीम में अपनी वापसी का आनंद ले रही हैं और खुश हैं कि वह

रविवार को भारत की जीत में योगदान देने में सक्षम रहीं। उन्होंने कहा, ''मैं टीम में अपनी वापसी का आनंद ले रही हूं। मुझे टीम का हिस्सा बने हुए काफी समय हो गया है। इसलिए, यह अच्छा लगता है कि मैं चोट के बाद टीम में वापसी करने में और टीम की जीत में योगदान देने में सक्षम रही। 21 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल फरवरी की शुरुआत में बड़ी चोट लगी थी और मार्च में सर्जरी करानी पड़ी थी। ब्यूटी ने कठिन पुनर्वास अवधि के बारे में खुलकर बात की और बताया कि कैसे टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ के समर्थन ने उन्हें प्रेरित किया। उन्होंने कहा, ''ऑपरेशन के एक सप्ताह बाद, मैंने पुनर्वास प्रक्रिया शुरू की। मुझे दर्द का अनुभव हो रहा था लेकिन मैं खुद को प्रेरित करता रहा। मैं नियमित रूप से फिजियोथेरेपी अभ्यास कर रहा थी, जिसकी मुझे मेडिकल स्टाफ ने सिफारिश की थी। मुझे एहसास हुआ कि इसमें बहुत अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। जब तक आप वापस लौटने की मानसिकता रखें, तो यह और भी कठिन हो जाता है। उन्होंने कहा, ''इस दौरान सभी ने मुझे बहुत सपोर्ट किया। यह पहली बार था जब मैं घायल हुई थी, इसलिए मैं काफी परेशान थी। हमारे मुख्य कोच जेनेके शोपमैन ने मुझे प्रेरित किया और बताया कि प्रत्येक खिलाड़ी चोट के दौर से सीखता है कि वे अपने खेल में और क्या सुधार कर सकते हैं और मानसिक रूप से कैसे मजबूत बना सकते हैं।

पर्थ स्कॉर्चर्स ने बीबीएल के समापन चरण के लिए मार्कस हैरिस के साथ किया करार

पर्थ। बिग बैश लीग (बीबीएल) के अंतिम चरण के लिए गत चैंपियन पर्थ स्कॉर्चर्स ने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मार्कस हैरिस के साथ प्रतिस्थापन खिलाड़ी के रूप में करार किया है। स्कॉर्चर्स ने ज़ैक क्रॉली को पहले ही खो दिया है, जिन्हें भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड टेस्ट टीम में शामिल किया गया है, वहीं, लॉरी इवांस भी फाइनल में टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि उनके पास आईएलटी-20 डील है। स्टीफन एस्किनाज़ी ब्रिस्बेन हीट के खिलाफ मुकाबले के लिए लाइन-अप में लौट आए लेकिन स्कॉर्चर्स ने घायल झाय रिचर्डसन के प्रतिस्थापन के रूप में हैरिस को लाकर अपने विकल्पों को मजबूत कर लिया है। हैरिस बीबीएल के पिछले सीज़न में मेलबर्न रेनेगेड्स के लिए खेले थे। उन्होंने 2014 और 2016 के बीच स्कॉर्चर्स के लिए 14 मैच भी खेले। कुल मिलाकर उनके नाम टी20 में 20.43 की औसत और 121.71 की स्ट्राइक रेट से 981 रन हैं।

थोक महंगाई दर दिसंबर में नौ महीने के उच्चतम स्तर 0.73 फीसदी पर

एजेंसी

नई दिल्ली। खुदरा के बाद थोक महंगाई के मोर्चे पर भी आम आदमी को झटका देने वाली खबर है। दिसंबर में थोक महंगाई दर बढ़कर नौ महीने के उच्चतम स्तर 0.73 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पहले नवंबर महीने में यह 0.26 फीसदी रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी आंकड़ों में बताया कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर दिसंबर में बढ़कर 0.73 फीसदी पर पहुंच गई है। इससे पहले थोक महंगाई दर अप्रैल से लेकर अक्टूबर तक लगातार शून्य से नीचे बनी हुई थी, जबकि नवंबर महीने में यह उछल कर 0.26 फीसदी हो गई थी। मंत्रालय के मुताबिक थोक महंगाई दर में यह उछाल खाद्य पदार्थों, खासकर सब्जियों तथा दालों की कीमतों में तेज से आई है। आंकड़ों के मुताबिक डब्ल्यूपीआई पर

आधारित खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति दिसंबर में बढ़कर 9.38 फीसदी रही, जो नवंबर महीने में 8.18 फीसदी रही थी। इसी तरह दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर 26.30 फीसदी रही, जबकि दालों की महंगाई दर 19.60 फीसदी थी। मंत्रालय के मुताबिक खाद्य वस्तुओं के अलावा मशीनरी उपकरण, विनिर्माण, परिवहन और कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक तथा ऑप्टिकल उत्पादों आदि की कीमतों में वृद्धि दिसंबर में थोक महंगाई में बढ़ोतरी का कारण रही है। उल्लेखनीय है कि पिछले हफ्ते एनएसओ की तरफ से जारी आंकड़ों के अनुसार दिसंबर में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा महंगाई दर बढ़कर चार महीने के उच्चतम स्तर 5.69 फीसदी पर पहुंच गई। हालांकि, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने दिसंबर महीने की मौद्रिक नीति समीक्षा (एमपीसी) की बैठक में मुद्रास्फीति का लक्ष्य 5.4 फीसदी पर अपरिवर्तित रखा था।

टीम को अच्छे स्ट्राइक रेट से अच्छी शुरुआत देने की कोशिश कर रहा था : यशस्वी जायसवाल

एजेंसी

इंदौर। युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल भारतीय बल्लेबाजी क्रम में अपनी भूमिका को लेकर स्पष्ट हैं और उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाफ यहां दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वह टीम को अच्छे स्ट्राइक रेट से अच्छी शुरुआत देने की कोशिश कर रहे थे। जायसवाल ने 34 गेंद पर 68 रन की पारी खेली जबकि शिवम दुबे 32 गेंद पर 63 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे भारत ने छह विकेट से जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 से बढ़त हासिल की। जायसवाल ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा,''मुझे अपना नैसर्गिक खेल खेलने के लिए कहा गया था और मैं ऐसा करने की कोशिश कर रहा था। इस 22 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने कहा,''मैं ढीली गेंदों पर शॉट लगाने का प्रयास कर रहा था और मेरा ध्यान टीम को अच्छी शुरुआत देने पर था। मैंने अच्छी शुरुआत दी तो मैं लंबे समय तक बल्लेबाजी करने का प्रयास कर

रहा था। मैं अपनी स्ट्राइक रेट को बेहतर बनाए रखने की कोशिश कर रहा था। मैं अच्छी स्ट्राइक रेट से रन बनाने पर ध्यान दे रहा था।'' भारत की तरफ से चार टेस्ट और 16 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले जायसवाल ने कहा कि उन्हें जब भी मौका मिलता है तब वह टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान देने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा,''मैं अभ्यास सत्र के दौरान कड़ी मेहनत करता हूं। जब भी मुझे मौका मिलता है तो मैं अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करता हूं और यह सुनिश्चित करता हूं कि मैं टीम के लिए अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ योगदान दूं जो सबसे महत्वपूर्ण है।

बजट में एनपीएस को आकर्षक बनाने, महिलाओं को कुछ कर छूट मिलने की उम्मीद: अर्थशास्त्री

एजेंसी

नयी दिल्ली। आम चुनाव से पहले पेश होने वाले अंतरिम बजट से पहले सरकार लोकलुभावन घोषणाओं से बचेगी और राजकोषीय मजबूती पर ध्यान देना जारी रखेगी। अर्थशास्त्रियों ने यह राय जताई है।

हालांकि, अर्थशास्त्रियों का कहना है कि पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग के बीच एनपीएस (नई पेंशन प्रणाली) को आकर्षक बनाने के साथ महिलाओं के लिए अलग से कुछ कर छूट मिलने की उम्मीद है। साथ ही चुनावी वर्ष में मानक कटौती की राशि बढ़ाकर नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को कुछ राहत दिए जाने की भी संभावना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण संसद में एक फरवरी को 2024-25 का अंतरिम बजट पेश करेंगी। यह उनका छठा बजट है। जाने-माने अर्थशास्त्री और वर्तमान में बेंगलुरु स्थित डॉ. बी आर आंबेडकर स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स यूनिवर्सिटी के कुलपति एन आर भानुमूर्ति ने बातचीत में कहा, ''सरकार के पिछले रुख को देखते हुए, आगामी अंतरिम बजट के लोकलुभावन होने की संभावना नहीं है। इसका कारण यह है कि प्रधानमंत्री पहले ही गरीब कल्याण अन्न योजना जैसे कुछ उपायों की घोषणा कर चुके हैं, जिनके आने वाले वर्ष में भी जारी रहने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''हालांकि, ऐसी उम्मीदें हैं कि कई राज्यों में पुरानी पेंशन योजना के राजनीतिक मुद्दा बनने को देखते हुए सरकार पेंशन व्यवस्था (एनपीएस) को आकर्षक बनाने के लिए संभवतः बजट में कुछ घोषणा कर सकती है। उल्लेखनीय है कि पंजाब, राजस्थान समेत कुछ राज्यों में पुरानी पेंशन व्यवस्था लागू की गयी है। इसको देखते हुए अन्य राज्यों और केंद्रीय कर्मचारी भी पुरानी पेंशन लागू करने की मांग कर रहे हैं। इसको देखते हुए सरकार ने राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एनपीएस) की समीक्षा और उसमें सुधार के लिए वित्त सचिव टी वी सोमनाथन की अध्यक्षता में पिछले साल अप्रैल में समिति बनायी थी। समिति संभवतः इस महीने के अंत में अपनी रिपोर्ट देगी। चुनाव से पहले नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को कर मोर्चे पर राहत के बारे में पूछे जाने पर भानुमूर्ति ने कहा, ''यह अंतरिम बजट होगा। ऐसे में कर व्यवस्था में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं करनी चाहिए क्योंकि इसका मकसद पूरे साल का बजट पेश होने तक केवल व्यय बजट के लिए मंजूरी लेनी होता है। वैसे भी कर व्यवस्था और संरचना में बार-बार बदलाव से अनुपालन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए, मुझे आयकर व्यवस्था में किसी भी तरह के बदलाव की उम्मीद नहीं है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ स्टडीज के चेयरमैन सुदिप्तो मंडल ने भी कहा, ''पिछले अनुभव से पता चलता है कि इस सरकार ने राजकोषीय नीतियों का पालन किया है। उदाहरण के लिए चुनावी वर्ष 2019 में भी बहुत अधिक लोकलुभावन योजनाओं और खर्च का सहारा नहीं लिया गया। इसलिए मुझे आगामी बजट में बहुत अधिक लोकलुभावन योजनाओं की उम्मीद नहीं है। हालांकि, किसान सम्मान निधि जैसी पुरानी योजनाएं बरकरार रखी जा सकती हैं। कर मोर्चे पर राहत के बारे में उन्होंने कहा, ''नौकरीपेशा और मध्यम वर्ग को आयकर मोर्चे पर कुछ राहत मिल सकती है। मानक कटौती की राशि बढ़ाकर कुछ राहत दिये जाने की उम्मीद है। फिलहाल मानक कटौती के तहत 50,000 रुपये की छूट है। आर्थिक शोध संस्थान, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी में प्रोफ़ेसर लेखा चक्रवर्ती ने कहा, ''बजट लोकलुभावन नहीं होगा। वित्त मंत्री राजकोषीय मजबूती के रास्ते से नहीं हटेंगी। हालांकि, बढ़ती खाद्य महंगाई और आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान को देखते हुए किसानों को लक्षित नकद हस्तांतरण बना रहेगा। कर राहत के बारे में पूछे जाने पर म्यूनिख स्थित इंटरनेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस (आईआईपीएफ) की संचालन प्रबंधन मंडल की सदस्य की भूमिका भी निभा रही लेखा चक्रवर्ती ने कहा, ''महिला मतदाताओं पर जोर को देखते हुए आयकर कानून की धारा 88सी के तहत महिलाओं के लिए कुछ अलग से कर छूट मिल सकती है। हालांकि, उन्होंने कहा, ''चूंकि भारतीय आबादी के मुकाबले आयकरदाताओं की संख्या बेहद कम है, ऐसे में महिलाओं और पुरुषों के लिए कर राहत से जुड़ी घोषणाओं का बहुत ज्यादा प्रभाव नहीं पड़ता है।

कच्चा तेल 79 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

नई दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के मूल्य में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमत 79 डॉलर और डब्ल्यूटीआई क्रूड 73 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने सोमवार को पेट्रोल-डीजल की कीमत में कोई फ़ेरबदल नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये, डीजल 90.08 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये, डीजल 94.27 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये, डीजल 92.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर की दर

पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पहले दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.29 डॉलर यानी 0.37 फीसदी की बढ़त के साथ 78.59 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 0.18 डॉलर यानी 0.25 फीसदी उछलकर 72.86 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

सर्राफा बाजार में तेजी से सोना और चांदी की बढ़ी चमक

एजेंसी

नई दिल्ली। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को घरेलू सर्राफा बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। सोने की कीमत में आज 400 से 500 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की तेजी बनी हुई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को और 22 कैरेट सोना 58 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर को पार करके कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी में भी आज 500 रुपये प्रति किलोग्राम की बढ़त दर्ज की गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 63,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर

बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 63,760 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 58,450 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना आज 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 63,420 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 63,320 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 63,420 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 58,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी सोने की कीमत में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 63,270 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। वहीं इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 58,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

शर्मिष्ठा मुखर्जी ने पीएम से की मुलाकात, किताब भेंट की, बोलीं-

'बाबा के लिए कम नहीं हुआ पीएम का सम्मान'

एजेंसी

नई दिल्ली। दिवंगत पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। उन्होंने प्रधानमंत्री को अपनी किताब 'इन प्रणब माय फादरः ए डॉटर रिमेंबर्स' की एक प्रति भेंट की। इसके बाद शर्मिष्ठा ने कहा कि उनके पिता के लिए प्रधानमंत्री का सम्मान कम नहीं हुआ है।

शर्मिष्ठा मुखर्जी ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की तस्वीरों को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट किया है। इसके साथ ही आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने मुझे मेरी किताब की प्रति भेंट करने के लिए बुलाया था। वह मेरे प्रति भी उतने ही दयालु थे, जितने वे हमेशा रहे हैं। बाबा (पिता) के लिए भी उनका सम्मान कम नहीं हुआ है। तस्वीरों में उन्हें प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत करते देखा जा सकता है। कांग्रेस की पूर्व प्रवक्ता शर्मिष्ठा ने अपनी किताब में अपने पिता के साथ की घटनाओं को याद किया है। किताब में उन्होंने दावा किया है कि प्रणब मुखर्जी को (कांग्रेस सांसद) राहुल गांधी के नेतृत्व कौशल पर संदेह था और वे उन्हें राजनीति के लिए परिपक्व नहीं मानते थे। इससे पहले शर्मिष्ठा ने एक इंटरव्यू में राहुल गांधी को 'बेहद विनम्र' और सवालों से भरा हुआ व्यक्ति बताया था। लेकिन, यह भी कहा था कि उन्हें एक राजनेता के रूप में परिपक्व होना बाकी है। किताब के मुताबिक, प्रणब मुखर्जी ने राहुल की 'एएम' और 'पीएम' बीच अंतर न करने की क्षमता पर भी सवाल उठाया था। उनके मुताबिक, एक दिन प्रणब मुखर्जी मुगल गार्डन (अब अमृत गार्डन) में सुबह की सैर के लिए निकले थे। राहुल उनसे मिलने आए। प्रणब को अपनी सुबह की सैर और पूजा के दौरान किसी भी तरह की रुकावट पसंद नहीं थी। फिर भी राहुल ने उनसे मिलने का फैसला किया। दरअसल, राहुल गांधी की शाम को प्रणब से मुलाकात की योजना थी। लेकिन, उनके कार्यालय ने प्रणब को बताया कि बैठक सुबह के समय होनी थी। जब मुझे (शर्मिष्ठा) एक अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) से घटना के बारे में पता चला तो मैंने अपने पिता से पूछा। इस पर उन्होंने व्यंग्यात्मक अंदाज में टिप्पणी की कि अगर राहुल का कार्यालय 'एएम' और 'पीएम' के बीच अंतर नहीं कर सकता है, तो वे एक दिन पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) कैसे चला सकते हैं?

22 जनवरी के बाद हिन्दुओं के पराभव काल भी बदलना शुरू होगा : आलोक कुमार

एजेंसी

नयी दिल्ली। विश्व हिन्दू परिषद (विहिप) के अंतरराष्ट्रीय कार्याध्यक्ष आलोक कुमार ने 22 जनवरी को अयोध्या में रामजन्मभूमि पर भगवान के विग्रह की प्राणप्रतिष्ठा के बाद तेरह सौ साल के हिन्दुओं के पराभव का काल का भी परिवर्तन शुरू हो जाएगा और विश्व को हिन्दू समरसता, आनंद एवं सुख मय जीवन देने की अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करेगा।

श्री आलोक कुमार ने आज यहा पांचजन्य के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुयक कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू की नीतियों के कारण हिन्दुओं की एक ऐसी जमात बन गयी थी, जो अपने हिन्दुत्व से घृणा करती थी। उन्हें ऐसी बातें मालूम होतीं थीं, जो नकारात्मक एवं खराब थीं। उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ी चिंता थी कि यही चलता रहा तो एक दिन हिन्दू नष्ट हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि हिन्दू समाज में यह हीन भावना घर कर गयी थी कि हर मुसलमान आक्रामक है और हर हिन्दू रक्षात्मक या भीरू है। हर दंगे की शुरुआत मुसलमान करते थे और हिन्दुओं का नुकसान होता था, लेकिन छह दिसंबर 1992 को बाबरी ढांचा गिरने के साथ ही हिन्दुओं की यह हीन भावना भी ध्वस्त हो गयी। इसका परिणाम यह हुआ कि 1992 से लेकर 2024 तक जितने भी दंगे हुयक उनमें हिन्दू ने कभी पीठ नहीं दिखायी। विहिप नेता ने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ हिन्दुओं के आत्मविश्वास, स्वाभिमान, राष्ट्रीयता, सांस्कृतिक मूल्यों और आत्म गौरव का पुनरुत्थान होना है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को सबको इकट्ठा हो कर मंदिर में जाना है और खड़े होकर आरती गान करना है। देश विदेश के पांच लाख से अधिक मंदिरों में सात आठ करोड़ हिन्दू 12 बज कर 20 मिनट पर आरती करेंगे। उस समय हम सबकी श्रद्धा रामलला के नूतन विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अभिजीत मुहूर्त में रामलला के विग्रह के आंखों पर बंधी पट्टी खोलेंगे और इसके साथ ही विग्रह में प्राण प्रतिष्ठित हो जायेंगे। इसके बाद रामलला भी हमारे प्राणों में प्रतिष्ठित हों, हमें यह यत्न करना है।

उन्होंने कहा कि भगवान राम हिमालय लेकर सागर तट तक विराजमान हैं। राम की पूजा, भारत की पूजा है। सारा भारत उत्सुकता से इस क्षण की प्रतीक्षा कर रहा है। इस समय राजा दाहिर के पराजय के बाद से शुरू हिन्दुओं के पराभव का काल बदलना शुरू हो जाएगा। पूरे विश्व को हिन्दू वह देगा जो उसे अब तक नहीं मिला है। सबको शिक्षा, सबको रोजगार, सबका वैभव से युक्त समरस समाज की स्थापना होगी। तब भारत विश्व गुरू कहलाएगा, साम्यवाद, पूंजीवाद, अन्य सभी वाद पीछे छूट जाएंगे। आनंद एवं सुख का मार्ग भारत दिखाएगा। यह काम भारत कर सकता है और यह उसकी मानवता के प्रति जिम्मेदारी है और उसे पूरा करने का समय आ गया है।

मैतेई-कुकी समुदाय से राहुल ने की बात

एजेंसी

इंफाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मणिपुर में अपनी 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दूसरे दिन की शुरुआत राजधानी इंफाल के सेकमाई इलाके से की। दूसरे दिन यात्रा ईस्ट इंफाल से वेस्ट इंफाल की ओर चली। जहां से शाम तक नागालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंच गई। इंफाल में राहुल गांधी के स्वागत में लोग सड़कों पर खड़े नजर आए। जब राहुल गांधी की बस यहां के कई व्यस्त इलाकों से गुजरी, तो ज्यादातर महिलाओं और बच्चों सहित कई लोग यात्रा मार्ग पर इंतजार करते दिखे। लाइन में खड़े उत्साहित लोग राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगा रहे थे। दूसरे दिन राहुल गांधी ने यात्रा के रास्ते में मणिपुर के अलग-अलग तबकों व सिविल सोसाइटी के लोगों से बात की।

राहुल की यात्रा के बारे में कांग्रेस के मीडिया प्रभारी जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर लिखा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दूसरे दिन की शुरुआत सुबह साढ़े सात बजे शिविर स्थल पर सेवा दल द्वारा पारंपरिक रूप से किए गए झंडारोहण के साथ हुई। मणिपुर कांग्रेस के अध्यक्ष के मेघचंद्र ने ध्वजारोहण किया। मणिपुर में यह यात्रा दो दिन में पांच जिलों से होती हुई 257 किलोमीटर का सफर तय करती हुई कोहिमा पहुंची। वहीं यात्रा के दौरान सोमवार को राहुल गांधी कंगला टोंग्बी स्थित दूसरे विश्व युद्ध से जुड़े एक युद्ध स्मारक पर गए। यह स्मारक 1944 में जापानी सेना और ब्रिटिश सेना के बीच हुए युद्ध से जुड़ा है, जहां जापानी सेना इंफाल पर कब्जा करना चाहती थी, उसे रोकने के लिए स्थानीय लोगों ने अंग्रेजों के साथ मिलकर बहादुरी से लड़ाई की। जिसमें कई लोग शहीद हुए।

तकनीकी प्रगति भारतीय सौम्य कूटनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा : धनखड़

एजेंसी

नयी दिल्ली। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उद्योग घरानों से अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों पर ध्यान केंद्रित करने के साथ अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए संस्थानों का सहयोग करने का आह्वान करते हुए कहा है कि तकनीकी प्रगति भारतीय सौम्य कूटनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्री धनखड़ ने सोमवार को भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए कि भारत के राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने वाले सुरक्षा तंत्र में आईएमडी का बहुत महत्व है। उन्होंने विकसित देशों में अनुसंधान शुरू करने और वित्त पोषण करने में उद्योग घरानों की महत्वपूर्ण भूमिका की ओर ध्यान आकर्षित किया और कहा कि आपदा जोखिम में कमी और प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाया जाना चाहिए।

आईएमडी की विशेषज्ञता और बंगलादेश तथा म्यांमार की सराहना का उल्लेख करते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि एक प्रमुख सौम्य कूटनीति के उपकरण के रूप में तकनीकी प्रगति महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अपने पड़ोसियों और अन्य देशों तक अपनी मौसम और जलवायु सेवाओं का विस्तार करके, हम न केवल क्षेत्रीय संबंधों को मजबूत करते हैं बल्कि विश्व के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को भी सुदृढ़ करते हैं।ङ्क उन्होंने कहा कि जमीन जोतने वाले किसानों से लेकर सीमाओं की रक्षा करने वाले जवानों तक मौसम विभाग की जानकारी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं के प्रभाव को कम करने के लिए सार्वजनिक निजी भागीदारी और अनुसंधान सहयोग के माध्यम से प्रौद्योगिकी का उपयोग करके आपदा न्यूनीकरण में सहयोग किया जाना चाहिए।

दस लाख 'रोजगार कार्यकर्ता' बनायेगा जागरण मंच

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच ने वर्ष 2024 में देशभर में 10 लाख 'रोजगार कार्यकर्ता' बनाने का लक्ष्य रखा है जो युवाओं को उद्यमशीलता की ओर प्रोत्साहन और सहायता उपलब्ध करायेंगे।

स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय सह संयोजक अश्विनी महाजन और सह समंवयक अर्चना मीणा ने सोमवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान के अंतर्गत मौजूदा वर्ष में देश के 700 जिलों में 10 लाख 'रोजगार कार्यकर्ता' बनाये जाएंगे। प्रत्येक जिले में कम से कम 1000 रोजगार कार्यकर्ता बनाये जाएंगे। ये कार्यकर्ता युवाओं को उद्यमिता की ओर ले जाने में मदद करेंगे और आवश्यक सहायता देंगे। इसमें जानकारी, तकनीक और धन भी शामिल होगा। उन्होंने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान के दो वर्ष पूरा होने तक जागरण मंच ने 500 जिलों में रोजगार केंद्र स्थपित किये हैं। इन केंद्रों में युवाओं स्व रोजगार स्थपित करने की जानकारी और आवश्यक मदद दी जाती है। उन्होंने बताया कि अभी तक 10 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार संबंधी जानकारी और मदद दी जा चुकी है। उन्होंने कहा कि स्व रोजगार में सफल युवाओं को सम्मानित भी किया जा रहा है और अभी तक चार हजार से अधिक आयोजन किये जा सके हैं। श्री महाजन ने कहा कि स्वावलंबी भारत अभियान से 32 बड़े संगठन जुड़े हैं और युवाओं की सोच नौकरी से हटाकर स्वरोजगार की ओर मोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। श्रीमती मीणा ने कहा कि रोजगार सृजन की इस मुहिम में महिलाओं को भी जोड़ा जा रहा है। प्रयोग के तौर पर राजस्थान के रणथम्भौर में महिलाओं को स्थानीय होटलों के साथ जोड़ा गया है।

स्टालिन ने जयशंकर से किया मछुआरों की रिहाई का आग्रह

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने सोमवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर से श्रीलंकाई नौसेना की ओर से अपहृत किये गये12 मछुआरों की रिहाई के लिए कदम उठाने का आग्रह किया। श्री स्टालिन ने डॉ. जयशंकर को लिखे पत्र में कहा कि श्रीलंकाई नौसेना ने तीन नौकाओं के साथ 12 मछुआरों 13 जनवरी को पकड़ लिया। पुदुकोट्टई जिले के कोट्टईपट्टिनम फिशिंग हार्बर के मछुआरे मछली पकड़ने के लिए निकले थे। मुख्यमंत्री ने कहा, मछुआरे नेदुनथीवु के पास मछली पकड़ रहे थे तभी श्रीलंकाई नौसेना ने उन्हें हिरासत में ले लिया। मैं आपसे इस मामले को श्रीलंका सरकार के समक्ष उचित राजनयिक माध्यम से उठाने का अनुरोध करता हूं ताकि मछुआरों की रिहाई यथाशीघ्र सुनिश्चति हो सके और उनकी नौकाएं भी उन्हें वापस मिल सके।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद : कैट

नयी दिल्ली। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से एक लाख करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। व्यापारियों के संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) ने अपना यह अनुमान विभिन्न राज्यों के 30 शहरों के व्यापार संघों से प्राप्त जानकारी के आधार पर लगाया है। कैट के महासचिव प्रवीन खंडेलवाल ने कहा, '' यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को प्रतिध्वनित करता है बल्कि आर्थिक गतिविधियों में भी उछाल लाता है। लोगों का विश्वास देश की पारंपरिक आर्थिक प्रणाली पर आधारित कई नए व्यवसायों को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर अभिषेक के मद्देनजर देशभर में व्यापार संघों द्वारा करीब 30,000 विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बाजार में जुलूस, श्री राम चौकी, श्री राम रैलियां, श्री राम पद यात्रा, स्कूटर तथा कार रैलियां और श्री राम सभाएं इनमें शामिल हैं। बाजारों में श्री राम के झंडे, बैनर, टोपी, टी-शर्ट और राम मंदिर की तस्वीर वाले कुर्ते की भारी मांग देखी जा रही है। खंडेलवाल ने कहा, '' राम मंदिर के मॉडल की मांग में भी तेजी से बढ़ोतरी देखी गई है और उम्मीद है कि देशभर में पांच करोड़ से ज्यादा मॉडल बेचे जाएंगे। इसके लिए अलग-अलग राज्यों के कई शहरों में छोटी-छोटी निर्माण इकाइयां दिन-रात काम कर रही हैं। उन्होंने दावा किया कि अगले सप्ताह दिल्ली के 200 से अधिक प्रमुख बाजार और बड़ी संख्या में छोटे बाजारों में श्री राम झंडे लगे नजर आएंगे।

बॉर्डर एरिया में आतंकी गतिविधियां बढ़ीं: आर्मी चीफ

नई दिल्ली। इंडियन आर्मी चीफ जनरल मनोज कुमार पांडे ने जम्मू-कश्मीर में बढ़ रही आतंकी गतिविधियों पर चिंता जताई। आर्मी चीफ ने कहा- पश्चिमी सीमाओं पर स्थिति तो कंट्रोल में है लेकिन पिछले कुछ महीनों में कई इलाकों में आतंकवाद की घटनाएं देखी गईं। पांडे ने आगे कहा- सीमा पार से घुसपैठ के प्रयास हो रहे हैं। हमारी सेना किसी भी चुनौती से निपटने के लिए पूरी से तरह तैयार हैं। भारत ने हाल ही में बाहर से एडवांस हथियार मंगवाए हैं। आर्मी चीफ जनरल मनोज पांडे 76वें सेना दिवस के मौके पर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जनरल पांडे ने मणिपुर में मौजूदा स्थिति पर भी बात की। उन्होंने कहा कि सरकार की सक्रियता और भारतीय सेना की कोशिशों से स्थिति को कंट्रोल करने में सफलता मिल रही है।

इस संवेदनशील माहौल में हमारे जवानों ने धैर्य से काम लेकर नुकसान को कम करने में अहम भूमिका निभाई है और आगे भी मणिपुर में शांति स्थापित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। पांडे ने आगे कहा- हमारा देश एक नए युग के कगार पर खड़ा है, हम सभी विकसित भारत की संकल्पना लेकर आगे बढ़ रहे हैं क्योंकि देश आजादी के 100 साल पूरे कर रहा है।

पेज एक का शेष

अभिजीत मुहूर्त...

के होंगे। प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य विशिष्टजनों की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न होगा। उन्होंने बताया कि श्री रामजन्मभूमि मंदिर प्रांगण प्राण-प्रतिष्ठा के साक्षी बनने के लिए देश की सभी आध्यात्मिक धार्मिक मत, पंथ, संप्रदाय, उपासना पद्धतियों के सभी अखाड़ों के आचार्य, सभी परंपराओं के आचार्य, सभी सम्प्रदायों के आचार्य, 150 से अधिक परम्पराओं के सन्त, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्री महंत, महंत, नागा साथ ही 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी तटवासी, द्वीपवासी जनजाती परंपराओं की उपस्थिति भारत वर्ष के निकटवर्ती इतिहास में पहली बार हो रही है। यह अपने आप में विशिष्ट होगा। श्री राय ने बताया कि सम्मिलित होने वाली परंपराओं में शैव, वैष्णव, शाक्त, गणपत्य, पत्य, सिख, बौद्ध, जैन, दशनाम शंक रामानंद्र, रामानुज, निम्बार्क, मद्धव, विष्णु नामी, रामसनेही, घीसा पंथ, गरीबदासी, गौड़ीया, कबीरपंथी, वाल्मीकि, असम से शंकरदेव, माधव देव, इस्कॉन, रामकृष्ण मिशन, चिन्मय मिशन, भारत सेवाश्रम - गायत्री परिवार, अनुकूलचंद, ठाकुर परंपरा, उड़ीसा का महिमा समाज, पंजाब से अकाली, निरंकारी, नाम राधास्वामी तथा स्वामीनारायण, वारकरी, वीर शैव आदि है। उन्होंने बताया कि गर्भ गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पूर्ण के बाद सभी साक्षीगण क्रमशः दर्शन करेंगे। श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का उत्साह सर्वत्र अनुभव हो रहा है, अयोध्या सहित सम्पूर्ण भान में उत्सव को भव्यता से मानने का संकल्प ले लिया है। इस अवसर पर भिन्न-भिन्न प्रदेशों के जल, स्वर्ण, रजत, रत्न, वस्त्र, आभूषण विशाल घंटा, नगाड़ा और भिन्न भिन्न प्रकार की सुगंधि लेकर लोग आते ही जा रहें है। जिसमें सार्वाधिक उल्लेखनीय है मां जानकी के मायके जनकपुर एवं सीत भार (पुत्री के घर निर्माण के समय भेजा जाने वाला उपहार) लेकर बड़ी मात्रा में लोग उपस्थित हुए हैं। भगवान की ननिहाल रायपुर दंडकारण्य क्षेत्र से भिन्न-भिन्न प्रकार के आभूषण समर्पित किए है। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र भारत के सभी बन्धु भगनियों से आह्वान करता है कि 22 को जिला अयोध्या में भगवान की प्राण-प्रतिष्ठा हो रही हो, उस समय अपने आसपास के मंदिरों की सज और मंदिर के देवता की उपासना के अनुरूप भजन, पूजन, कीर्ति और आरती आदि करें। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को संचार माध्यम से स्क्रीन लगाकर सामूहिक रूप से देखें, इसके पूर्व आसपास के-स्वच्छता का प्रयास भी करना चाहिए। 22 जनवरी की सायंकाल अपने-अपने घर पर दीपक जलाकर राम ज्योति से प्रकाशनमान करें। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी की शाम पांच दीपक श्रीरामलला के नाम जय जय श्री राम। श्रीरामजन्मभूमि प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के पुनीत और ऐतिहासिक अवसर पर प्रातः 10 बजे से प्राण- प्रतिष्ठा मुहूर्त के ठीक पहले तक, लगभग दो घण्टे के लिए श्रीरामजन्मभूमि मन्दिर में शुभ की प्रतिष्ठा के लिए मंगल ध्वनि का आयोजन किया जा रहा है। हमारी भारतीय संस्कृति की परम्परा में किसी भी शुभ कार्य, अनुष्ठान, पर्व के अवसर पर देवता के सम्मुख आनन्द और मंगल के लिए पारम्परिक ढंग से मंगल- ध्वनि का विधान रचा गया है।

योगी ने गोरखनाथ को ...

नेपाल से आए श्रद्धालुओं ने सीएम योगी द्वारा बाबा गोरखनाथ को खिचड़ी भोग अर्पित करने के बाद कतारबद्ध होकर श्रद्धा की खिचड़ी निवेदित करनी शुरू की है। यह सिलसिला लगातार जारी है। श्रद्धालु मंदिर परिसर में स्थित सभी देवी देवताओं के विग्रहों का पूजन कर ब्रह्मलीन महंत बाबा गंभीरनाथ, ब्रह्मलीन महंत दिग्विजनाथ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि पर माथा टेक आशीर्वाद भी ले रहे हैं। गुरु गोरखनाथ की जय जयकार से पूरा मंदिर प्रांगण गूंज रहा है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा व सहूलियत को लेकर मंदिर व जिला प्रशासन की ओर से मुकम्मल इंतजाम किए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद सभी व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं।

कल्याणकारी...

देश के लगभग 190 जिलों में सबसे पिछड़े आदिवासी समुदाय रहते हैं। सरकार ने दो महीने के भीतर 80,000 से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित करने का बड़ा काम किया है। इसी तरह सरकार ने अत्यंत पिछड़े आदिवासी समुदाय के लगभग 30,000 किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि से जोड़ा है, और 40,000 लाभार्थियों के बैंक खाते खोले गए हैं। उन्होंने कहा कि 30,000 से अधिक वंचित लोगों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं, और लगभग 11,000 लोगों को वन अधिकार अधिनियम के तहत भूमि के पट्टे दिए गए हैं। श्री मोदी ने कहा कि विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों को पक्के घर उपलब्ध कराने के पैसा सीधे जनजातीय लाभार्थियों के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया है। उन्हें पक्के घर के लिए 2.5 लाख रुपये मिलेंगे जो बिजली, गैस कनेक्शन, पाइप जल और शौचालय के साथ सम्मानजनक जीवन का स्रोत होगा। उन्होंने कहा कि ये एक लाख लाभार्थी सिर्फ शुरुआत हैं और सरकार प्रत्येक योग्य उम्मीदवार तक पहुंचेगी। प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को आश्वासन दिया और कहा कि वे इन लाभों के लिए किसी को भी रिश्वत देने से सख्ती से दूर रहें। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम-जनमन महाअभियान के तहत सरकार ने उन सभी नियमों को बदल दिया है जो बाधा पैदा करते थे और पीएम ग्राम सड़क योजना का उदाहरण दिया, जिसने पिछड़ी जनजातियों के गांवों तक सड़कों को आसानी से पहुंचा दिया, मोबाइल मेडिकल इकाइयों से संबंधित नियमों में बदलाव किया गया। श्री मोदी ने कहा कि सरकार ने अनुसूचित जनजाति से जुड़ी योजनाओं का बजट 5 गुना बढ़ा दिया है। आदिवासी बच्चों की शिक्षा के लिए पहले मिलने वाली छात्रवृत्ति का कुल बजट अब ढाई गुना से ज्यादा बढ़ा दिया गया है। प्रधानमंत्री ने बताया कि 10 साल पहले तक देश में आदिवासी बच्चों के लिए केवल 90 एकलव्य मॉडल स्कूल बनाए गए थे, जबकि वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 500 से अधिक नए एकलव्य मॉडल स्कूल बनाने पर काम शुरू किया है। उन्होंने आदिवासी छात्रों के उच्च शिक्षा हासिल करने और बड़ी कंपनियों के लिए काम करने पर भरोसा जताया। उन्होंने कहा, इसके लिए आदिवासी क्षेत्रों में कक्षाओं का आधुनिकीकरण किया जा रहा है और उच्च शिक्षा के केंद्र बढ़ाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, मेरे आदिवासी भाई-बहन भले ही दूर-दराज के इलाकों में रहते हों, लेकिन उनमें अद्भुत दूरदर्शिता है। आज आदिवासी समाज यह देख और समझ रहा है कि हमारी सरकार आदिवासी संस्कृति और उनके सम्मान के लिए कैसे काम कर रही है।ङ्क उन्होंने आदिवासी समुदाय को उनके सम्मान और सुख-सुविधा के लिए लगातार काम करने का आश्वासन दिया।

सशस्त्र बलों की मजबूती...

कलारीपयेट्टू और गतका जैसे मार्शल आर्ट प्रदर्शन किया गया। सेना की डेयरडेविल्स मोटरसाइकिल टीम के रोमांचक प्रदर्शन के साथ-साथ रिमाउंट वेटरनरी कोर के आठ घोड़ों की टेंट पेगिंग और ट्रिक राइडिंग ने भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आकाश मिसाइलें, के9 वज्र, एंटी-ड्रोन उपकरण, बोफोर्स बंदूकें, तोपखाने हथियार प्रणाली और भारतीय सेना द्वारा उपयोग किए जाने वाले अन्य उपकरण और तकनीक दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रही। इसके अलावा 12 सेना के जवानों ने आठ हजार फीट की ऊंचाई से कूद कर अपने शौर्य का प्रदर्शन किया। 'शौर्य संध्या' के दौरान एसयू-30 एमकेआई, सूर्य किरण एरोबेटिक टीम और एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टरों ने आसमान को रोशन किया।

बसपा अकेले दम...

हित में अकेले ही चुनाव लड़ना ज्यादा बेहतर होगा। उन्होने कहा कि लोकसभा आमचुनाव में व देश के अन्य ओर राज्यों में भी, अकेले चुनाव लड़कर, खासकर वोट प्रतिशत के हिसाब से पार्टी की काफी अच्छी स्थिति रही है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से अब हर चुनाव में ईवीएम में काफी धांधली व बेईमानी आदि हो रही है, ऐसी आमधारणा है, जिसकी वजह से बसपा को भी यूपी समेत पूरे देश में काफी कुछ नुकसान हो रहा है। इसके बावजूद भी, हमारी पार्टी यह सोच कर देश में सभी चुनाव पूरी तैयारी व दमदारी के साथ लड़ती है कि पता नहीं कब ईवीएम में धांधली व बेईमानी आदि करने वालों का सिस्टम फ़ेल हो जाये तब फिर सम्बन्धित चुनाव में सही रिजल्ट आ सकता है, हालाँकि अब ईवीएम के विरोध में काफी आवाजें भी उठने लगी है और ऐसे में यह सिस्टम कभी भी खत्म हो सकता है। बसपा अध्यक्ष ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर वह यह बात स्पष्ट कर देना चाहती हैं कि उनकी पार्टी आगामी लोकसभा गरीबों एवं उपेक्षित वर्गों में से विशेषकर दलितों, आदिवासियों, अति-पिछड़े वर्गों, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यक समाज के लोगों के बलबूते पर पूरी तैयारी व दमदारी के साथ 'अकेले' लड़ेगी। इन्हीं के बलबूते पर ही बसपा ने 2007 में यूपी में अकेले चुनाव लड़कर अपनी पार्टी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई थी। इसलिए अपने इस अनुभव को भी खास ध्यान में रखकर, हमारी पार्टी लोकसभा के यह आमचुनाव अकेले ही लड़ेगी तथा देश की जातिवादी, पूँजीवादी, संकीर्ण व साम्प्रदायिक सोच रखने वाली सभी पार्टियों से अपनी दूरी भी बनाकर रखेगी। अर्थात पार्टी किसी भी गठबन्धन व पार्टी के साथ मिलकर यह चुनाव नहीं लड़ेगी।

देश की सेवा करने...

दहेज उत्पीड़न समेत कई विषयों पर समाज में जागरूकता फैलाने में अहम योगदान दिया है। ऐसा कोई सामाजिक कार्य या जागरूकता अभियान नहीं है, जिसमें एनसीसी ने अपनी मिसाल नहीं छोड़ी है।

बैंक को एक निश्चित लक्ष्य के साथ लाभार्थियों के हित में काम करना होगा : धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि ऋण, लोन या क्रेडिट को जरूरतमंद और योग्य लोगों तक सरलता से पहुंचाने में सबसे बड़ी भूमिका बैंकों की है। बैंकों को ध्यान देना होगा कि जरूरतमंद और योग्य लोगों को ऋण सम्बन्धित औपचारिकताओं के लिए अनावश्यक न भटकना पड़े। इसके लिए बैंकों को मिशन मोड पर काम करना होगा। सोमवार को नाबार्ड के तत्वावधान में एक स्थानीय होटल में आयोजित स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बातें कहीं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पालिसी पेपर 2024-25 का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने नाबार्ड का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड में कृषि, बागवानी और छोटे और मध्यम क्षेत्र के उद्योगों के विकास के लिए नाबार्ड ने इस वर्ष चालीस हजार करोड़ रुपये की ऋण योजना तैयार की है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में साढ़े तैंतीस प्रतिशत अधिक है। यह हमारे छोटे किसानों

शहरी और ग्रामीण इलाकों का समान रूप से विकास चाहती है सरकार

मुख्यमंत्री ने स्टेट फोकस पालिसी पेपर 2024-25 का किया अनावरण

और छोटे व मझौले उद्योगों में लगे लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। इस ऋण व्यवस्था की सही निगरानी भी अत्यंत आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद के दोनों सदनों में पारित हो चुका है। राज्य सरकार भी उत्तराखंड में महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 30 प्रतिशत का आरक्षण प्रदान कर रही है। उन्होंने नाबार्ड के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश की महिलाओं के लिए विशेष योजना प्रारंभ करें ताकि महिलाओं को भी इन योजनाओं का अधिक लाभ मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में उन्होंने टिहरी जिले की लाभार्थी महिलाओं से संवाद किया। उन्होंने

बताया गया कि सशक्त बहना उत्सव योजना से विपणन में उन्हें काफी मदद मिली है। इस तरह की योजनाओं के लिए बैंकों से ऋण लेने के लिए सरलीकरण होना बहुत जरूरी है। कई बार देखा गया है कि जो लोग वास्तव में कुछ करना चाहते हैं वे कई बार लोन लेने से वंचित रह जाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने पर्वतीय क्षेत्रों में पलायन रोकने के लिए पलायन निवारण आयोग का गठन किया। उन्होंने आह्वान किया कि पर्वतीय क्षेत्रों में ऋण आवंटन के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। ऋण जरूरतमंद लोगों को आसानी से मिल सके, इसके लिए बेहतर व्यवस्था की जाए। इस कार्य में बैंकों की बहुत बड़ी भूमिका होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिवर्स पलायन की दिशा में सरकार निरंतर कार्य कर रही है, बैंक भी इस कार्य में भागीदार बनें। नाबार्ड की ऋण योजना के आवंटन के लिए प्रत्येक बैंक ब्रांच को एक निश्चित टारगेट के साथ काम करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के ग्रामीण और पिछड़े इलाकों का विकास जरूरी है, यह हमारे रिवर्स पलायन मिशन के लिए भी अति आवश्यक है। राज्य सरकार लगातार ग्रामीण इलाकों में आधारभूत सुविधाओं, सड़क, कनेक्टिविटी आदि को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दूरदर्शिता की सोच के साथ उत्तराखण्ड का विकास के लिए कार्य कर रही है। राज्य के शहरी क्षेत्रों के साथ ही ग्रामीण इलाकों का समान रूप से विकास हो, इस दिशा में लगातार कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि रूद्रप्रयाग, बागेश्वर और टिहरी ऋण की कमी वाले जिले हैं। इन तीन जिलों में ऋण आवंटन बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में पीएम- किसान सम्मान निधि स्कीम के 7.60 लाख लाभार्थी हैं और 6.89 लाख किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड दिए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अवशेष किसानों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सभी को सामूहिक रूप से प्रयास करने होंगे।

जरूरतमंद लोगों तक ऋण आसानी से पहुंचे : मुख्यमंत्री

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को एक कार्यक्रम में कहा कि जरूरत मंद लोगों को सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का लाभ और ऋण आसानी मिले । इसके लिए बैंक को मिशन मोड में काम करने की आवश्यकता है। सोमवार को सुभाष रोड स्थित नाबार्ड की ओर से स्टेट क्रेडिट सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने यह बातें कही। इस दौरान उन्होंने कहा जरूरत मंद लोगों को ऋण सुलभता सरलता हो इस दिशा में काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि सरकार आधारभूत आवश्यकताओं को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हजारों किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा से अभी छूटे हुए हैं। आम लोगों के लिए संचालित योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को सही समय पर मिले इसके लिए संबंधित विभाग को त्वरित गति से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि पिछले साल दिसंबर में प्रधानमंत्री की मौजूदगी में ग्लोबल इन्वेटर्स समिट उत्तराखंड को एक विशेष डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने के लिए आयोजित किया गया।

संक्षिप्त समाचार

उत्तरकाशी : आस्था के आगे हारी ठंड, गंगा में श्रद्धालुओं और देव डोलियों ने किया गंगा स्नान

उत्तरकाशी। उत्तरकाशी में मकर संक्रांति पर देव डोलियों के साथ श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड में गंगा नदी में आस्था की डुबकी लगाई। सोमवार को आस्था के आगे ठंड हार गई और श्रद्धालुओं ने तड़के ब्रह्म मुहूर्त में गंगा नदी में डुबकी लगाकर पुण्य कमाया। जिले के दूर दूर से यहां आयी कई दर्जन देव डोलियां ढोल-बाजों की थाप और मां गंगा के जयकारों से पूरी बाबा काशी विश्वनाथ की नगरी गुंजायमान हो उठी। उत्तरकाशी के सुप्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट, केदार घाट, शंकर मठ, नाकुरी, देवीधार, गंगोरी अस्सी गंगा तट स्नान घाटों पर तड़के चार बजे ही सैकड़ों श्रद्धालुओं की भीड़वेव डोलियों के साथ स्नान किया।देव डोलियों में मुख्य रूप से बाडाहाट क्षेत्र के अधिपति कंडार देवता, बाडागड्डी क्षेत्र के हरिमहाराज, घंडियाल देवता,रनाड़ी के कचडू देवता,डुंडा की रिंगाली देवी, खंडद्वारी माता, नागणी देवी, राजराजेश्वारी,नाग देवता, कैलापीर सहित गंगा घाटी के सैकड़ों देवी-देवताओं की डोलियां, पांडव निशान आदि के साथ हजारों श्रद्धालु उत्तरकाशी पहुंचे और गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इसके बाद सभी देव डोंडियां एवं श्रद्धालु भगवान विश्वनाथ मंदिर, शक्ति मंदिर सहित अन्य मंदिरों के दर्शन किया।

भाजपा कार्यकर्ताओं को है राम भक्ति और देश भक्ति का नशाः मनोज गौतम

हरिद्वार। रेलवे सलाहकार बोर्ड के सदस्य भाजपा नेता मनोज गौतम ने ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर द्वारा सांसद डा. रमेश पोखरियाल निशंक को लेकर दिए गए बयान पर पलटवार किया है। भाजपा नेता मनोज ने कहा है कि साढ़े नौ वर्ष के कार्यकाल में सांसद डा.रमेश पोखरियाल निशंक ने हरिद्वार संसदीय क्षेत्र का जितना विकास किया है। उतना विकास पिछले साठ वर्ष में नहीं हुआ। ज्वालापुर विधानसभा क्षेत्र में भी अनेक विकास कार्य कराए गए हैं। सांसद निशंक के कार्यकाल में हुए विकास को लेकर विधायक रवि बहादुर भाजपा किसी सामान्य कार्यकर्ता से भी डिबेट करेंगे तो उन्हें उनके सारे सवालों के जवाब मिल जाएंगे। प्रेस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान सांसद निशंक द्वारा कराए गए विकास कार्यों की लंबी फ़ेहरिस्त लेकर पहुंचे मनोज गौतम ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं को राम भक्ति और देश भक्ति का नशा है। जन्म से लेकर मृत्यु तक रोम रोम में राम व्याप्त हैं। विधायक रवि बहादुर ने सांसद डा.रमेश पोखरियाल निशंक के प्रति बेहद अमर्यादित शब्दों का प्रयोग किया है। ऐसी भाषा शैली की निंदा की जानी चाहिए। डा.निशंक साहित्यकार हैं। संसद में उनकी भाषा शैली की विपक्ष के नेता भी प्रशंसा करते हैं।

ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को मारी टक्कर, चालक घायल, ट्रक सीज

हरिद्वार। ट्रक के ट्रैक्टर ट्राली में टक्कर मार दिए जाने से ट्रैक्टर ट्राली चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल चालक को समीप के चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है। ट्रैक्टर ट्राली चालक 21 वर्षीय सचिन पुत्र मांगे राम निवासी गांव फुलगढ़, पथरी गन्ना लेकर लक्सर मिल जा रहा था। इसी दौरान श्री सीमेंट फैक्टरी के पास पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। ट्रक की टक्कर से ट्रैक्टर ट्राली पलट गई, जिसमें ट्रैक्टर ट्राली चला रहे सचिन को गंभीर चोटें आईं। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में ट्रैक्टर चालक को लक्सर के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उसकी हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना राहगीरों ने पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर 108 की मदद से घायल चालक को लक्सर के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे हरिद्वार के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। पुलिस आरोपित चालक की तलाश में जुटी है।

उधार मांगने पर नहर में धक्का देकर हत्या करने का आरोप

हरिद्वार। उधारी की रकम का तकादा करने पर एक युवक ने अपने साथी को गंगनहर ने धक्का देकर मारने व दूसरे साथी को जान से मारने का प्रयास किया। पुलिस ने तहरीर के बाद मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यूपी के जिला मुरादाबाद के पाकबड़ा निवासी शादाब मलिक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को उसके पिता अल्ताफ अपने साथी जीशान व हसनैन के साथ पिरान कलियर आये थे। पिता के साथ आए हसनैन ने उसे सूचना देकर बताया कि उसके पिता अल्ताफ को जीशान ने नहर में धक्का देकर मार दिया है। इतना ही नहीं उसको भी धक्का देकर जान से मारने का प्रयास किया गया। सूचना मिलने पर शादाब मलिक पिरान कलियर आया और अपने पिता को आसपास ढूढने का प्रयास किया, लेकिन उसके पिता का कुछ पता नहीं चला। शादाब मलिक के मुताबिक हसनैन ने बताया कि उसके पिता ने जिशान को कुछ पैसे उधार दिए थे। जब उन्होंने उधारी की रकम वापस करने के जिए तकादा किया तो जिशान ने उसके पिता को नहर में धक्का देकर उसकी हत्या कर दी। विरोध करने पर हसनैन को भी जान से मारने प्रयास किया। पीड़ित ने पुलिस से आरोपित युवक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। कलियर थाना प्रभारी निरीक्षक रविंद्र शाह ने बताया शादाब की तहरीर पर आरोपी जीशान निवासी असमोली संभल उत्तर प्रदेश के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

स्मैक के साथ दो नशा तस्कर गिरफ्तार, बाइक सीज

हरिद्वार। सिडकुल थाना पुलिस ने चैकिंग के दौरान दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से स्मैक बरामद की है। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को जब्त कर लिया है। ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत सिडकुल पुलिस ने केविन केयर तिराहा सिडकुल के पास से दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। आरोपितों के पास से 11.70 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त बाइक को भी जब्त कर लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम पते अनुज कुमार उर्फ काली पुत्र सतीश कुमार निवासी मोहल्ला बडतला नागल सोती जिला बिजनौर उ.प्र. व ज्ञानदीप पुत्र मुकेश कुमार निवासी शनिदेव मन्दिर के पास रोशनाबाद थाना सिडकुल जनपद हरिद्वार बताए। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनका चालान कर दिया है।

नवनियुक्त की कांग्रेस प्रभारी शैलजा ने पार्टी मुख्यालय में की बैठक, हुआ जोरदार स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून । प्रदेश कांग्रेस की नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के उत्तराखंड पहुंचने पर कांग्रेस पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रदेश कार्यालय में विभिन्न समितियों की आगामी कार्यक्रमों के लिए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक में चर्चा की। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के देहरादून आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में जॉली ग्रांट एयरपोर्ट से लेकर पार्टी मुख्यालय तक भव्य स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन व प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि नव नियुक्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा जौलीग्रान्ट एयरपोर्ट पहुंची। जहां पर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, एआईसीसी सचिव काजी निजुमद्दीन, पूर्व

प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल सहित पार्टी के विधायकगणों, पूर्व विधायक गणों और बड़ी संख्या में एयरपोर्ट पहुंचे कार्यकर्ताओं ने गर्म जोशी से स्वागत किया। इसके उपरान्त डोईवाला, हर्रावाला, रिस्पना पुल आदि अनेक स्थानों पर बड़ी संख्या में उमड़े कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का स्वागत किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय पहुंचने पर प्रदेश कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने कुमारी शैलजा का फूल मालाओं एवं बुके भेंट कर उत्तराखण्ड के पारम्परिक वाद्ययंत्रों के साथ स्वागत किया। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पहुंची प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा का वहां पर उपस्थित वरिष्ठ नेता और बड़ी संख्या में प्रदेश के कोने-कोने से पहुंचे कार्यकर्ताओं ने जिंदाबाद के नारे लगाकर भव्य स्वागत किया।

इसके उपरान्त कुमारी शैलजा ने सर्वप्रथम प्रदेश कांग्रेस की राजनैतिक मामलों की समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारी और अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाये जा रहे डोनेट फॉर देश कार्यक्रम के साथ ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की प्रस्तावित उत्तराखण्ड यात्रा पर चर्चा एवं

प्रदेश प्रभारी ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में विभिन्न समितियों की ली बैठकें

विचार-विमर्श किया। कुमारी शैलजा ने पार्टी के एआईसीसी सदस्यों, पीसीसी सदस्यों एवं वरिष्ठ नेतागणों से मुलाकात कर केन्द्रीय नेतृत्व द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर चर्चा की। कार्यक्रम के उपरान्त प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा ने नई दिल्ली के लिए प्रस्थान किया। स्वागत समारोह में विधायक राजेन्द्र भण्डारी, तिलक राज बेहड़, आदेश चौहान, विक्रम नेगी, ममता राकेश, फुरकान अहमद, गोपाल सिंह राणा, सुमित हृदयेश, विरेन्द्र जाति, रवि बहादुर, हरीश धामी, मदन सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन मथुरादत्त जोशी, प्रदेश महामंत्री संगठन विजय सारस्वत,पूर्व सांसद महेन्द्र पाल, धीरेन्द्र प्रताप, महामंत्री पी.के. अग्रवाल, सावित्री थापा सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

विधायकों की अयोग्यता मामले में उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया

नई दिल्ली। शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उद्धव ठाकरे गुट ने महाराष्ट्र विधानसभा में विधायकों की अयोग्यता के मामले पर विधानसभा स्पीकर द्वारा दिए गए फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है। उद्धव ठाकरे गुट ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर द्वारा शिंदे गुट को असली शिवसेना करार देने के फैसले को चुनौती दी है। याचिका में स्पीकर द्वारा शिंदे गुट के 38 विधायकों को अयोग्य करार देने की मांग वाली याचिकाओं को खारिज करने को भी सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। महाराष्ट्र विधानसभा के स्पीकर ने 10 जनवरी को अपने फैसले में कहा था कि जून 2022 में शिंदे गुट को 55 में से 37 विधायकों का समर्थन था। ऐसे में सुनील प्रभु का पार्टी का चीफ व्हिप नहीं माना जा सकता है। सुनील प्रभु को शिवसेना विधायक दल की बैठक बुलाने का हक नहीं था। जो बैठक बुलाई गई थी उसमें भी व्हाट्सऐप के जरिये 12 घंटे से भी कम का समय दिया गया था।

आचार्यकुल का हुआ शिक्षारोहण समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। आवासीय विद्यालय आचार्यकुलम् में सत्र 2023-24 की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षारोहण हुआ। इस अवसर पर योग भवन में 10 कुण्डीय विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण की उपस्थिति में सत्र 2024 की कक्षा 12वीं के 38 बालकों व 34 बालिकाओं सहित कुल 72 विद्यार्थियों का दीक्षारोहण वैदिक रीति से संपन्न हुआ। मंत्रेच्चार के मध्य स्वामी रामदेव ने प्रत्येक क्रियाविधि की सरल व्याख्या की तथा सभी विद्यार्थियों ने स्वामी रामदेव व आचार्य बालकृष्ण द्वारा प्रज्ज्वलित महाज्ञानज्योति से अपने दीपों को प्रज्जवलित कर दीक्षारोहण की प्रतिज्ञा ली। साथ ही आचार्यकुलम् से प्राप्त शिक्षा व संस्कारों को सर्वत्र प्रसारित करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर आशीर्वचन प्रदान करते हुए स्वामी रामदेव ने कहा कि आचार्यकुलम् विश्व का एकमात्र शिक्षण संस्थान है, जहां योग व आध्यात्म से प्राप्त संस्कारों से विद्यार्थी का नित्य शिखरारोहण होता है।

आचार्यकुल में संस्कारों से विद्यार्थी का नित्य होता है शिखरारोहणः रामदेव

कार्यक्रम में आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि दीक्षारोहण का पावन उत्सव सकारात्मकता व पुरुषार्थ का संवाहक है। दीक्षा प्राप्त विद्यार्थियों को योग व यज्ञ के अनुशासन का सदैव पालन करना चाहिए। आचार्यकुल की उपाध्यक्षा डॉ. ऋतंभरा शास्त्री व प्राचार्या श्रीमती आराधना कौल ने भी विद्यार्थियों को आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएं व शुभाशीष प्रदान किए। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय की कुलानुशासिका व संकायाध्यक्षा साध्वी देवप्रिया, क्रय समिति की अध्यक्षा अंशुल, संप्रेषण विभागाध्यक्षा पारुल, स्वामी बजरंगदेव, स्वामी ईशदेव, स्वामी असंगदेव, स्वामी अर्जुनदेव तथा उपप्राचार्य तापस कुमार बेराजी सहित सभी आचार्य, कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मंजूलता रावत ने लिया देहदान का संकल्प

देहरादून। देवभूमि विकास संस्थान के संरक्षक त्रिवेन्द्र सिंह रावत की उपस्थिति में पूर्व अध्यापिका मंजू लता रावत ने सोमवार को मकर संक्रांति के पावन अवसर पर दधीची देहदान समिति के माध्यम से देहदान का पुनीत संकल्प लिया। इस मौके पर मंजू लता ने नर सेवा नारायण सेवा के भाव को प्रकट करते हुए कहा कि खुशी-खुशी उन्होंने देहदान का संकल्प लिया जो एक शिक्षक और हमारे सनातन धर्म का महान विचार है। इस श्रेष्ठ सोच के लिए पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने बुजुर्ग दंपति का शॉल और अयोध्या धाम की चुनरी से सम्मान किया। इस अवसर पर मनोहर सिंह रावत के बेटा-बहू भी उपस्थित रहे। उनकी बहू ने भी देहदान को अच्छा कदम बताते हुई भविष्य में स्वयं भी इसका संकल्प लेने के लिए इच्छा जताई। फिलहाल उनके ओर से पूर्व में ही नेत्रदान का संकल्प ले लिया गया है।

पूर्व सीएम त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने इस अवसर पर परिवार को इस पुनीत कार्य के लिए आगे आने के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी से नेत्रदान, अंगदान और देहदान का संकल्प लेने का भी आह्वान किया। पूर्व सीएम ने कहा की मृत्यु के पश्चात नश्वर शरीर को पंचतत्वों में मिलना है इसलिए जाते-जाते भी नेत्रदान, अंगदान और देहदान करके कुछ लोगों के जीवन में नए रंग और खुशियां भरना मानवता का कार्य है। पहले हम स्वयं से ऐसे कार्य के लिए संकल्पित होना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि मैंने स्वयं अपनी दोनों पुत्रियों के साथ मिलकर नेत्रदान, अंगदान का संकल्प लिया है। पूर्व सीएम ने दधीची देहदान समिति इस कार्य के लिए प्रशंसा की। पूर्व प्रधानाचार्य, अध्यक्ष- चंद्र कुंवर बर्त्वाल शोध संस्थान देहरादून, वरिष्ठ संरक्षक- भारतीय शिक्षण मंडल उत्तराखंड एवं वरिष्ठ न्यासी-शिवनाथ संस्कृत महाविद्यालय देहरादून मनोहर सिंह रावत की धर्मपत्नी और पूर्व अध्यापिका मंजु लता रावत है।

मकर संक्रांति पर गंगा तट पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। मकर संक्रांति पर्व पर सोमवार को लाखों श्रद्धालुओं ने कड़ाके की ठंड के बाद गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया। स्नान के पश्चात लोगों ने मंदिरों में देव दर्शन के साथ दान आदि कर्म कर सुख-समृद्धि की कामना की। बीते रोज भी मकर संक्रांति का स्नान पर्व मनाया गया था। मकर संक्राति पर आज तीर्थनगरी के आश्रम-अखाड़ों में धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन हुए। कई स्थानों पर सामुहिक खिचड़ी भोग का भी आयोजन किया गया। स्नान पर्व को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे।

सोमवार को मकर संक्रांति पर्व पर देश के विभिन्न राज्यों से आए लाखों श्रद्धालुओं ने हरकी पैड़ी ब्रह्म कुण्ड समेत गंगा के विभिन्न घाटों पर स्नान कर पुण्य अर्जित किया। देर रात्रि से मकर संक्रांति का आरम्भ हो गया था। इस कारण अल सुबह से ही गंगा के घाटों पर श्रद्धालुओं का स्नान के लिए उमड़ना आरम्भ हो गया था।

कड़ाके की ठंड के बाद भी लोगों की आस्था में कोई कमी दिखाई नहीं दी। घने कोहरे के बीच लोगों ने गंगा स्नान किया। स्नान के पश्चात लोगों ने मंदिरों में देव दर्शन किए तथा दान आदि कर्म किए। मकर संक्रांति पर गर्म वस्त्र, तिल, खिचड़ी आदि दान देने के महत्व के कारण लोगों ने गर्म वस्त्र, तिल, खिचड़ी आदि दान कर सुख-समृद्धि की कामना की।

मकर संक्रांति स्नान पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। समूचे मेला क्षेत्र को 7 जोन व 17 सेक्टरों में बांटा गया था। मेला क्षेत्र में बम निरोधक दस्ते के साथ पीएसी, जलपुलिस, घोड़ा पुलिस के अतिरिक्त बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों की तैनाती की गई थी। समाचार लिखे जाने तक स्नान का क्रम जारी था।

मकर संक्रांति सूर्य के धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश का दिन होता है। ज्योतिषविदों के अनुसार प्रतिवर्ष इस संक्रमण में 20 मिनट का विलंब होता जाता है। इस प्रकार तीन वर्षों में यह अंतर एक घंटे का हो जाता है और 72 वर्षों में यह अंतर पूरे 24 घंटे का हो जाता है।

अंग्रेजी कलेंडर की गणना पद्धति इतनी सटीक नहीं होती कि इस 20 मिनट के

कड़ाके की ठंड भी नहीं रोक पाई लोगों की आस्था, कई जब हुआ खिचड़ी भोज का आयोजन

अंतर की गणना को समाहित कर सके, इसीलिए ये भ्रांति उत्पन्न होती है। भारतीय गणना में, सायं 4 बजे के बाद संध्याकाल माना जाता है और भारतीय ज्योतिष विज्ञान के अनुसार संध्या काल के बाद सूर्य से सम्बंधित कोई भी गणना उस दिन न करके अगले दिन से की जाती है।

इस हिसाब से वास्तव में मकर संक्रांति सन् 2008 (विक्रम संवत 2065) से ही 15 जनवरी को हो गई थी, लेकिन सूर्यास्त के पहले का समय होने के कारण 14 जनवरी को ही मकर संक्रांति मानते आ रहे थे। सन् 2080 (विक्रम संवत 2137) से मकर संक्रांति 16 जनवरी को होगी। 72 साल के हर एक चक्र में संक्रांति चक्र एक दिन बढ़ जाता है। सन् 1935 से सन् 2008 तक मकर संक्रांति 14 जनवरी को रही और सन् 1935 से पहले 72 साल तक यह 13 जनवरी को रही थी।

कैबिनेट मंत्री अग्रवाल ने बलिदानी प्रदीप रावत को दी श्रद्धांजलि

नई टिहरी। जनपद टिहरी गढ़वाल के प्रभारी व शहरी विकास मंत्री प्रेम चंद अग्रवाल बलिदानी प्रदीप रावत के मूल गांव नरेंद्र नगर के ग्राम बमूण्ड बेराई पहुंचकर बलिदानी प्रदीप रावत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनकी स्मृति में 3 लाख की लागत से बने बलिदान द्वार का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया। मंत्री ने बलिदानी के परिजनों को भी सम्मानित किया। मंत्री अग्रवाल ने इस मौके पर कहा कि बलिदानी प्रदीप रावत ने अपनी शिक्षा-दीक्षा उनके विधानसभा क्षेत्र ऋषिकेश में ग्रहण की और 19 मार्च 2010 में उन्होंने सेना में दाखिला पाया। 10 अक्टूबर, 2013 को स्पेशल फ्रन्टियर फोर्स में उनका चयन किया। उन्होंने बताया कि 2 अप्रैल 2017 में उनकी तैनाती उड़ी सेक्टर में हुई। इसके बाद 12 अगस्त 2018 को वह सीमा पर बलिदानी हो गए। जब भी उनकी विधानसभा के भी किसी जवान का बलिदान हुआ। उन्होंने बलिदानी जान की स्मृति में बलिदानी द्वार बनाए। उन्होंने कहा कि सैनिक परिवारों से उनका सदैव लगाव रहा है।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063